जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 303 प्रभात जालोर, शनिवार 8 फरवरी, 2025 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## 'महाराष्ट्र में टोटल वयस्क जनसंख्या से ज्यादा वोटर कैसे हो गये?'

### राहुल गांधी ने प्रैस कॉन्फ्रैंस में यह सवाल पूछा, चुनाव आयोग से

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 फरवरी। देश के चुनावी तंत्र से संबंधित चिंता को स्वर देते हुये, कांग्रेस, शिव सेना (यूबीटी) तथा एनसीपी (एसपी) ने आज महाराष्ट्र की मतदाता सूचियों में अनियमितताओं को रेखांकित किया और कहा कि लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों के बीच, राज्य में कुल 39 लाख मतदाता जोड़े गये।

- राहुल ने कहा, सरकारी आकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में 9.54 करोड़ वयस्क हैं, जो वोट करने का अधिकार रखते हैं, परन्तु, चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट के अनुसार, महाराष्ट्र में 9.7 करोड़ मतदाता बताये गये हैं।
- राहुल ने यह भी कहा कि, लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव के पाँच महीने के अंतराल में 39 लाख नाम जोड़े गये वोटर लिस्ट में। यह संख्या हिमाचल की जनसंख्या से ज्यादा है।
- पर, इससे पहले 2019 व 2024 के बीच पाँच साल में कुछ 32 लाख की वृद्धि हुई थी, वोटरों की संख्या में। यह पाँच साल की वृद्धि, विधानसभा चुनाव के पहले के पाँच महीनों में हुई वृद्धि से कम है।
- राहुल का यह भी दावा है कि वोटर संख्या में हुई वृद्धि केवल भाजपा के वोट शेयर में हुई, क्योंकि कांग्रेस, शिव सेना, पंजाब की पार्टी के गठबंधन ने अपना वोट शेयर तो बरकरार रखा।
- राहुल ने चुनाव आयोग से विधानसभा व लोकसभा की वोटर लिस्ट मांगी, जो उन्हें अभी तक नहीं मिली है, अतः वे अब इस मुद्दे पर न्यायालय का दरवाजा खटखटायेंगे।

अप्रत्याशित रूप से त्वरित प्रतिक्रिया देते हुये, चुनाव आयोग ने कहा कि वह इसका जवाब लिखित में देगा।

यहाँ एक संयुक्त प्रैस कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुये, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जोर देते हुये कहा कि महाराष्ट्र में पिछले दोनों चुनावों के बीच जोड़े गये कुल मतदाताओं की संख्या हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य की जनसंख्या के बराबर है। उन्होंने चुनाव आयोग से अनुरोध किया कि वह उन्हें मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराये तथा इस मुद्दे पर अपनी स्थिति साफ करे।

राहुल गांधी ने कहा, "हमारी टीम ने बड़ी सावधानी से मतदाता सूची तथा वोटिंग पैटर्न का अध्ययन किया है और हम पिछले कुछ समय से इस पर काम कर रहे हैं। दुर्भाग्यवश, हमें अनेक "अनियमितताएं" मिली हैं। देश और खासतौर से युवाओं, जो लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं तथा उसके पक्षधर हैं, के लिये इन निष्कर्षों को समझना तथा उनके प्रति सचेत रहना बहुत आवश्यक है।"

उन्होंने जोर देते हुये कहा कि जोड़े गये अधिकांश वोट भाजपा के पक्ष में गये हैं, क्योंकि विधानसभा चुनावों में विपक्षी दलों का वोट शेयर यथावत् रहा है।

एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले तथा शिव सेना के संजय राउत के बीच में बैठे राहुल गांधी ने कहा कि सरकारी आँकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र की वयस्क-जनसंख्या 9.4 करोड़ है, जबकि राज्य के वोटरों की संख्या 9.7 करोड़ है।

एक समाचारी एजेंसी ने उन्हें यह कहते हुये उद्धृत किया कि "2019 के विधानसभा चुनावों तथा 2024 के लोकसभा चुनावों के बीच के पाँच वर्षों में, 32 लाख वोटर जोड़े गये थे। लेकिन, 2024 के लोकसभा चुनावों, जिनमें ये पार्टियाँ (कांग्रेस, एनसीपी (एसपी) तथा शिव सेना (यूबीटी)) चुनाव जीती थीं, और इन विधानसभा चुनावों के बीच के 5 महीनों में 39 लाख वोटर जोड़े गए। प्रश्न यह है कि ये 39 लाख वोटर

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## हाई कोर्ट ने हैरिटेज मेयर के निलम्बन पर जवाब मांगा

जयपुर, 7 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने पट्टे जारी करने की एवज में रिश्वत से जुड़े मामले में हेरिटेज नगर निगम के मेयर पद से मुनेश गुर्जर को निलंबित करने के मामले में राज्य सरकार से एक सप्ताह में जवाब देने को कहा है।

जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने ये आदेश मुनेश गुर्जर की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता को न तो प्राथमिक जांच से पहले सुनवाई का मौका दिया गया और न ही निलंबन से पहले जवाब

- जस्टिस महेन्द्र गोयल ने मुनेश गुर्जर की याचिका पर राज्य सरकार को एक सप्ताह में जवाब देने को कहा।

पेश करने का समय दिया गया। राज्य सरकार की यह कार्रवाई प्राकृतिक न्याय के प्रावधानों के खिलाफ है।

याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब देने के लिए तीन दिन का समय दिया गया। जबकि अगले तीन दिनों तक सार्वजनिक अवकाश था और चौथे दिन उसे निलंबित कर दिया गया। इसलिए उसके निलंबन आदेश को रद्द किया जाए। याचिका पर राज्य सरकार की ओर से जवाब के लिए समय मांगा गया।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## 'गाउन बदल जाने से कोई विशेष अधिकार या लाभ नहीं मिलते'

### सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकीलों को "सीनियर एडवोकेट" की पदवी देने को गैर कानूनी मानने से इन्कार किया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें हाई कोर्ट ने 70 वकीलों को सीनियर एडवोकेट की पदवी देने का निर्णय लिया था। कोर्ट ने कहा कि किसी भी वकील को उसके गाउन के आधार पर विशेष सुविधा नहीं दी जाती है।

- सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी कि कुछ वकीलों को "सीनियर एडवोकेट" की पदवी देने से वकीलों में असमानताएं पनपती हैं, जो संविधान की दृष्टि से गलत है, कानून की दृष्टि में सभी वकील बराबर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह तर्क स्वीकार करते हुए याचिका रद्द कर दी।

जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने एडवोकेट मैथ्यूज जे. नेदुमपारा और अन्य द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें यह तर्क दिया गया था कि वकीलों को वरिष्ठ अधिवक्ता और अन्य श्रेणियों में विभाजित करना संविधानिक समानता का उल्लंघन है।

पीठ ने कहा, "हमें नहीं लगता कि इस कोर्ट में किसी को सिर्फ इसलिए बेहतर ट्रीटमैंट मिलता है, क्योंकि उसके पास अलग गाउन है।"

सुनवाई के दौरान, नेदुमपारा ने बंबई हाई कोर्ट में मामलों को सूचीबद्ध करने में हो रही देरी पर चिंता जताई, खासकर जमानत आवेदनों को लेकर। इस पर जस्टिस गवई ने जवाब देते हुए कहा कि न्यायाधीश अक्सर लंबित मामलों को निपटाने के लिए देर तक काम करते हैं। उन्होंने कहा, "न्यायाधीश भी इंसान होते हैं। वे अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं।

जब नेदुमपारा ने त्वरित न्याय के लिए अधिक न्यायाधीशों की नियुक्ति की सलाह दी, तो पीठ ने टिप्पणी की: "अधिक न्यायाधीश नियुक्त करना हमारे हाथ में नहीं है।" याचिका में अधिवक्ता अधिनियम की धारा 16 और 23(5) को चुनौती दी गई थी, जिसमें यह तर्क किया गया था कि वकीलों को दो श्रेणियों में बांटना "कुछ विशेष लोगों को फायदे और विशेषाधिकार" प्रदान करता है।

## कांग्रेस ने मंत्री किरोड़ी लाल के कॉल टैपिंग के बयान पर दो बार कार्यवाही स्थगित कराई

### अपने हाथों में पट्टी बांधकर सदन पहुँचे कांग्रेस विधायकों ने दिन भर नारेबाजी की

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर, 7 फरवरी। मंत्री किरोड़ीलाल मीणा द्वारा अपनी ही सरकार पर फोन टैपिंग का आरोप लगाने का मुद्दा शुक्रवार को विधानसभा में दिनभर गूंजा। कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही प्रश्नकाल से लेकर देर शाम तक इस प्रकरण को लेकर सदन में हंगामा किया। विपक्ष ने वैल में उतरकर मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी की। इस हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही भी 2 बार स्थगित करनी पड़ी। हालात ऐसे रहे कि, राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष ने सदन में अपनी बात तक नहीं रखी। जबकि आमतौर पर मुख्यमंत्री के जवाब से पहले नेता प्रतिपक्ष द्वारा जनहित के मुद्दे उठाकर सरकार को घेरा जाता है।

- स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रश्नकाल चलने दें, शून्यकाल में अपनी बात कहें। पर, विपक्षी विधायकों ने उनकी नहीं सुनी और वैल में आ गये।
- राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष ने सदन में बात तक नहीं रखी थी, जबकि आमतौर पर मुख्यमंत्री के जवाब से पहले नेता प्रतिपक्ष द्वारा जनहित के मुद्दे उठा कर सरकार को घेरा जाता है।

दरअसल शुक्रवार को जैसे ही विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेसी विधायक अपने हाथों पर काली पट्टियां बांधकर सदन में पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने, मंत्री किरोड़ीलाल मीणा द्वारा अपनी ही सरकार पर फोन टैपिंग का आरोप लगाने का मुद्दा उठाया। जूली के साथ-साथ विपक्ष के अन्य सदस्य भी खड़े हो गये और सदन में शोरशराबा करने लगे। जूली ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के इस्तीफे की मांग की। इस पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा कि, प्रश्नकाल बेहद महत्वपूर्ण है, आपको जो भी बात कहनी है, शून्यकाल में कहें। परंतु विपक्षी विधायकों ने स्पीकर की बात को नज़रअंदाज करते हुए हंगामा जारी रखा। देखते ही देखते विपक्ष वैल में आ पहुंचा।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि, राज्य सरकार पर उसी के कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने फोन टैपिंग के आरोप लगाए हैं, जो गंभीर विषय है। इसलिए मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। जूली ने कहा कि कैबिनेट मंत्री का फोन टैप हो रहा है। सरकार, सरकार का फोन टैप करा रही है, मंत्री मुख्यमंत्री पर आरोप लगा रहा है, जब तक मुख्यमंत्री सदन में जवाब नहीं देंगे, कार्यवाही नहीं चलने देंगे।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## शारीरिक शिक्षकों को हटाने से पहले सुनवाई का मौका दें

जयपुर, 7 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने पीटीआई भर्ती-2022 के आवेदन पत्र में मिसमैच से जुड़े मामले में अभ्यर्थियों को राहत दी है। अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि वह पीटीआई पद पर काम कर रहे शिक्षकों को मनमाने तरीके से नहीं हटा सकती। इसके साथ ही, अदालत ने उनके

- जस्टिस समीर जैन ने आवेदन पर पत्र में मिसमैच पर अभ्यर्थियों को राहत दी।

खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने से पूर्व दस्तावेजों की जांच करने और अभ्यर्थियों को सुनवाई का मौका देने को कहा है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने ये आदेश हंसराज गुर्जर व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता आरपी सैनी ने बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने 16 जून 2022 को पीटीआई के 5546 पदों पर भर्ती निकाली थी। इसमें चयन का आधार लिखित परीक्षा थी। याचिकाकर्ताओं ने भर्ती में भाग लेकर मेरिट में स्थान प्राप्त किया और उन्हें 15 दिसंबर 2023 को नियुक्ति दी गई। वहीं, विभाग ने गत 24

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## सेंट स्टीफन्स कॉलेज, आलकन इंटरनैशनल तथा शिव नाडर स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली

### ये स्कूल तुरन्त खाली कराये गये, बम की तलाश में जुटा बम डिस्पोज़ल स्क्वॉड व दिल्ली पुलिस

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 फरवरी। विद्यार्थियों द्वारा अतिवादी साधनों और उपायों का सहारा लेने की खबरें आ रही है, जिनमें बम तथा अन्य दुखद नतीजों की धमकियाँ शामिल हैं। इस प्रकार की खबरें शिक्षा -व्यवस्था में सुधार की त्वरित जरुरत बता रही हैं। भारत में विद्यार्थियों पर परीक्षा का दबाव प्रायः बहुत ज्यादा माना जाता है। इस दबाव और तनाव के पीछे कई कारक होते हैं, जिनमें शैक्षिक आशाएं -अपेक्षाएं, माता-पिता का दबाव तथा सफलता के माप के रुप में परीक्षा में प्राप्त अंकों पर समाज का जोर आदि शामिल हैं।

- दो दिन पहले भी ऐसी ही धमकी के कारण एक नवीं क्लास के स्टूडैन्ट को "डिटैन्शन" में रखा गया था। उस विद्यार्थी ने वीपीएन टैक्नोलॉजी का उपयोग करके अपनी पहचान छुपाने का प्रयास किया था तथा स्कूल "अटैन्ड" न करने की चाह से धमकी दी थी।
- ऐसी ही धमकी दिसम्बर 2024 में भी मिली थी तथा टारगेट था, रोहिणी स्कूल।
- युवाओं में यह धमकी देने की प्रवृत्ति, उन पर शैक्षणिक दृष्टि से उत्तम अंक प्राप्त करने के दबाव को ही माना जा रहा है। क्या परीक्षा प्रणाली बदलने की आवश्यकता है?

इन सुधारों की त्वरित और घोर आवश्यकता शुक्रवार की सुबह उस समय विशेष रुप से सामने आई, जब दिल्ली और नौएडा की कई प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं को बम की धमकियाँ मिलीं। सेन्ट स्टीफन'स कॉलेज, आलकन इन्टरनेशनल स्कूल तथा शिव नाडर स्कूल को ई-मेल के जरिये धमकियाँ मिलीं, जिससे संस्थाओं को तुरंत खाली करना तथा बंद करना जरुरी हो गया। अभिभावकों को सूचना दी गई, तथा जो विद्यार्थी बसों में बैठकर स्कूलों में आ चुके थे, उन्हें वापस घर भेज दिया गया।

अधिकारियों, दिल्ली पुलिस तथा बम -डिस्पोज़ल दस्तों ने गहन खोजबीन की। एक पुलिस बयान के अनुसार, सेन्ट स्टीफन'स कॉलेज को यह धमकी प्रातः 7 बजकर 42 मिनट पर मिली थी, जबकि अन्य संस्थाओं से सम्बंधित जाँच चल रही हैं।

इन घटनाओं के एक दिन पहले, कक्षा 9 के एक विद्यार्थी को गिरफ्तार किया गया था, क्योंकि उसने इसी प्रकार की "फेक" धमकियाँ नौएडा के 4 स्कूलों को भेजी थीं। बताया जाता है कि यह विद्यार्थी अपनी पहचान छिपाने के लिये वीपीएन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया करता था तथा स्कूल आने से बचता था। पुलिस ने उजागर किया कि हाल ही के महीनों बम की बहुत सारी धमकियाँ, जिनमें दिसम्बर 2024 में रोहिणी स्कूलों को निशाना बनाने वाली धमकियां भी शामिल हैं, उन विद्यार्थियों से जुड़ी पाई गईं, जो परीक्षाएं आगे खिसकवाना चाहते थे।

इस प्रकार के गतिरोधों के कारण, उच्च कोटि के सुरक्षा उपाय करने पड़े हैं तथा बड़े पैमाने पर स्कूलों को तुरन्त खाली करना पड़ा है। अधिकारी इस प्रकार की घटनाओं को रोकने की दिशा में काम कर रहे हैं तथा संस्था-परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं।

विद्यार्थियों में इस प्रकार के अतिवादी कृत्यों का सहारा लेने की बढ़ती हुई प्रवृत्ति उस घोर शैक्षिक दबाव को उजागर करती है, जिससे विद्यार्थी जूझ रहे हैं। प्रतिष्ठित कॉलेजों की सीमित सीटों के लिये जबरदस्त प्रतिस्पर्धा,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 फरवरी। शनिवार आठ फरवरी को मतगणना के लिए किए गए सुरक्षा प्रबंध में दिल्ली पुलिस

- दिल्ली में मतगणना दिवस पर पैरा मिलिटरी फोर्सेज़, दिल्ली पुलिस आदि की कड़ी सुरक्षा की गई है, मतगणना केन्द्रों पर।

कर्मियों के अलावा पैरामिलिटरी फोर्स की दो कंपनियाँ भी शामिल हैं। मतगणना केन्द्रों पर सैलफोन ले जाने की अनुमति नहीं है।

अधिकारियों ने पुष्टी की है कि दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना से पूर्व शनिवार को दिल्ली के समस्त 19 मतगणना केन्द्रों पर "थ्री टियर सिक्युरिटी" के इंतजाम किए गए है। स्पैशल कमिश्नर ऑफ पुलिस देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि मतगणना के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## 'कांग्रेस को 20-25 साल भजन करना पड़ेगा'

### विधानसभा में जवाब देते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि कांग्रेस वोट के लिए चन्द्रमा पर भी प्लॉट काट सकती है

जयपुर, 7 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस का जवाब दिया। मुख्यमंत्री के पूरे भाषण के दौरान, कांग्रेस विधायकों ने हंगामा किया और नारे लगाते रहे। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल में देश को लूटने का काम किया। जब भी चुनाव आते हैं, यह झूठ और लूट की नीति शुरू कर देती है। अगर राजनीतिक फायदा होता हो तो कांग्रेस चांद पर प्लॉट देने का वादा करने से भी नहीं चूकेगी।

राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली नहीं बोले। इस पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वंचित वर्ग से आने वाले नेता प्रतिपक्ष को नहीं बोलने देने का कांग्रेस ने षड्यंत्र किया है। कांग्रेस ने बाबा साहब के साथ जैसा बर्ताव किया, वैसा टीकाराम जूली के साथ किया। मुख्यमंत्री का भाषण खत्म होने के बाद विधानसभा की कार्यवाही 19 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस का जवाब दिया। मुख्यमंत्री के पूरे भाषण के दौरान, कांग्रेस विधायकों ने हंगामा किया और नारे लगाते रहे।*

- मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने षड्यंत्र कर वंचित वर्ग से आने वाले प्रतिपक्ष के नेता को नहीं बोलने दिया। टीकाराम जूली के साथ नौकर जैसा ही बर्ताव किया, जैसा बाबा साहब के साथ किया था।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विधानसभा में जो नारे लगा रहे हैं, उनमें से 40 प्रतिशत भी वापस जीत कर नहीं आयेंगे, क्योंकि ये राजस्थान के आम किसान और मजदूर की बात नहीं सुन सकते।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विपक्ष को चेतावनी देते हुए कहा कि मैं ब्याज सहित कर्ज चुकाता हूं, किसी मुगालते में मत रहना। मैं वह नहीं हूं, जो तुम जान रहे हो, पहचानने में गलती कर रहे हो। मैं ब्याज सहित देने वालों में हूं, आपकी गलतफहमी भी निकल जाएगी कि मुख्यमंत्री कैसा है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि यह भजन तो आपको 20-25 साल करना पड़ेगा। आपके हाथ तंबूरा आने वाला है। भजन का नाम तो आपको दिन रात लेना पड़ेगा। आपको नींद नहीं आएगी। इनको भजन के बिना नींद नहीं आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा- कांग्रेस के लोग मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। कांग्रेस राजस्थान में आगे 25-30 साल भी सत्ता में आने वाली नहीं है। शर्मा ने कहा कि आज जो नारे लगा रहे हैं, इनमें से 40 प्रतिशत लोग भी वापस जीतकर नहीं आएंगे, क्योंकि ये राजस्थान के आम किसान और मजदूर की बात नहीं सुन सकते। मैंने प्रतिपक्ष के नेता को बुलाकर कहा कि आपके इलाके में जनता के कौन-कौन से काम हैं, बता दीजिए। मैंने विपक्ष के नेताओं के इलाकों में भी काम करवाने के लिए बजट दिया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारे कई साथी कह रहे थे कि पूर्वी राजस्थान कैनाल परियोजना (ईआरसीपी) का नाम बदल दिया। अरे राजस्थान का 'रा' और मध्य प्रदेश का 'म' मिलकर अपने

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## अमेरिका से पहले फ्रांस जायेंगे प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली, 07 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर 12 एवं 13 फरवरी को वाशिंगटन की यात्रा करेंगे। मोदी 10 एवं 12 फरवरी को फ्रांस में एआई शिखर सम्मेलन में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ सह

- फ्रांस में एआई शिखर सम्मेलन में वे राष्ट्रपति मैक्राँ के साथ सह-अध्यक्षता करेंगे।

अध्यक्षता करेंगे और वहीं से वाशिंगटन रवाना हो जाएंगे।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के दूसरे राष्ट्रपति कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली अमेरिका यात्रा होगी। मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के शपथ

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

CMYK

## विचार बिन्दु

**मन की एकाग्रता मनुष्य की विजय शक्ति है। यह मनुष्य जीवन की समस्त शक्तियों को समेट कर मानसिक क्रांति उत्पन्न करती है। -अज्ञात**

# माइनिंग सेक्टर में परचम फहराता राजस्थान

राजस्थान खनिजों की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश हैं। राज्य में उपलब्ध 82 प्रकार के खनिजों में से राज्य में 57 खनिजों का व्यवसायिक स्तर पर खनन किया जा रहा है, जिससे वर्तमान में लगभग 35 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है। राज्य सरकार ने एक बात साफ समझी है कि बेशकीमती खनिजों के अवैध खनन पर अंकुश लगाने का सबसे कारगर तरीका खनिज क्षेत्रों के ब्लॉक या प्लॉट तैयार कर इन्हें पारदर्शी से तरीके से ई पोर्टल के माध्यम से नीलाम किया जाए। इससे अवैध खनन का एक कारण पर तो रोक लग ही सकती है। क्योंकि खानधारक अपने क्षेत्र में तो दूसरे को अवैध खनन गतिविधि नहीं चलाने देगा। माइनिंग सेक्टर में परचम फहराने के राजस्थान ने योजनावद्ध प्रयास किये हैं। एक और एक्सप्लोरेशन गतिविधियों को गति दी गई है तो मेजर और माइनर मिनरल ब्लॉक तैयार कर ऑक्शन को प्राथमिकता दी गई तो दूसरी और खनन क्षेत्र में सरलीकरण, पारदर्शिता और निवेश, रोजगार व रेवेन्यू की राह प्रशस्त की गई।

माइनिंग सेक्टर के महत्व को रुस यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में अमेरिका की हालिया नीति के चलते आसानी से समझा जा सकता है। अमेरिका की यूक्रेन की खनिज संपदा पर नजर है और वह चाहता है कि यूक्रेन को सहयोग करने के बदले में यूक्रेन की खनिज संपदा के दोहन का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से अधिकार अमेरिका को मिल जाए। यही हालात दुनिया के दूसरे देशों की है। आज चीन की मोनोपोली से सभी देश गले तक भर आये हैं वहीं दुनिया के देश खनिज संपदा के भण्डारों की खोज व खनन के विकल्प ढूंढने लगे हैं। यही कारण है कि पिछले एक दशक में मिनरल एक्सप्लोरेशन के कार्य में तेजी आई है। हमारे देश में सतत खनन विकास पर जोर दिया जाने लगा है और 2016-17 से मेजर हो या माइनर मिनरल सभी माइंस नीलाम करना अनिवार्य कर दिया गया है। बदली परिस्थितियों में यह भी साफ हो जाना चाहिए कि सरकारों की ईच्छा शक्ति पर बहुत कुछ निर्भर करता है। इसका ताजातरीन उदाहरण राजस्थान सरकार और राजस्थान का खान एवं भूविज्ञान मंत्रालय है। देश-दुनिया में अवैध खनन गतिविधियों के लिए कुख्यात माइनिंग सेक्टर को नई पहचान देने के कारगर प्रयास राजस्थान में भजन लाल शर्मा सरकार ने कर के दिखाया है। केवल एक साल की समयावधी में ही माइनिंग सेक्टर में राजस्थान समूचे देश में लंबी छलांग लगाने लगा है। दिसंबर, 24 में सरकार ने कार्यभार संभालते ही माइनिंग सेक्टर में दो दिशाओं में तेजी से कदम बढ़ाये। पहला अवैध खनन गतिविधियों पर कारगार अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया तो दूसरी और सरकार ने साफ संदेश दे दिया कि खनिज बहुल क्षेत्रों की एक्सप्लोरेशन रिपोर्ट का अध्ययन करते हुए डेलिनियेशन और प्लॉट व ब्लॉक तैयार करने के कार्य को प्राथमिकता दी जाए और विभाग इन तैयार प्लॉटों व ब्लॉकों की नीलामी का रोडमेप बनाकर पारदर्शी ऑक्शन प्रक्रिया को अमली जामा पहुंचायें। सरकार की मंशा के अनुसार विभागीय अमला भी जुट गया और नई सरकार बनने के तीन माह में ही 15 मेजर मिनरल ब्लॉकों का भारत सरकार के पोर्टल पर ई-नीलामी की गई तो एक साल से कुछ ही अधिक समय में नई सरकार बनने के बाद के जनवरी, 25 तक 15 ब्लॉकों सहित 15 जोड़ 33 ब्लॉक कुल 48 मेजर मिनरल ब्लॉकों की सफल नीलामी कर नया इतिहास रच दिया गया। राज्य सरकार की उपलब्धि को केन्द्र सरकार द्वारा भी सराहा गया और इसी 20 जनवरी, 25 को ओडिशा के कोणार्क में आयोजित नेशनल मांइस मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेस में वर्ष 2023-24 में देश में सर्वाधिक मेजर मिनरल ब्लॉक के ऑक्शन करने पर राजस्थान को प्रथम पुरस्कार देकर राजस्थान के प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। जिस तरह के आंकड़ें भारत सरकार के पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे हैं उससे साफ हो जाता है कि वर्ष 2024-25 में भी राजस्थान मेजर मिनरल ब्लॉकों की ई-नीलामी में समूचे देश में शीर्ष पर रहेगा।

**केवल एक साल की समयावधी में ही माइनिंग सेक्टर में राजस्थान समूचे देश में लंबी छलांग लगाने लगा है। दिसंबर, 24 में सरकार ने कार्यभार संभालते ही माइनिंग सेक्टर में दो दिशाओं में तेजी से कदम बढ़ाये। पहला अवैध खनन गतिविधियों पर कारगार अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया तो दूसरी और सरकार ने साफ संदेश दे दिया कि खनिज बहुल क्षेत्रों की एक्सप्लोरेशन रिपोर्ट का अध्ययन करते हुए डेलिनियेशन और प्लॉट व ब्लॉक तैयार करने के कार्य को प्राथमिकता दी जाए और विभाग इन तैयार प्लॉटों व ब्लॉकों की नीलामी का रोडमेप बनाकर पारदर्शी ऑक्शन प्रक्रिया को अमली जामा पहुंचायें।**

देश दुनिया में माइनिंग सेक्टर की जो इमेज रही है उसे देखते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने खान मंत्रालय की जिम्मेदारी अपने पास रखी और कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में पिछले एक साल में माइनिंग सेक्टर ने खनिज खोज से लेकर माइनर एवं मेजर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन, एमनेस्टी योजना, ड्रोन सर्वे, एकबारीय समाधान योजना, नई और प्रगतिशील खनिज नीति, एम-सेण्ड नीति, माइनिंग सेक्टर में औद्योगिक निवेश और रोजगार के विपुल अवसर सृजित करने के अवसर विकसित कर दिए हैं। 2017 में केन्द्र सरकार ने तय किया कि देश में सभी जगह माइनिंग मिनरल्स की खुले ऑक्शन के माध्यम से ही दिए जाएंगे। इससे बहुत हद तक माइनिंग मिनरल्स की बंदर बांट पर रोक लग सकी। केन्द्र सरकार ने मेजर मिनरल्स के ऑक्शन की स्वयं के स्तर पर भी मोनेटरिंग आरंभ कर व्यवस्था को पारदर्शी और खनिज प्रधान प्रमुख राज्यों के बीच स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा की राह प्रशस्त की है। इसे देश के खनिज क्षेत्र का अग्रणी कदम माना जा सकता है।इससे बहुत हद तक बेशकीमती खनिजों के अवैध खनन को रोका जा सकता है। वैध खननधारक पर भी अवैध खनन गतिविधियों के लिए अब राज्य सरकार ड्रोन से एसेसमेंट अनिवार्य करने जा रही है। इसी तरह के अन्य सुधारात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। ऐसे में राजस्थान ही नहीं देश के खनिज प्रधान अन्य राज्यों की सरकारों को भी एग्रेसिव कदम उठाने होंगे ताकि देश की खनिज संपदा के अवैध खनन से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। इसके साथ ही वैध खनन और सस्टेनेबल माइनिंग पर जोर देकर खनिज संपदा का बेहतर दोहन हो सके।

**-अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शनिवार 8 फरवरी, 2025



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, मृगशिरा नक्षत्र सायं 6:07 तक, वैधृति योग दिन 2:04 तक, वणिज करण प्रातः 8:51 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 6:21 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-वृष, मंगल-मिथुन, बुध-मकर, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज रवियोग सायं 6:07 तक है। भद्रा प्रातः 8:51 से रात्रि 8:16 तक रहेगी। आज जया एकादशी व्रत, भौमी एकादशी, वैधृति पुण्य है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:34 से 9:57 तक, चर 12:41 से 2:03 तक, लाभ-अमृत 2:03 से 4:47 तक।


**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:12, सूर्यास्त 6:10



**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।



**धनु**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आज परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।



**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।



**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।



**मकर**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।



**तुला**
व्यावसायिक परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।



**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विचार-विमर्श हो सकता है। व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# "मुस्कुराइए, मगर सलीके से"



राजेन्द्र मोहन शर्मा

कबीर कहते हैं कि---

**"बोली ठोली मसखरी, हंसी खेल हराम।**
**मद माया और नाचन गावन, संतों के नहीं काम॥"**

अर्थात भले आदमी वही हैं जो सिर्फ अच्छी चर्चा करे। यह लोक हंसने खेलने का नहीं, यहां तो रोज ही मौत होती है। जब अपने सतगुरु की चाह बनेगी तो यह सब नाचना गाना हंसी सब बन्द हो जाएगी।

कबीर ने कितना सटीक लिखा कि अनुचित बोली, मसखरी करना और अनुचित हंसी भले लोगों की पहचान नही है। अमेरिका के 39 वें राष्ट्रपति रहे जिमी कार्टर का निधन सौंवे वर्ष में पिछले महिने हुआ था। उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा जिनकी एक मुस्कुराती हुई तस्वीर सोशल मीडिया में खूब वायरल हुई। जैसे ही यह तस्वीर सोसयल मीडिया पर वायरल हुई दुनिया भर में लोगों ने खूब ट्रोल किया, दरअसल किसी गमी में, शोक सभा में या किसी दुखद घटना में शामिल व्यक्तियों से यह सामान्य अपेक्षा है कि वे उस समय हंसे-मुस्कुराएं नही जब माहौल असाधारण हो। यह केवल अमेरिका का उदाहरण नही है, दुनियाभर से रोजाना ऐसी ही तस्वीरें और रील्स वायरल होती रहती हैं। अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश के शहर में एक स्त्री का भाई मर गया, उसकी पत्नी पास बैठकर रो रही है और बहिन मुस्कुराते हुए रील बना रही है। अब बताएं कुछ कहना शेष रह गया है क्या। कुछ ऐसे ही नजारे हमें संसद और विधानसभाओं में भी खूब देखने को मिलते हैं। शूर्पणखा की हंसी का मामला हो या गले मिलकर मुस्कुराने का। हमारी विधायिकाओं और नगर पंचायतों के तो हाल ये है कि यह पता ही नही चलता कि हमारे जनप्रतिनिधि मुस्कुराते हुए कब अचानक दांचभींच कर लात-मुक्कों पर उतर आएंगे।

**"जो तुम इतना मुस्कुरा रहे हो**
**क्या ग़म है जो छिपा रहे हो"**

अब कहां ऐसे पारखी और कहां वे मुक्कमल किरदार।

तो क्या हमें हंसना मुस्कुराना मना है? नही, लेकिन लगता है जैसे सलीके से हंसना-मुस्कुराना लुप्त हो गया है। हंसी को अच्छे स्वास्थ्य का उत्तम खजाना और चेहरे की मांसपेशियों का व्यायाम कहा जाता है। बाबा रामदेव तो अपनी योगिक क्रियाओं में हास्यासन को खूब भुना रहे हैं। लेकिन जैसे जबरन हंसना किसी को भी नही पचता वैसे ही असमय का हंसना या अकारण हंसना-मुस्कुराना भी बहुत बुरा लगता है। हमारे धर्म शास्त्रों और नीति शास्त्रों में लोक व्यवहार की दृष्टि से बहुत सी बातें सिखाई गई हैं। जिसमें यह भी बताया गया है कि मनुष्य को कब कहां कैसे कितना हंसना चाहिए स्त्री पुरुष और बालक-बालिकाओं को भी इस तरह की व्यापक शिक्षाएं दी गई हैं। आप हम सब को अपने स्कूल के दिन याद होंगें तब कोई बच्चा अकारण हंस पड़ता था तो उसे खूब डांट पड़ती थी। बच्चों के सलीके से हंसने-हंसाने की तहजीब सिखाई जाती थी।

लेकिन अब नीति शास्त्र की बात कौन सुनता है और समझता है जिसे देखो वह अपनी ही नीति और अपना ही शास्त्र तैयार कर रहा है। हंसने-हंसाने का दौर भले ही व्यापार बन गया हो और कॉमेडी की दुनिया में हंसाने के नाम पर करोड़ों रुपए लूटे जा रहे हों लेकिन समाज में कायदे से हंसने-हंसाने का दौर समाप्त हो गया है। हंसी का व्यापार और बाजार तो खूब सज गया है लेकिन इसमें शामिल फूहड़ता, अश्लीलता और दोअर्थी संवादों ने हमें सीधे अधोगति के दर्शन करा दिए हैं।

आज बॉलीवुड में भी बनावटी हंसी का दौरा खूब फल फूल रहा है। और इसके विपरीत हमारे लोक प्रशासक मानो हंसना ही भूल गए हैं। पता नहीं मसूरी की लाल बहादुर शास्त्री अकादमी में ऐसा कौन सा पाठ पढ़ाया जाता है जिससे वहां से निकलने वाली पूरी की पूरी जमात ही लोगों के साथ जब मिलती है तो मानो ऐसा लगता है कि यह जन्मजात हंसने से वंचित रहे लोग की जमात है। उनका चेहरा देखिए हरदम उखड़ा हुआ गंभीर और अनावश्यक तनाव से भरा हुआ पायेंगे और सामने वाले पर पूरी तरह हावी होने के भाव के साथ व्यवहार करते हैं। मेरा मसूरी और उत्तराखंड से बहुत निकट का संबंध है मैंने देखा है कि यहां के लोग बहुत जीवन्त हंसमुख और व्यवहार कुशल हैं इसलिए यह कहना तो उचित नहीं होगा कि मसूरी के पानी में कोई दोष है। लगता है मसूरी की ट्रेनिंग में जरूर कोई दोष है जो हमारे लोक प्रशासकों को गलत ढंग के दीक्षा दे रहा है। लोकतांत्रिक समाज में लोक प्रशासक का हंसमुख चेहरा अनेक समस्याओं का समाधान कर देता है शिकायत लेकर आने वाला आम आवाम जब प्रशासक से मिलता है और वह हंस कर मुस्कुरा कर उसका स्वागत कर देता है और दो मीठे बोल बोल देता है तो उससे आधी समस्याएं तो वैसे ही समाप्त हो जाती हैं। हम सब जानते हैं कि हम लोग प्रायः जब बीमार होते हैं तो जिस डॉक्टर के पास परामर्श और चिकित्सा के लिए जाते हैं यदि उसके चेहरे पर मुस्कुराहट है और आत्मविश्वास से भरा हुआ चेहरा मरीज को थपथपाता है तो यकीन मानिए मरीज की आधी बीमारी तो अपने आप ही ठीक हो जाती है।

हमारे राजनेता इसके ठीक विपरीत है उन्हें बिचारों को यह पता ही नहीं है कि कहां हंसना है और कहां रोना है जहां जनता दुख दर्द से कराह रही होती है बाढ़ में डूब रही होती है या फिर कहीं आग लगी होती है वहां वे जब फेरा करने जाते हैं तब उनके चेहरा देखिए लगता है जैसे किसी गुलशन में आ गए हों। अरे भाई आप किसी की गमी में आए हैं किसी वैवाहिक समारोह में नहीं इतना तो समझिए कि कहां मुस्कुराना है। हवाई दौरा करते हुए जो राजनेता अपने साथ लेकर गए बाढ़ में डुबोई क्षेत्र का अवलोकन कर रहे होते हैं तो साथ बैठे कैमरामैन को हिदायत देते हैं की फोटो लेना और मजे की बात देखिए हमारे यहां फोटो का मतलब ही चेहरे पर मुस्कुराहट लाना है। यह तो समझिए कि आप बाढ में डूबे हुए लोगों के प्रति हमदर्दी दिखाने आए हैं ना कि अपना फोटो खिंचवाने।

हां अभी तक सहज, सरल और मिलावट रहित हंसी अगर किसी जगह सुरक्षित है तो वह है हमारे देश के बच्चों का बचपन। बाल्यकाल में उनके चेहरे के मुस्कुराहट में किसी तरह की मिलावट नहीं है और ना ही कोई दिखावटी बात। खिलखिलाती हंसी और चिड़िया जैसा कलर देखना सुनना हो तो वह हमारी किशोरियों के पास देखा जा सकता है। अट्टहास करते हुए ठहाके अगर आपको सुनने हों तो हमारे युवाओं के पास बैठ जाइए लेकिन यह सब इन्ही समूह तक सीमित है। हां अगर आप कहीं साहित्यकारों के समूह के निकट से गुज़रे और वहां आपको हंसी सुनाई दे तो गौर कीजिएगा वहां ईर्ष्या की लपटें और उपहास के भाव भी साथ ही फड़फड़ा रहे होंगे।

अगर आप कार्पोरेट कलचर की बात करेंगे या फिर आधुनिक टेक्नोलॉजी से युक्त युवाओं के दफ्तरों में सैर करेंगे तो पाएंगे मानो आप यंत्रबद्ध लोगों के बीच आ गए हैं। हजारों लोग जिस दफ्तर में काम कर रहे हो वहां केवल सांस गिनी जा सकती हैं। ना कोई किसी को देख रहा है, ना कोई किसी से बात कर रहा है, और ना कोई हंस रहा है ना मुस्कुरा रहा है। यहां हंसी इतनी दुर्लभ है की आपको अगर कोई चुटकुला याद आ जाए और आप लोगों के समूह में चिल्ला कर इसे सुना कर लौट आएं तो भी आपको वहां से हंसी की एक भी कलर लौटकर सुनाई नहीं देगी। यंत्रबद्धता ने हमारे जीते जागते युवाओं को रोबोट बना दिया है। उनकी भावनाएं उनके लिए रीत गई हैं। और वे काम के दबाव में इस हद तक परेशान हो चुके हैं कि हम रोज ही कहीं न कहीं से उनकी आत्महत्याओं के समाचार सुनने के लिए विवश हैं। हमारे कारपोरेट दफ्तरों को इस दिशा में बहुत ध्यान देना चाहिए जो प्रोडेक्टिव ऊर्जावान युवा टीम उनके साथ काम कर रही है उसे कैसे प्रसन्न रखा जाए और कब कैसे उनके साथ हंसी मजाक का वातावरण बनाकर काम को सरल और सुगम बनाया जाए। यह तरीका निरंतर खोजते रहना चाहिए और प्रयोग में लाते रहना चाहिए।

दरअसल, स्वाभाविक हंसी को हमने खुद ही नियंत्रित कर लिया है। सीमित हंसी हम अब यदा-कदा सोशल मीडिया पर हंसते हैं। कभी फेसबुक पर आए कमेंट पढ़कर। कभी वॉट्सएप पर चुटकुला पढ़कर। कभी ट्विटर पर किसी को ट्रोल होते देखकर। सोशल मीडिया पर आने जाने वाली हंसी को बाहरी कोई व्यक्ति देखता नहीं सो आसपास बैठे व्यक्ति को भ्रम हो सकता है कि भाई इस आदमी का मानसिक स्वास्थ्य तो ठीक है या नही।

जैसे-जैसे आप समाज के उच्च तबके की ओर बढ़ेंगे लगता है जैसे हंसी उनके लिए बोझ बन गई है जीवन में हंसना और मुस्कुराना आवश्यक है लेकिन यह मुस्कुराहट अगर कोई फसाद पैदा कर दे और इतिहास में इस मुस्कुराहट को द्रोपदी की मुस्कुराहट के नाम से जाना जाए तो आप समझ सकते हैं ऐसे मुस्कुराहट कितनी भयंकर होती है। हम तो आए दिन समाचार पढ़ते रहते हैं कि गांव में, शहरों में गलियों में बात बता पर व थोड़े से हंसी मजाक में कितने बड़े-बड़े फसाद हो जाते हैं। जो समाज सलीके से हंसना-मुस्कुराना भूल जाता है वह समाज केवल अपने जीवन को यंत्रबद्ध कर यंत्रणा झेलने के लिए विवश हो जाता है।

**-राजेन्द्र मोहन शर्मा,**
**साहित्यकार, शिक्षाविद एवं चिंतक**

# भीलवाड़ा महोत्सव-2025 की रंगारंग शुरुआत, लोक संस्कृति के रंग बिखरे

## शहनाई की गूंज से महोत्सव का हुआ शुभारंभ, जिलेवासियों में उत्साह और उमंग का माहौल

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाड़ा महोत्सव-2025 का शुभारंभ हो गया है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को चित्रकूट धाम से महोत्सव की शुरुआत की। इस अवसर पर जिलेवासियों में उत्साह और उमंग का माहौल दिखा। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन ओमप्रकाश मेहरा, अति. जिला कलेक्टर शहर प्रतिभा देवतिया सहित जिला स्तरीय अधिकारी, कार्यक्रम के नोडल और सहनोडल अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, कलाकार, प्रतिभागी और आमजन मौजूद रहे।



महोत्सव के दौरान, जिले के विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**■ उदयलोक कला केंद्र बागौर के कलाकारों ने राजस्थान का प्रसिद्ध लोकनृत्य कच्छी घोड़ी नृत्य किया, जो आकर्षण का केंद्र रहा**

महोत्सव में विभिन्न लोकनृत्यों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। उदयलोक कला केंद्र बागौर के कलाकारों ने राजस्थान का प्रसिद्ध लोकनृत्य कच्छी घोड़ी नृत्य किया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा, मयूर नृत्य और रिंग नृत्य का भी प्रदर्शन किया गया। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारियों ने चित्रकूट धाम में लगी विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया। अंतर्राष्ट्रीय बहरूपिया कलाकार जानकीलाल ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस महोत्सव के माध्यम से लोक संस्कृति के विभिन्न रंगों को प्रदर्शित किया गया। जिला कलेक्टर ने जिलेवासियों से मिलकर भीलवाड़ा महोत्सव का आनंद लेने की अपील की। यह महोत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का एक अद्भुत अवसर है।

महोत्सव के दौरान, जिले के विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों को मंत्र मुग्ध सा कर दिया।

भीलवाड़ा महोत्सव एक ऐसा अवसर है जो हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझने और उसका आनंद लेने का मौका देता है। यह महोत्सव हमें अपने समाज की विविधता और समृद्धि को देखने का अवसर प्रदान करता है।

इस महोत्सव के लिए जिला प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। चित्रकूट धाम को सजाया गया है और विभिन्न स्टॉल्स लगाई गई है। महोत्सव के दौरान, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला कोषाधिकारी टीना रोलानिया, जिला उद्योग केंद्र से राहुल देवसिंह, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अरूणा गारू व योगेश पारीक, जिला रसद अधिकारी अमरेंद्र मिश्रा, जिला खेल अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भू-ओलंपियाड-2025 की प्रवेश परीक्षा आज

## परीक्षा में राजस्थान के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे, डूंगर महाविद्यालय में होगी परीक्षा

**बीकानेर, (निसं)।** राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर के भू-गर्भ विभाग में अन्तर्राष्ट्रीय भू-विज्ञान ओलंपियाड-2025 के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा नौ फरवरी को आयोजित की जाएगी।

इस परीक्षा में राजस्थान के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। जियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस परीक्षा के लिए डूंगर महाविद्यालय को अधिकृत परीक्षा केंद्र के रूप में चुना गया है। परीक्षा केंद्र के समन्वयक एवं भूगर्भ विभागाध्यक्ष प्रो. देवेश खंडेलवाल ने बताया कि यह परीक्षा कक्षा 8वीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है। परीक्षा के आधार पर पूरे भारत से 25 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा, जो तीन सप्ताह के विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे।

**■ परीक्षा के आधार पर पूरे भारत से 25 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा, जो तीन सप्ताह के विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे**

इसके बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार छात्र भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड 2025 में शामिल होंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. राजेन्द्र पुरोहित ने कहा कि यह परीक्षा भू-विज्ञान में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर है। इस राष्ट्रीय परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 18 जनवरी थी और इसमें लड़कों के लिए 200, जबकि लड़कियों के लिए100 रुपये पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया था। परीक्षा का आयोजन सुबह दस बजे से डूंगर महाविद्यालय के भूगर्भ विभाग में किया जाएगा।

# भीण्डर के कई रास्ते खस्ताहाल, घटिया निर्माण से कई जगह डामर उखड़ी

## जलदाय विभाग ने डेढ़ वर्ष पहले खोदी सड़क की अभी तक मरम्मत नहीं की

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर में पेयजल सप्लाई के लिए डाली गई नई पाइप लाइनों के लिए कई जगह पर डेढ़ वर्ष पहले खोदी सड़क की अभी तक मरम्मत नहीं की गई है। वहीं जिन सड़कों पर मरम्मत की गई वहां की डामर दो-चार दिन बाद ही उखड़ गई। जलदाय विभाग के घटिया कार्य के चलते आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गत माह पालिका बोर्ड बैठक में भी पार्षदों ने ये मुद्दा उठाया था, जिस पर वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी ने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता परसाराम व कनिष्ठ अभियंता इम्तियाज हुसैन को निर्देश दिये थे, लेकिन बोर्ड बैठक को एक माह गुजर जाने के बाद भी विभाग के अधिकारियों ने कोई कदम नहीं उठाया।

भीण्डर के वार्ड 6 में क्रेशर रोड पर करीब डेढ़ वर्ष पहले अक्टूबर 2023 में पाइन लाइन के लिए सड़क के दोनों तरफ खुदाई की थी, उस समय ये सड़क भी नई बनाई हुई थी। जलदाय विभाग ने यहां पाइप लाइन डालकर घर-घर नल कनेक्शन भी दे दिये, लेकिन करीब डेढ़ वर्ष गुजर जाने के बाद भी अभी तक इस रोड की मरम्मत नहीं की, जबकि इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं जिससे धूल उड़कर घरों में जाने से आमजन परेशान है। इसी तरह खादी भण्डार रोड पर विभाग ने गंदे पानी निकासी के नाले में ही जलदाय विभाग का पाइप डाल दिया, जिससे गंदे पानी अवरोधक हो रहा है और गंदगी फैल रही है। जबकि यहां पाइप लाइन सड़क किनारे डालनी थी।

वहीं चांदपोल स्थित महात्मा गांधी स्कूल के निकट से खादी भण्डार वाले रास्ते पर भी पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़क की भी अभी तक मरम्मत नहीं की गई है। इस सड़क पर पेयजल सप्लाई के अलावा झड़ू बांध की पाइप लाइन भी आ रही हैं जिसके चलते पूरी सड़क ही टूट चुकी है। इसको लेकर कई बार क्षेत्रवासी जलदाय विभाग को मरम्मत करवाने की मांग कर चुके हैं लेकिन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

ओमप्रकाश भोई, पार्षद नगर पालिका भीण्डर का कहना कि मेरे वार्ड में डेढ़ वर्ष पहले खोदी गई सड़क की अभी तक मरम्मत नहीं की गई है। जबकि इसको लेकर मैंने कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया। इनके द्वारा नहीं सुनने पर गत माह बोर्ड बैठक में भी मुद्दा उठाया था और विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिये, उसके बावजूद एक माह गुजर जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ठेकेदारों के आगे जलदाय विभाग के अधिकारियों की नहीं चल रही हैं इसलिए ही काम समय पर नहीं हो रहे है।

परसाराम, सहायक अभियंता जलदाय विभाग भीण्डर का कहना है कि भीण्डर के कुछ क्षेत्र में सड़क मरम्मत का कार्य बाकी है, इसके लिए ठेकेदार को निर्देश दे दिये है। इसके अलावा पाइप लाइन व अन्य मरम्मत व मिट्टी हटवाने का काम जल्द ही कर दिया जायेगा।

## सार-समाचार

### बांठिया ने महाकुंभ में लगाई डुबकी

**बालोतरा**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य व व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक गणपत बांठिया ने उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में चल रहे आस्था के दिव्य-भव्य महाकुंभ के पवित्र संगम में डुबकी लगाकर देश में अमन चैन व खुशहाली की कामना की। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य व व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक गणपत बांठिया ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर बोले कि मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। मां गंगा से समस्त देश-प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। वास्तव में प्रयागराज में आस्था, भक्ति और अध्यात्म का संगम हर किसी को अभिभूत कर रहा है। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ के पवित्र संगम में स्नान करने के बाद वहां पर विराजमान महन्त स्वामी विद्या चैतन्य महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान आस्था के पवित्र महाकुंभ क्षेत्र में श्रीखेतेश्वर बह्मधाम तीर्थ आसोतरा के बह्मसावित्री सिद्ध पीठाधीश्वर तुलछाराम महाराज के शिष्य बह्मचारी वेदांताचार्य डा.ध्यानाराम महाराज से मिलकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि साधु-संत ही हमारी अमूल्य धरोहर है।बांठिया ने श्रीपंचदशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं राष्ट ीय मंत्री अखिल भारतीय अखाडा परिषद महन्त हरि गिरी महाराज, दूधेश्वर महादेव गाजियाबाद मठ के महंत नारायण गिरि महाराज सहित विभिन्न प्रान्तों से आये साधू सन्यासियों के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

### खिलाड़ी जोधपुर से प्रयागराज रवाना

**जोधपुर**, (कासं)। प्रयागराज में आयोजित होने वाले क्रीड़ा भारती खेल महाकुंभ- संवाद संगम 2025 में भाग लेने के लिए क्रीड़ा भारती जोधपुर के पदाधिकारी, सदस्य व खिलाड़ी शुक्रवार को रवाना हुए। महानगर कार्याध्यक्ष वरुण धनाडिया ने बताया कि रातानाडा गणेश मंदिर महंत महेश अबोटी द्वारा विधिवत पूजा कर सभी पदाधिकारी, सदस्य व खिलाडिय़ों को यात्रा की शुभकामनाएं दी गई। खेल महाकुंभ प्रयागराज में 8, 9 व 10 फरवरी में भाग लेने के लिए सभी रवाना हुए। प्रांत सचिव ओमप्रकाश पुरोहित ने बताया कि जोधपुर से आर्चरी खेल प्रतियोगिता में बलवीर सिंह, रामदीन राष्ट्रीय पैरा आर्चरी के खिलाड़ी, घनश्याम सीनियर स्टेट खिलाड़ी भाग लेंगे। जोधपुर से खेल महाकुंभ में भाग लेने वाले खेलों के भविष्य पर विचारों के संवाद में भी भाग लेंगे और भारतीय पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन भी करेंगे। महानगर कार्याध्यक्ष वरुण धनाडिया ने बताया कि भारतीय पारंपरिक खेलों रस्साकस्सी, कबड्डी, सोलह काकरी, गुल्ली डंडा व अन्य खेलों के प्रदर्शन में राजस्थानी वेशभूषा में भाग लेंगे। खेल महाकुंभ में प्रांत अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह जोधा, वीना चौहान, विनोद चौहान, विनोद मिर्धा, भवानी सिंह, अनिल मेहता व अन्य भाग लेंगे।

### नवविवाहिता ने फंदा लगाकर जान दी

**जोधपुर**, (कासं)। कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित मकान के कमरे में गुरुवार देर शाम एक नवविवाहिता ने नसें काटने के बाद फंदा लगाकर जान दे दी। मृतका की 17 दिन पहले ही शादी हुई थी। आत्महत्या का कारण पता नहीं लग पाया है। मृतका के भाई ने बताया कि कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी नवविवाहित उसकी बहन रूबी ने शाम को फंदा लगाकर आत्महत्या की है। शाम को वह उससे मिलने गया था। बहन ने तैयार होकर आने का कहा और अपने कमरे में चली गई। तब वह प्रथम मंजिल पर जीजा से मिलने गया। कुछ ही देर में भांजी आई और रूबी के कमरे में बंद होने की जानकारी दी। परिजन नीचे आए और खिड़की से देखा तो रूबी फंदे पर लटकी नजर आई। घरवाले किसी तरह कमरे में गए और महिला को नीचे उतारकर एम्स ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के हाथ की नसें भी कटी हुई थी। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया। देर रात कुड़ी भगतासनी थाना पुलिस एम्स मोर्चरी पहुंची और मृतका के अन्य परिजन को सूचित किया। मृतका के भाई का कहना है कि रूबी की शादी गत 21 जनवरी को ही हुई थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### हनुमान शनिधाम में विशेष कार्यक्रम आज

**जोधपुर**, (कासं)। प्रताप नगर, पुलिस थाने के सामने स्थित हनुमान शनिधाम में स्थित खाटू श्याम मंदिर में 8 फरवरी को एकादशी पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हनुमान शनिधाम के पुजारी गोपाल महाराज ने बताया कि खाटूश्यामजी मन्दिर में हर एकादशी को विशेष उत्सव मनाया जाता है। इसी कड़ी में हनुमान शनिधाम में हर ग्यारस को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एक दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत 11 बजे श्याम बाबा का श्रृंगार व इत्र पूजा की जाएगी। इसके बाद 11:30 बजे भक्तों में प्रसादी का वितरण किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से राजेश गुप्ता एवं उनके साथियों द्वारा भजन कीर्तन की सरिता बहाई जाएगी। भक्तराज पूनम चंद डाबी ने सभी भक्तो से इस पुनित अवसर पर कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अनुरोध किया है।

### 27 सिलेण्डर व रिफिलिंग का सामान जब्त

**जोधपुर**, (कासं)। मंडोर पुलिस ने गोपी का बेरा क्षेत्र में एक रहवासीय मकान पर रेड दी। मकान में अवैध गैस रिफिलिंग की सूचना मिली थी। पुलिस ने कमरें की तलाशी ली। तब वहां 27 गैस सिलेण्डर मिले। जिसमें आधे व पूरे भरे हुए थे। गैस रिफिलिंग में काम आने वाली सामग्री को भी जब्त किया गया। मकान मालिक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम में केस बनाया। थानाधिकारी किशनलाल ने बताया कि मुखबिरी सूचना मिली कि गोपी का बेरा क्षेत्र में रहने वाला हुकमसिंह अपने घर में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का कार्य करता है। इस पर एसीपी नगेंद्र कुमार के सुपरविजन में गठित टीम ने वहां रेड दी। घर के बाहर बने कमरें में छापा मारा तो वहां 27 गैस सिलेण्डर आधे व पूरे भरे मिले। वहां पर गैस रिफिलिंग में काम आने वाली सामठाी को भी जब्त किया गया। हुकमसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। रसद विभाग को इस बारे में सूचना दी गई है।

### कांस्य पदक विजताओं का स्वागत

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तराखंड के अलमोड़ा में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान के खिलाडिय़ों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए योगासन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। योगासन राजस्थान आरवाईएसए के सेक्रेटरी जनरल संदीप कासनियां ने बताया कि राजस्थान के दल में इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए कुल 11 योगासन खिलाडिय़ों का चयन हुआ। राजस्थान दल में सात खिलाड़ी जोधपुर जिले के थे जो कि अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि रही। राजस्थान दल का प्रतियोगिता पूर्व प्रशिक्षण शिविर जोधपुर में आयोजित किया गया जिसमें इन खिलाडिय़ों ने योगासन कोच गजराज सिंह शेखावत व यशदीप सिंह कच्छवाहा के गहन प्रशिक्षण में इस प्रतियोगिता की तैयारी की व राज्य के लिए कांस्य पदक जीता। राजस्थान दल में जोधपुर के धीरज शर्मा, प्रेम सिंह राजपुरोहित, अर्जुन परिहार, पवन मुथा, हर्ष जैन, वंदना शर्मा व शिवानी जांगिड़ ने भाग लिया। वही अर्जुन परमार, योगिता रावत, तमन्ना टाक व पायल टाक राजस्थान टीम के अन्य सदस्य थे। इन खिलाडिय़ों को उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य द्वारा मेडल और पुरस्कार वितरण किए गए। राजस्थान टीम के इस शानदार प्रदर्शन पर जोधपुर पहुंचने पर योगा एलायंस सोसाइटी व योगासन जोधपुर के सदस्यों ने स्वागत किया।

### जैसलमेर में स्मैक के साथ आरोपी पकड़ा

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। पुलिस की विशेष टीम व शहर कोतवाली की टीम ने कार्रवाई करते हुए स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के पास से 25.7 ग्राम स्मैक पकड़ी है। डीएसटी टीम प्रभारी भीमरावसिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि युवक हरीश ओड (22) पुत्र शंकरराम निवासी रानीसर कच्ची बस्ती, जैसलमेर मादक पदार्थों के कोरियर का काम करता है। ऐसे में बीती रात दबिश देकर तोता कॉलोनी के पास से हरीश को गिरफ्तार किया। हरीश की जेब से करीब 25.7 ग्राम स्मैक बरामद की। शहर कोतवाल प्रेमदान रतनू ने एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर तस्करी के नेटवर्क की पड़ताल शुरू की। ज्ञात रहे कि पूर्व में भी रानीसर कच्ची बस्ती निवासी को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है लम्बे समय से बाड़मेर से ड्रग्स ला कर बिक्री की जा रही है तस्करों में भय नही होने से ड्रग्स का कारोबार बाड़मेर मार्ग से पनप रहा है युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार मय हो रहा है।

### युवक के पास मिला अवैध डोडा पोस्त

**जोधपुर**, (कासं)। महामंदिर पुलिस ने पावटा चौराहा के पास में युवक के पास से अवैध डोडा पोस्त जब्त किया। महामंदिर पुलिस ने बताया कि ने पावटा चौराहा के पास धनलक्ष्मी रेस्टोरेंट के पास खड़े नागौर जिले के पांचोड़ी थानान्तर्गत गुड़ा भगवानदास निवासी त्रिलोक उर्फ तिलाराम पुत्र मूलाराम जाट को रोककर तलाश ली तो उसके पास एक प्लास्टिक की थैली में 97 ग्राम डोडा पोस्त मिला।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने प्रदर्शन किया, मांगें बताई

**जालोर**, (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला जालोर की ओर से प्रदेश संगठन के आव्हान पर शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर विशाल धरना एवं प्रदर्शन कर राज्य सरकार को कलेक्टर के माध्यम से 11 सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन भेजा गया।

महासंघ के जिला संयोजक किशनलाल सारण के अनुसार धरने एवं प्रदर्शन मे महासंघ के घटक संगठनों जिसमें राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील, ग्राम विकास अधिकारी संघ, राजस्थान आयुर्वेदिक परिचारक संघ, राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ, पशुपालन सहायक तकनीकी कर्मचारी संघ राजस्थान पुस्तकालय संघ, राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ, राजस्थान कृषि पर्यवेक्षक संघ, सहायक कर्मचारी संघ, राजस्थान आयुर्वेद नर्सेज संगठन, प्रयोगशाला सहायक संघ, मंत्रालय कर्मचारी संघ, संविदा कर्मचारी संघ से जुडे हुए सैकडो कर्मचारियों ने भागीदारी की। धरने एवं प्रदर्शन स्थल पर कर्मचारियों के विशाल सभा का आयोजन जिला संयोजक किशनलाल सारण की अध्यक्षता में हुआ। सभा को संबोधित करते हुए राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के मुख्य महामंत्री पूनमचद बिशाोई ने कर्मचारियों की वाजिब मांगों पर अति शीघ्र निर्णय करने की मांग कीं उन्होंने बताया कि महासंघ का ग्यारह सूत्रीय मांग पत्र लंबे समय से सरकार के समक्ष लंबित है, यदि सरकार ने कर्मचारियों से संवाद कायम नहीं किया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

जिला संयोजक किशनलाल सारण, ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मांजू, सहायक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राधेश्याम तंवर, अतिरिक्त विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष पोकाराम सोलंकी, सांचौर के जिलाध्यक्ष रामनिवास साहू, प्रगतिशील शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष लुबाराम चौधरी, राजस्थान पशु चिकित्सकारी कर्मचारी संघ जिला मंत्री सावला राम चौधरी, सहायक एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष पोकाराम सोलंकी, अतिरिक्त विकास अधिकारी संघ के प्रदेश पदाधिकारी जालाराम खिलेरी ने उपस्थित कर्मचारियों से आग्रह किया कि हमें हमने अधिकारों के लिए हमेशा सचेत रहकर संघर्ष करना होगा।

सभा को प्रदेश प्रवक्ता छोगाराम सारण, जयकरण खिलेरी, राजूराम सारण, जवारा राम मेघवाल, तुलसाराम चौधरी, बाबूलाल सियाग,विशनाराम देवासी, कैलाश कडवासरा, पूनमाराम माजु, तेजाराम खिलेरी, मालाराम चौधरी, गणपत लाल साहू, बाबूलाल कडवासरा, अमराराम चौधरी, शंकराराम डारा, जिला मंत्री जसाराम विरास, जेठूसिह चौहान, पूनमा राम पटेल, तेजाराम जाखड, शारीरिक शिक्षक संघ से हरिराम सारण सहित कई पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

सभा के बात कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय से अस्पताल चौराहे नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। जालोर कलेक्टर को राज्य सरकार के नाम मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। धरने एवं प्रदर्शन के कार्यक्रम में जालौर जिले के घटक कर्मचारियों की भागीदारी रही। धरने मे जेठू सिंह चौहान, लक्मण सिंह डूंगरी, सावलाराम चौधरी, विरमाराम, शंकरा राम, सुजाराम, बाबूलाल कुराडा, विशना राम देवासी, जसराज, नैनाराम चौधरी, जवारा राम मेघवाल, सुरेश कुमार रामनारायण, छोगाराम, आसूराम, जालाराम खीचड, राजूराम विशनोई, कलावती शर्मा, सुनीता मीणा, हरचंद राम, तुलसाराम, रतन लाल लुम्बा राम चौधरी सहित कई जनों ने भाग लिया। हाथों मे तख्तियों के साथ नारेबाजी करते हुए हॉस्पीटल चोराहा तक रैली निकाली। कार्यक्रम का संचालन राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के जिला अध्यक्ष लुम्बाराम चौधरी ने किया।



जालोर में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर कलैक्ट्रेट के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। फोटो राष्ट्रदूत

# मंदिर में सुंधा माता प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा, हैलिकॉप्टर से पुष्पा वर्षा कीं



जालोर शहर के भीनमाल रोड पर स्थित एम.सी.एस. के सामने टेकरी पर मंदिर में सुंधा माता की प्रतिमा स्थापित की गई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। तीन दिवसीय सुंधा माता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को दोपहर में ढोल ढमाकों व जयकारो के साथ मंदिर में सुंधा माता विराजमान हुई।

पुष्पा वर्षा के लाभार्थी परिवार के द्वारा हैलिकॉप्टर से कि पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।


अध्यक्ष हुकमीचंद सुन्देशा ने बताया कि शहर के भीनमाल रोड पर स्थित एमसीएस के सामने टेकरी पर सुंधा माता के नव निर्मित मंदिर की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का यज्ञ में पुर्ण आहुति के साथ शु वार को समापन हुआ। वही दोपहर करीब 12 बजे पंडितों के द्वारा मंत्रोंच्चार व ढोल ढमाकों के साथ भामाशाह परिवार के द्वारा मंदिर में माताजी की स्थापना की गई।

इस दौरान बडी संख्या में मौजूद भक्तों ने माताजी व खेतलाजी महाराज के जयकारों लगाए जिससे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहोल बन गया। वही नव निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर के शिखर पर कलश व अमर ध्वज की स्थापना की गई। इस दौरान मंदिर पर हैलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर माताजी का मंदिर में माताजी का स्वागत किया।

रात में हुआ भजन संध्या:- प्रतिष्ठा के एक दिन पूर्व गुरूवार की रात को आयोजन समिति के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक किशोर पालीवाल सहित अन्य कलाकरों के द्वारा एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति दी। जिससे भक्तों को देर रात तक बैठने पर मजबूर कर दिया।

इस दौरान सचिव तेजाराम, गणपत सुन्देशा, भोमाराम सुन्देशा, रतनाराम, बाबुलाल, मोहनलाल, सावलाराम, चेतन सुन्देशा, पुखराज सुन्देशा, नारायण, रमेश, रणछोड, कालूराम, पूनमाराम, ओमप्रकाश, हंसाराम , चूनीलाल, विनोद, मुकेश सुंदेशा व शान्तिलाल सहित बडी संख्या में माली समाज के लोग मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण पर कार्रवाई की



आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण उत्साह चौधरी के आदेशानुसार अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने जोनवार नियमित रूप से अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर कार्रवाई की।

**जोधपुर**, (कासं)। आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण उत्साह चौधरी के आदेशानुसार प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने जोनवार नियमित रूप से अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दस्ते ने शुक्रवार को ग्राम पूनियों की प्याऊ में अवैध रूप से चल रहे निर्माण कार्य को बंद करवाया गया।

पुलिस निरीक्षक जोगेन्द्रसिंह चौधरी ने बताय कि तहसीलदार जोन-०4 हंसराज राठौड के निर्देशानुसार जेडीए दस्ते ने ग्राम पूनियों की प्याऊ के खसरा संख्या 219/1 एवं खसरा संख्या 235/11 प्राधिकरण की भूमि का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण की भूमि पर अवैध एवं अनाधिकृत रूप से छीणें खडी करते हुए टीनशेड का निर्माण कार्य करवाया जा रहा था, जिसे जेडीए दस्ते द्वारा मौके पर कार्यवाही करते हुए बंद करवाया गया। साथ ही दस्ते द्वारा अतिक्रमी को सख्त हिदायत दी गई कि उक्त अवैध निर्माण को स्वयं अपने स्तर पर हटा लेवें अन्यथा प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

### विशेष कार्यक्रम हुआ

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में परिवहन विभाग एवं महिला अधिकारिता के समन्वय से राजकीय विशिष्ट पूर्व उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर में जिला स्तरीय विशेष कार्यक्रम हुआ। महिलाओं को सुरक्षित वाहन चलाने के बारे में जागरूक किया गया।

# अनादरा पुलिस ने ए.टी.एम. लूट मामले का आरोपी पकड़ा

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकट अनादरा पुलिस ने शुक्रवार को ढाई साल से वांछित मुख्य अभियुक्त व पांच हजार रूपये का ईनामी अपराधी मोहम्मद नासीर उर्फ जगमाल को ढेंकानाल (उडीसा) से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार सिरोही से रेवदर हाईवे पर स्थित आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को अज्ञात अभियुक्तों द्वारा उखाडकर वाहन में डालकर थोडी दुरी पर जंगल में एटीएम मशीन को तोडकर उसमे से 62300 रूपये चोरी करके ले गये।

अभियुक्तों ने इको कार तथा ट्रेलर से रात्रि को पावापुरी के पास होटल पर ठहरकर पावापुरी एटीएम की रेकी करना तथा दिन के समय एटीएम के आस-पास रेकी कर कम्पनी की गाडी द्वारा एटीएम में रूपये डालते समय देखना तथा रात्रि में एटीएम के आस-पास वाहनों को खडा कर रात्री में तीन बजे के लगभग ट्रेलर को एटीएम के आगे खडा कर एटीएम में घुसकर एटीएम के केमरों पर काले रंग का स्प्रे कर केमरों के तार तोडकर सरीये से एटीएम मशीन को उखाड़ कलिया।

बाद में ट्रेलर को आगे दूसरी होटल पर खडा कर इको गाडी की सीटे खोलकर इको गाडी को एटीएम के पास लगाकर एटीएम मशीन को उठाकर इको गाडी में डालकर एटीएम पर कपडा डालकर पास ही जंगल में ले जाकर गैंग के एक सदस्य द्वारा हाईवे पर निगरानी करना तथा दुसरो सदस्यों द्वारा जंगल में एटीएम मशीन को तोडकर उसमे रखे रूपये चोरी कर दोनों वाहनों में अलग-अलग बैठकर फरार होना पाया गया।

प्रकरण में पूर्व में अभियुक्त असलम उर्फ चिल्लू उर्फ डलू पुत्र इदूखा जाति मेव मुसलमान उम्र 32 साल पेशा मजदुरी निवासी अलावडा थाना रामगढ जिला अलवर , जमशेदखा पुत्र दाउदखां जाति मेव मुसलमान उम्र 32 साल पेशा ड्राईवीग निवासी जकोपुरा थाना रामगढ जिला अलवर, संजय जोगी पुत्र महेश जोगी उम्र 21 साल पेशा मजदुरी निवासी बावनपटी ओंडमीना थाना सलेमपुर जिला दौसा , सरीफखान पुत्र मोज्जलाखान जाति मेव मुसलमान उम्र 35 साल पेशा ड्राईवीग निवासी अलावडा पुलिस थाना रामगढ जिला अलवर, दिनेश उर्फ प्रहलाद पुत्र भीमसिह जाति बंजारा उम्र 25 साल पेशा मजदुरी निवासी बंजारो की ढाणी लाहा का वास थानागाजी पुलिस थाना थानागाजी जिला अलवर , एम.पी. सिह पुत्र मोहरसिह जाति मीणा उम्र 25 साल निवासी ऑडमीना (ओण्डखेडा) पुलिस थाना सलेमपुर जिला दौसा को गिरफ्तार किया जा चुका है।

प्रकरण में घटना में प्रयुक्त वाहन इको कार तथा ट्रेलर को जब्त किया जा चुका है।

### कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन किया

**जालोर**, (कासं)। जिला कांग्रेस कमेटी की और से शुक्रवार को केंद्र की भाजपा सरकार के विरोध में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल के नेतृत्व में कैलेक्ट्रेट जालोर के सामने किया गया।

जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि अमेरिका से भारतीय नागरिकों को अमानवीय तरीके से भारत भेजा गया। उनके हाथों में हथकडी और पैरों में जंजीर थी। यह विश्व पटल पर भारत और भारतीयों का अपमान है। इस गंभीर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी केंद्र सरकार की खामोशी के खिलाफ में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम रखा गया।

सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसजन कैलेक्ट्रेट जालोर के सामने एकत्रित हुए तथा केंद्र की मोदी सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध प्रकट किया। कांग्रेसजन ने केंद्र सरकार हाय हाय,मोदी सरकार हाय हाय, भारतीय नागरिकों का यह अपमान नही सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल,जुल्फिकार अली, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, आहोर ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र जोशी,नगराध्यक्ष मुमताज अली,ममता जैन,कैलाश शर्मा, मदनलाल दहिया,मंडल अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, सोनाराम मेघवाल,आम सिंह परिहार, अनिल पंडत,जुबैदा नागौरी,खसराम मेघवाल, शीला चौधरी, सुरेश मेघवाल,मांगीलाल चौधरी,महेंद्र सोनगरा, कृष्ण कुमार वनिका,किसनाराम चौधरी,सुरेश चौधरी, इरफान खान सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के भीनमाल पुलिस ने शुक्रवार को पत्नी की हत्या के आरोपी को आठ घण्टे के अन्दर पति को गिरफतार किया।

महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार जोधपुर, रेंज जोधपुर के निर्देशानुसार ज्ञानचंद यादव आईपीएस, पुलिस अधीक्षक जिला जालोर द्वारा प्रकरण की घटना को गंभीरता को देखते हुए स्वयं घटनास्थल पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये तथा अभियुक्त की गिरफतारी के लिए टीमे गठित करने के निर्देश देने पर मोटाराम गोदारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जालौर व श्री अन्नराजसिह राजपुरोहित वृताधिकारी वृत भीनमाल के निकटतम सुपरविजन में रामेश्वर भाटी पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी भीनमाल के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन कर गठित टीमों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 6 फरवरी को हत्या करने वाले अभियुक्त विक्रमसिंह पुत्र हेमसिह जाति राजपुत निवासी पादरा को दस्तीयाब किया।

पुलिस ने बताया कि 6 फरवरी को थाना भीनमाल पर ईतला मिली की भुपेन्द्र चौधरी अस्पताल, भीनमाल में एक महिला की मौत हो गई है, उक्त ईतला पर थानाधिकारी भीनमाल मय पुलिस जाब्ता भुपेन्द्र चौधरी अस्पताल, भीनमाल पहूंचे जहां मृतका छगन कंवर पत्नि विक्रमसिंह, जाति राजपुत, उम्र 35 साल, निवासी पादरा (सरथला) की मृत्यू हो चुकी थी, मृतका के भाई शैतानसिंह ने अपनी बहन मृतका छगन कंवर पत्नि विक्रमसिंह, जाति राजपुत, उम्र 35 साल, निवासी पादरा (सरथला) के पति विक्रमसिंह, सास व नणद के विरुद्व तंग व परेशान कर मारपीट कर हत्या करने के मजमून की रिपोर्ट पेश की जाने पर प्रकरण पंजिबद्व किया जाकर घटनास्थल का निरीक्षण कर विडियोंग्राफी व फोटोग्राफी की गई व एफ.एस.एल टीम से साक्ष्य संकलित करवाये गये प्रकरण में नामजद अभियुक्त विक्रमसिंह पुत्र हेमसिह जाति राजपुत निवासी पादरा को दस्तयाब कर बाद पुछताछ गिरफतार किया गया। अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# सुमेरपुर को मिली सौगात

**पाली**, (नि.सं.) । राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाली जिले के सुमेरपुर उपखंड के 20 गांवों में सार्वजनिक बस स्टैंड निर्माण के लिए अनुशंसा की है। इनमें कोरटा, बामनेरा, सलोदरिया, नोवी, गलथनी, भारून्दा, खिवांदी, बांकली, बलुपुरा, बलाना, नेतरा, कोसेलाव, चाणोद, अनोपपुरा, लापोद, धना, बिरामी, देवतारा, सिंदरू, बसंत शामिल हैं। इस पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था सुदृढ़ होगी। परियोजना सांसद निधि (एमपीलैड्स) से संचालित होगी और इसके तहत एक करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की जाएगी। यह राशि सार्वजनिक बस स्टैंडों के निर्माण में खर्च की जाएगी।

### खेमराज समिति की रिपोर्ट की कॉपी जलाई

**जोधपुर**, (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के 11 सूत्री मांग पत्र के पक्ष में एवं खेमराज चौधरी समिति की रिपोर्ट के विरोध में जिला स्तर पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के बाहर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए खेमराज समिति की रिपोर्ट की कॉपी जलाई।

कर्मचारियों ने बताया कि महासंघ का 11 सूत्री मांग पत्र लंबे समय से शासन एवं सरकार के पास विचाराधीन है। मांग पत्र में उल्लेखित प्रदेश के लाखों कर्मचारियों की प्रशासनिक एवं वित्तीय मांगों पर शासन एवं सरकार की संवेदनहीनता तथा संवादहीनता आश्चर्यजनक हैं। साथ ही खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में गठित वेतन विसंगति निवारण समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक होने से प्रदेश के कर्मचारियों में भारी निराशा और आक्रोश व्याप्त है। रिपोर्ट में राज्य सेवा के उन अधिकारियों को लाभान्वित किया गया है जो अपना पक्ष रखने के लिए गए तक नहीं एवं जिन कर्मचारी संगठनों ने संपूर्ण तथ्यों के आधार पर अपना पक्ष रखा था उनकी मांगों और सुझावों पर सहमति के उपरांत एक भी सकारात्मक सिफारिश नहीं की गई है। अधीनस्थ सेवा के लगभग आठ लाख कर्मचारियों के हित एवं अधिकारों की पूर्णतया उपेक्षा की गई है।

### टांके में गिरने से युवती की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। खारडा रणधीर गांव में एक युवती की पानी के टांके में गिरने से मौत हो गई। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि खारड़ा रणधीर स्थित जाणियों की ढाणी में रहने वाली 22 साल की गुड्डी की पानी के टांके में गिरने से मौत हो गई। उसे पानी से निकाला जाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसके परिजन बिरमाराम पुत्र गोरधनराम ने रिपोर्ट दी है।

# अमेरिका से लौटाए गए भारतीयों के समर्थन में प्रदर्शन किया

**पाली**, (नि.सं.)। अमेरिका से कई भारतीयों को भारत भेज जाने के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पाली जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान मे 12 बजे कांग्रस भवन से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, प्रदेश महासचिव शिशुपाल सिंह राजपुरोहित, प्रदेश सदस्य महावीर सिंह सुकरलाई, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, पुर्व सेवादल जिलाध्यक्ष जब्बरसिंह राजपुरोहित, महिला प्रदेश महासचिव नीलम बिड़ला, पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष मेहबूब टी, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, पंचायत राज जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल, संगठन महामंत्री भंवर राव, मण्डल अध्यक्ष राजू बंजारा, चेलाराम रारबडा, राजेन्द्र मेघवाल, ओबीसी जिलाध्यक्ष गोविन्द बंजारा, ताराचंद टांक, जिला महासचिव रफीक चौहान, मोहन सिंह राजपुरोहित, मांगुसिह दूदावत, सज्जन बी राज, आमीन अली रंगरेज, असगर कूरैशी, भेराराम गुर्जर, असगर खत्री, रमेश परिहार, इकबाल शेख़, लक्ष्मण कच्छवाहा, शहाबुद्दीन बागवान, ललित बामनिया, राजेश राजपुरोहित, रामचंद्र बुनकर, सुरेश हिरागर, पार्षद प्रतिनिधि शहजाद शेख़, राहुल घावरी, अनिल सिंह निम्बाडा, रामलाल, किशनलाल बंजारा, शैतान बंजारा, मांगीलाल सोलंकी, शैलेंद्र त्रिवेदी, वासुदेव भेरवानी, रामनिवास सहित आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के तीन लोगों को गोली मारी, एक की मौत

## फायरिंग में मृतक का बेटा और भतीजा, वहीं दूसरे पक्ष से एक व्यक्ति घायल हो गया

**भरतपुर, (निसं)।** संभाग के डीग जिले के सदर थाना इलाके मे दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के परिवार पर फायरिंग कर दी। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मृतक का बेटा और उसका भतीजा भी गोली लगने से घायल हो गया। वहीं दूसरे पक्ष का भी एक व्यक्ति घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए जयपुर रेफर किया गया है। मृतक के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि 10 दिन पहले भी दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था। घटना डीग के खोरी गांव की है। झगड़े को लेकर पुलिस ने एक पक्ष के तीन लोगों प्रदीप, मोहन सिंह और गुलजार को गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद तीनों को धारा 308 में जेल भेज दिया गया। कल तीनों की जमानत हुई थी। वह तीनों अपने घर आ रहे थे। इस दौरान दूसरे पक्ष ने तीनों को रास्ते में पकड़ लिया और तीनों पर जमकर फायरिंग की। वहां से तीनों अपनी जान बचाकर भाग गए, जिसके बाद ओमप्रकाश अपने साथियों के साथ दूसरे पक्ष के घर पर पहुंच गया। घर पर आते ही ओमप्रकाश के पक्ष ने गालियां देना शुरू कर दिया। जैसे ही परिवार के लोग घर से बाहर निकले तो ओमप्रकाश और उसके साथियों ने फिर से हमारे परिवार के लोगों पर फायरिंग

- **बताया जा रहा है कि डीग के खोरी गांव में 10 दिन पहले भी दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था**

कर दी, जिसमें हरिओम, उसके बेटे गौरव व भतीजे प्रदीप के गोली लग गई। वहीं ओमप्रकाश पक्ष का भी एक व्यक्ति घायल हो गया। फायरिंग करने के बाद ओमप्रकाश पक्ष मौके से फरार हो गया, जिसके बाद हरिओम, गौरव और प्रदीप को तुरंत डीग अस्पताल लेकर जाया गया, जहां से तीनों को भरतपुर के आरबीएम अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां डॉक्टर ने हरिओम को मृत घोषित कर दिया। गौरव और प्रदीप को जयपुर रेफर कर दिया गया। मृतक हरिओम किसान है।

गांव के एक व्यक्ति ने अपना नाम न बताने की शर्त पर बताया कि दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चली आ रही है। खोरी में एक भगवान का प्राचीन मंदिर है। मंदिर के नाम चार सौ बीघा जमीन है, जिसे मंदिर का पुजारी हर साल बंटाई पर देता है। उस जमीन को खेती करने के लिए दोनों पक्ष लेना चाहते हैं। इसलिए दोनों पक्षों में इसी बात को लेकर रंजिश चली आ रही है, जिसको लेकर दस दिन पहले भी दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ है। सदर थाने के एएसआई हरवीर सिंह ने बताया कि खोरी गांव के रहने वाले दो पक्षों में पुरानी रंजिश चली आ रही है। दोनों में मुक़दमे भी दर्ज हैं। कल शाम आठ बजे सूचना मिली थी कि दोनों पक्षों में झगड़ा हो रहा है, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। हमारे पहुंचने से पहले दोनों पक्षों में फायरिंग हुई, जिसमें एक पक्ष के तीन लोग और दूसरे पक्ष का एक व्यक्ति घायल हुआ है, जिन्हें डीग अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहां से इन्हें भरतपुर के आरबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। दो लोगों को जयपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं हरिओम की मौत हो गई। उसका शव आरबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखा हुआ है।

# ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर ठगी

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर शील्ड एवं एंटीवायरस अभियान के तहत बौंली थाना प्रभारी राधारमन गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक केसरलाल, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी, कांस्टेबल मुकेश कुमार व शीशराम की टीम ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार देर रात्रि को ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर रुपए डबल, ट्रिपल करने का झांसा देकर लाखों रुपए की साइबर ठगी करने के आरोपी ऋषिकेश मीणा निवासी बागडोली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो मोबाइल जब्त किए। उसका दूसरा साथी आरोपी गणेश मीणा निवासी बागडोली अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया जिसका पुलिस ने मौके से मोबाइल जब्त किया है। आरोपियों के खाते में बैंक से जानकारी करने पर पुलिस को करीब 15 लाख रुपए का ट्रांजैक्शन मिला है। दौराने गस्त पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बागडोली में ऋषिकेश व गणेश मीणा नामक दो नवयुवक अपने मोबाइल से ऑनलाइन ठगी करते नजर आए जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। इसमें से एक आरोपी ऋषिकेश मीणा को मौके से डिनेट कर उसके घर से दो मोबाइल जब्त किया। आरोपी ने टेलीग्राम चैनल व व्हाट्सएप पर 10 हजार से अधिक लोगों को जोड़कर उनके रुपए डबल, ट्रिपल करने का झांसा देने के मैसेज विभिन्न खातों में ठगी के राशि के क्यूआर कोड भेजे हुए थे। दूसरा आरोपी गणेश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

- **बैंक से जानकारी करने पर 15 लाख रुपए का ट्रांजैक्शन मिला**

# सड़क हादसे में ड्राइवर की मौत, चार रेजिडेंट डॉक्टर घायल

**बीकानेर, (निसं)।** एक सड़क हादसे में पिकअप ड्राइवर की मौत हो गई। वहीं कार सवार चार रेजिडेंट डॉक्टर्स गंभीर घायल हो गए। हादसा शुक्रवार सुबह 11 बजे बीकानेर-चूरू हाइवे पर परसनेऊ गांव के पास हुआ। चारों घायलों का इलाज बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में चल रहा है।

- **सामने से आ रही पिकअप से कार की टक्कर हो गई थी**

जानकारी के अनुसार रेजिडेंट डॉ. गरिमा गहलोत, डॉ. ईशा गुप्ता, डॉ. घनांशु पूनिया और डॉ. हरेन्द्र सिंह बीकानेर से झुंझुनूं की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही पिकअप से कार की टक्कर हो गई। चारों ब्रेजा कार में सवार थे। आमने-सामने हुई टक्कर में पिकअप ड्राइवर की मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलने पर राजलदेसर थाना क्षेत्र के थानाधिकारी कमलेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि चारों रेजिडेंट डॉक्टर पोस्टिंग के लिए झुंझुनूं जा रहे थे। हादसे के बाद घायलों की चीख-पुकार सुन आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। इसके बाद चारों को पीबीएम में इलाज के लिए रवाना किया।


**Rajasthan Financial Services Delivery Limited**

(A Government of Rajasthan Undertaking), Registered Office : 3rd Floor, REIL House, Shipra Path, Mansarovar, Jaipur-302020 (Raj.), E-Mail : rfsdl@rajasthan.gov.in

No. : F 5 (65) RFSDL/No-code website/2024 Jaipur, Dated : 07/02/2025

**Expression of Interest (EOI)**

EOI for empanelment of Start up Organization/s engaged in providing services of website builder platform for creation of marketing/e-commerce /e-shop websites is invited on continuous basis. Start up organization/s will facilitate Government organizations to enable Self Help Groups / Farmer Help Groups / Community Groups / Artisans / Artists / Citizen Service Groups / Start ups /any Business Enterprises etc. working in commerce, cultural, tourism, agro & social and various citizen sector. The last date for submission of proposal is 5th March 2025. The details may be visited on **https://sppp.rajasthan.gov.in** and **https://rfsdl.rajasthan.gov.in.**

UBN : FGT2425SSOB00012

Raj.Samwad/C/24/11385 Executive Director (Adm.)


# नाबालिग से रिश्ते के भाई ने दुष्कर्म किया

**नोखा, (निसं)।** एक नाबालिग छात्रा के साथ उसके रिश्ते के भाई ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता ने नोखा थाने में मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी युवक मार्बल का काम करता है और वह उसके घर आता-जाता रहता था।

आरोपी लगातार उसको फोन पर बात करने का दबाव बनाता था। करीब 6 महीने पहले एक रात आरोपी ने उसको को फोन कर एक बंद मकान में बुलाया और बदनामी की धमकी दी। डर के मारे जब लड़की वहां पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद से आरोपी लगातार पीड़िता को धमकी देता रहा और कहता था कि अगर किसी को बताया तो परिणाम बुरा होगा। पिछले 6 महीनों से जब भी वह गांव आता, उसको जबरन उठा ले जाने की धमकी देता था। इस डर से वह आरोपी के गांव में होने पर स्कूल भी नहीं जा पाती थी। अपनी इज्जत बचाने और भय के कारण उसने ये बात किसी को नहीं बताई। हाल ही में आरोपी ने फिर से जबरन उठा ले जाने की धमकी दी और कहा कि उसका परिवार कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इसके बाद पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कार्यवाहक थाना अधिकारी राधेश्याम ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। पीड़िता के पिता मजदूरी का काम करते हैं।

# नाबालिग का अपहरण कर रेप के आरोपी को 20 साल की कैद

**भीलवाड़ा, (निसं)।** पॉस्को कोर्ट संख्या एक विशिष्ट न्यायाधीश देवेंद्रसिंह नागर ने तेरह साल की एक नाबालिग को बाड़े से अगवाकर बस्सी ले जाने के बाद कई दिनों तक रेप करने के आरोपी को 20 साल की कठोर कैद और 95 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

- **पॉस्को कोर्ट ने आरोपी को 95 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है**

एपीपी धर्मवीर सिंह के अनुसार, एक परिवादी ने 20 जून 2023 को बिजौलियां थाने में रिपोर्ट दी कि 19 जून को वह अपनी पत्नी सहित कार्यक्रम में कहीं गया था। घर पर उसकी 13 व 11 साल की दो बेटियां थी, जो दोपहर में मवेशियों के लिए चारा-पानी करने पास ही स्थित बाड़े में गई। इस दौरान प्रभु अहीर एक ब्लू गाड़ी लेकर आया और परिवादी की



दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने सजा सुनाई।

13 साल की बेटी को जबरन गाड़ी में अपहरण कर ले गया। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर अनुसंधान किया, इसके बाद पीड़ित बालिका को दस्तयाब कर लिया गया।

पीड़िता ने परिजनों के साथ ही पुलिस को बताया कि घटना के दिन वह बाड़े में थी। प्रभु अहीर आया और उसे जबरन गाड़ी में डाल कर ले लगा, गाड़ी में दो और लोग सवार थे, जो उसे व प्रभु अहीर को छोड़कर चले गये। रात होने से प्रभु उसे बस में बैठाकर बस्सी ले गया, जहां उसने किराये पर कमरा लिया। रात में आरोपित ने उसके साथ रेप किया। नाबालिग ने बयान में बताया कि आरोपित ने उसे 8-9 दिन तक बंधक बनाकर रखा और उसके साथ रेप करता रहा। इसके बाद नाबालिग का पिता वहां आ गया, जो उसे साथ ले आया। पुलिस ने अपहरण के मामले में रेप की धारा और ऐड कर अनुसंधान करते हुये प्रभु लाल पुत्र सीताराम अहीर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट पेश की। न्यायालय में ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 18 गवाह और 22 दस्तावेज पेश कर प्रभु पर लगे आरोप सिद्ध करवाये। न्यायालय ने सुनवाई पूरी होने पर आरोपित प्रभु को 20 साल की कठोर कैद के साथ ही 95 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।


**वाटर अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद जालोर**

क्रमांक-एफ( )/पीएमकेएसवाय-जालोर/2024-25/1727-1729 दिनांक-28.01.2025

**NOTCE INVITING BID**

**NIT NO 28-30/2024-25**

Bids for Production Works (Rooftop Tanka, Pakka Check Dam, Amrit Sarovar, Mini Percolation Tank, Earthen Check Dam, CCT, Sub Surfers Briar, Sunken Pond, Tanka and Farm Pond) Under PMKSY-2 project area in Block - Jaswantpura, sanchore and Chitalwana (03 Package) of estimated Value INR 479.76 Lacs are invited from interested bidders Up to 3.00 PM 13-02-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https//eproc.rajasthan.gov.in or https://Sppp. rajasthan.gov.in/) of the state.

| NIT No. | Block Name | Amount (Lacs) | NIB No. | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| NIT No. 28 | Jaswantpura | 200.99 | WSC2425A0537 | WSC2425WSRC01142 |
| NIT No. 29 | Sanchore | 131.76 | WSC2425A0537 | WSC2425WSRC01143 |
| NIT No. 30 | Chitalwana | 147.01 | WSC2425A0537 | WSC2425WSRC01144 |
| Total | | 479.76 | | |

(Laxman Singh Sandu)
SE & PMWCDC, ZILA PARISHAD JALORE
DDO CODE NO. 28606

DIPR/C/1452/2025


# धांयला-गुडला क्षेत्र में अवैध बजरी खनन पर आक्रोश

**राजसमंद, (निसं)।** जिले के धांयला व गुडला क्षेत्र में बनास नदी पेटा एवं इसके इर्दगिर्द खातेदारी जमीनों पर हो रहे अवैध बजरी खनन को लेकर लम्बे समय से मिल रही शिकायतों व ग्रामीणों में बढते आक्रोश को देखते हुए आखिरकार अब सरकारी तंत्र हरकत में आया है। खान विभाग सहित अन्य महकमों के अधिकारी शुक्रवार को मौके पर पहुंचे एवं हालात का जायजा लेकर अवैध खनन व परिवहन रोकने के लिए कार्रवाई शुरू की तथा ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि इस पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाएगा एवं इसमें लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होगी। शिकायत मिलने पर पंचायत समिति खमनोर के विकास अधिकारी हनुवीर सिंह विश्नोई धांयला पहुंचे जहां बडी संख्या में ग्रामवसी एकत्रित हो गए। मौके पर मौजूद भगवतसिंह चौहान, मेहुल पुरोहित, पवन पुरोहित, मांगीलाल पुरोहित, सोहन लाल प्रजापत, बाबूलाल मेघवाल, भंवरसिंह, गोपाल पुरोहित, सुभाष पुरोहित, विनोद पुरोहित, नवलसिंह, मदनसिंह, सरपंच प्रतिनिधि लेहरीलाल गायरी सहित ग्रामीणों ने विकास अधिकारी को स्थिति से अवगत कराते हुए बतया कि पंचायत क्षेत्र में बडे पैमाने पर अवैध बजरी खनन व निर्गमन हो रहा है। इससे ग्रामवासी त्रस्त हो चुकें हैं। बजरी से भरे वाहन आबादी क्षेत्र में होकर निकलते है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। ग्रामीणों ने आक्रोश जताया कि इस बारे में खान विभाग को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके चलते अवैध खननकर्ताओं के हौसले बुलन्द है तथा वे बेखौफ होकर अपने कार्य को अंजाम दे रहे है। ग्रामीणों ने नदी पेटा व किनारों पर मौका स्थिति भी दिखाई। इसके बाद विकास अधिकारी ने खान विभाग को सूचित किया जिस पर खान विभाग राजसमन्द से सीनियर फोरमैन आरती गंगवार के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। सूचना मिलने पर पुलिस जाब्ता भी पहुंच गया।


**राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्**

भू- तल, ब्लॉक-6, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर, फोन नं: 0141-2700459, E-Mail:- RAJSMSA.CIVIL@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक :- F-5(1)(260)RCSCE/Civil/SMSA/NIT 10/2024-25/2024/Vol-7/D-6753 दिनांक :- 07/02/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 10 (सिविल)/2024-25**

**(राजकीय विद्यालय/सीबीईओ कार्यालय के निर्माण कार्यों हेतु)**

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से लेखानुदान की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 राज्य मद अन्तर्गत स्वीकृत 544 राजकीय विद्यालय/सीबीईओ कार्यालय के निर्माण कार्यों हेतु राशि रू. 7944.70 लाख (प्रति कार्य की राशि रूपये 3.65 लाख से 49.52 लाख के मध्य) बाबत् कार्यवार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदाऐं 13/02/2025 प्रातः 10.00 बजे से 24/02/2025 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

UBN No. : RSE2425WSOB02236

- निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट **http://rajsmsa.nic.in, http://sppp.rajasthan.gov.in** एवं **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।
- निविदा से सम्बन्धित प्रक्रिया जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा कार्यालय सम्बन्धित जिला के स्तर से की जावेगी।

राज.संवाद/सी/24/11356 राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा


# नकली घी बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़, सरस सहित विभिन्न ब्रांड का नकली घी जब्त

**सांचोर, (कासं)।** सांचौर के सिद्धेश्वर क्षेत्र में चल रही एक फैक्टरी में बड़े पैमाने पर नकली सरस घी तैयार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए फैक्टरी पर छापा मारा और भारी मात्रा में नकली घी व अन्य सामग्री जब्त की। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो मिलावटी घी को सरस सहित अन्य ब्रांड के नाम पर बाजार में बेच रहे थे। जालोर के जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव व सहायक पुलिस अधीक्षक काम्बले शरण गोपीनाथ के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका खुलासा किया गया।

जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि मोमाई मिल्क डेयरी में नकली घी तैयार किया जा रहा है, जिसे पिकअप वाहन के जरिए बाडमेर सप्लाई किया जाना था। मुखबिर की जानकारी को विश्वसनीय मानते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। थाना सांचौर से एसआई अमृतलाल के नेतृत्व में एक टीम फैक्टरी पर पहुंची, जहां एक पिकअप ट्रोला खड़ा मिला। अंदर चार लोग नकली घी के टिन पैक कर रहे थे, जिनसे

- **चार आरोपी गिरफ्तार, मिलावटी घी को सरस सहित अन्य ब्रांड के नाम पर बाजार में बेच रहे थे**
- **मौके पर वनस्पति घी, सोयाबीन तेल और एसेंस केमिकल मिला**

पूछताछ कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गए आरोपियों में प्रतापाराम पुत्र हकमाराम पुरोहित (बालेरा), मनोज पुत्र चैनाराम पुरोहित (माखूपुरा), भारमल पुत्र छोगाराम माली (रतोडा, चितलवाना) और चम्पतलाल पुत्र चुन्नीलाल पुरोहित (आमली, सांचोर) शामिल हैं। पुलिस ने जब फैक्ट्री की तलाशी ली तो वहां खाकी रंग के कार्टूनों में लोहे के टिन पाए गए, जिन पर सरस घी का एगमार्क व अन्य जानकारी लिखी थी, लेकिन उत्पादन तिथि और वैधता अंकित नहीं थी। वहां वनस्पति घी, सोयाबीन तेल और एसेंस केमिकल भी मिला, जिसका उपयोग नकली घी तैयार करने में किया जाता था।

मुख्य आरोपी प्रतापाराम ने पूछताछ में बताया कि वह दूध की क्रीम को गर्म करके उसमें 35 प्रतिशत वनस्पति घी, 35 प्रतिशत तेल और 30 प्रतिशत क्रीम मिलाकर उसमें एसेंस डालकर नकली घी तैयार करता था। यह घी सरस ब्रांड के नाम पर बाजार में बेचा जाता था। इसके लिए नकली लेबल और डिब्बे भी फैक्टरी में ही तैयार किए जाते थे। पुलिस ने मौके से 72 टिन नकली सरस घी, 73 टिन वनस्पति घी और सोयाबीन तेल, 35 नकली एगमार्क लेबल, पैकिंग के लिए इस्तेमाल होने वाली डाई और एसेंस केमिकल बरामद किया। इसके अलावा नकली घी को सप्लाई करने के लिए इस्तेमाल की जा रही पिकअप गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सरस डेयरी रानीवाडा के सहायक मैनेजर और बीसीएमओ सांचोर को मौके पर बुलाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार ने मौके पर घी के नमूने लिए और उन्हें जांच के लिए भेज दिया गया है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सॉचौर**

एन.एच. 68, PHED Campus, सॉचौर (जालोर)
Tel.Pho.No. 02979-283624, E-mail: eephedscr@gmail.com

क्रमांकः अ.अ./जन स्वा./सॉं/निविदा/2024-25/1617 दिनांकः- 27/1/25

**ई-निविदा सुचना संख्या- 19/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से खण्ड सॉचौर के अधीन विभिन्न कार्य कराने हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| | |
|---|---|
| कार्यालय का नाम व स्थान | अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सांचौर |
| निविदा का कार्य | Annual rate contact of providing, Laying and Jointing of HDPE pipeline of various sizes at in UWSS And Rural schemes Division Sanchore on turnkey basis. Work of installation of earthing on panels of pump houses, tube wells etc, lights at various campuses, water supply installations and other accessories Under Sub Division-I/II/III Sanchore (ANNUAL RATE CONTRACT) |
| निविदा की कुल लागत (राशि लाखो में) | कुल निविदा 05 रु. 252.00 लाख |
| निविदा प्रपत्र वेबसाईड पर उपलब्ध एवं ऑन लाईन सबमिट की दिनांक | 27.01.2025 से 18.02.2025 को 13.00 बजे तक |
| निविदाएँ खोलने की तिथी व समय | 20.02.2025 को 11.00 बजे से |
| UBN No. | PHE2425WSRC08643, PHE2425WSRC08645 PHE2425WSRC08653, PHE2425WSRC08654 PHE2425WSRC08655 |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://dipr.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा एवं भरा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल वेबसाईड पर ही अपलोड किये जायेगे।

(पृथ्वीसिंह) अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग,
खण्ड सॉंचौर

DIPR/C/1372/2025



**DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY**

(A State Funded University of Rajasthan), Plot No. 8, Dehni Kalan, JDA Institution Scheme, Bagru, Tehsil : Sanganer, Dist. : Jaipur-303007, (Rajasthan), E-Mail : registrar@alujaipur.ac.in

F.No. : 4(3)Exam/ALU/2024-25/5901 Date :- 05/02/2025

**NOTICE INVITING E-BID**

E-Bids for hiring of services for Pre-Post Exam, Data Processing, Preparation of Answer Books for Evaluation and Result Preparation work are invited from interested bidders upto 01-03-2025 time 2:00 pm. Other particulars of bid may be visited on procurement portal **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in & www.alujaipur.ac.in** university website. Approximate value of the procurement is Rs.180 lakhs.

UBN : ALU2425SLOB00005

Raj.Samwad/C/24/11347 REGISTRAR



राजस्थान सरकार

**निदेशालय होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग राजस्थान जयपुर**

आयुष भवन सेक्टर 26 एन.आर.आई. सर्किल पानी की टंकी के पास प्रतापनगर जयपुर 302033
Phone: 0141-2796630, Fax: 0141-2796631, Website: www.rajhomoeopathy.nic.in

क्रमांक-स्टोर/औ.कं.(रा.ब.)/2024-25/00035 दिनांक-

**Notice Inviting E-Bid**

Bids for procurement of homeopathic medicine are invited from bidders upto 01.00 pm dated 10-02-2025. The approximate value of the procurement is Rs 101.08 lacs. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in,http://sppp.raj.nic.in) of the state.

UBN 1. HMC2425GLOB00010

DIPR/C/1353/2025 Director



**कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) - 345001**

क्रमांकः- नपजै/जन स्वास्थ्य/2024-25/282 दिनांक : 05.02.2025

**निविदा सूचना संख्या 03/2024-25**

NIB Code - DLB2425A5354

नगर परिषद् जैसलमेर द्वारा श्रम विभाग, पी.एफ. एवं ई.एस.आई. में पंजीकृत संवेदको से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अकुशल एवं अर्द्धकुशल श्रमिक आपूर्ति कार्य की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाइन ई-निविदा से संबंधित कार्य की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.in पर देखी जा सकती है।

उक्त कार्य के UBN No. :- DLB2425SLOB16373 & 16374

राज.संवाद/सी/24/11315 प्रशासक नगर परिषद् जैसलमेर आयुक्त नगर परिषद् जैसलमेर



**कार्यालय नगरपरिषद राजसमन्द**

जिला परिषद रोड़, राजनगर राजसमन्द पिन 313324
Email :- rajsamandnagarpalika@gmail.com Telephone No. 02952-220034

क्रमांकः एफ (12)नपरा/विकास /NIT/12/2024/7429 दिनांक : 05.02.2025

**निविदा सूचना संख्या 12/2024-25**

नगरपरिषद राजसमन्द द्वारा 02 कार्य की अनुमानित लागत 18.80 लाख रूपये हेतु संबंधित संवेदक/संस्था/संगठन से दिनांक 12.02.2025 को 3.00 बजे तक मुहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 12.02.2025 दोपहर 12.00 बजे तक विक्रय की जावेगी। प्राप्त निविदाऐं आमंत्रित तिथि को सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। सशर्त दरें मान्य नही होगी। निविदा सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

UBN No. DLB2425WSOB16386 & DLB2425WSOB16388

राज.संवाद/सी/24/11316 समापति नगरपरिषद राजसमन्द आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द


# बस और कंटेनर की टक्कर में एक की मौत, 22 यात्री घायल

## घायलों में सात लोगों की हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर किया

**रतनगढ़, (निस)।** थाना क्षेत्र में गुरुवार रात करीब दो बजे जयपुर से श्रीगंगानगर जा रही स्लीपर बस और कंटेनर में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसे में 22 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में 7 लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसा टिडीयासर टोल प्लाजा से करीब एक किलोमीटर पहले हुआ।

हादसे की सूचना मिलने पर रतनगढ़ थाने से एएसआई सुरेश कुमार और रामनिवास मौके पर पहुंचे। वहीं घायलों को समाजसेवी कांग्रेस युवा नेता रामवीर सिंह राईका, संदीपसिंह भोजासर और जुगराज सामारिया ने 108 एंबुलेंस और निजी वाहनों से रतनगढ़ के जालान अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में सात लोग गंभीर घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जयपुर ले जाया गया। घायलों को जयपुर लेकर जाते समय सीकर के पास इंदड़ा रूणिया सरसा निवासी भीमसेन (35) की मौत हो गई, जिसका शव सीकर के एसके अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया गया है। हादसे की सूचना पर रतनगढ़ डीएसपी अनिल वर्मा भी मौके पर और अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने घटना की जानकारी ली।

रतनगढ़ थाने के एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि देर रात स्लीपर बस जयपुर से श्रीगंगानगर आ रही थी। टिडियासर टोल नाका से करीब एक किलोमीटर पहले सामने से आ रहे कंटेनर और बस में भिड़ंत हो गई। हादसे में सुरवाला हनुमानगढ़ निवासी पूनम (21), मुकेश (25), निठार भरतपुर निवासी सुरेश (45), हिंडोन करौली निवासी शेखर (19), कोहला हनुमानगढ़ निवासी देवेन्द्र (32), रूपनगर हनुमानगढ़ निवासी जफर हुसैन, मिर्जावाली मेहर हनुमानगढ़ निवासी रीता (30), रावतसर निवासी नन्दकिशोर (50), विनोद (47), मिर्जावाला श्रीगंगानगर निवासी नीतेश नाई (25), वर्षा (08), अनुसूईया (28), विजयवाला गंगानगर निवासी कृष्णलाल (52), डबली खुर्द निवासी भागीराम (42), हनुमानगढ़ जंक्शन निवासी केतन पंवार (20), पदमपुर निवासी नितीन कुमार (35), मिर्जावाली मेहर निवासी अमित कुमार (30), डबली कला निवासी दीक्षित (19), शिवभगवान (35), गोपाल (45), चूरू निवासी रविन्द्र सिंह और कोटा निवासी भगताराम घायल हो गए। इन घायलों में से सात घायलों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया।

## ट्रक ने पति-पत्नी सहित तीन को कुचला

**अलवर, (निसं)।** अलवर में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचल दिया। ट्रक पहियों में फंसे लोगों को घसीटते हुए ले गया। हादसे में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक युवती गंभीर घायल हो गया। हादसा शुक्रवार सुबह दस बजे शहर में नमन होटल के पास हुआ। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। वैशाली नगर एसएचओ गुरुदत्त सैनी ने बताया कि हादसे में तिजारा के पालपुर निवासी कासम खान (40) और उनकी पत्नी सहिला खान (40) की मौत हुई है। वहीं, कासम खान की बहन जुबैदा घायल है। नमन होटल के पास के सभी सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। परिवार ने बताया कि तीनों एक रिश्तेदार की मौत पर शोक जताने अलवर गए थे। नमन होटल के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी। ट्रक उन्हें घसीटते हुए ले गया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड बारां**

Email : ee.bara.phed@rajasthan.gov.in, Mob.: 9414234384)

क्रमांक-अअ जनस्वा/त0स0/2023-24/3734-49 दिनांकः 30.01.2025

**निविदा सूचना संख्याः 37 एवं 38 / 2024-25**

समुचित वर्ग के सूचीबद्ध सक्षम ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिये राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/कार्य के ठेकेदार तथा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक, दूरसंचार, रेल्वे, सेना अभियांत्रिकी सेवा, अन्य राज्य सरकारों / केन्द्रीय सरकार के उपक्रमों/ संगठनों के पास सूचीबद्ध ठेकेदार, जो कि राजस्थान सरकार के "एए" श्रेणी के समतुल्य है भी कार्यों के लिये निविदा हेतु नियमानुसार विहित अग्रिम धनराशि देने के पश्चात् निविदा हेतु पात्र होंगे, से निर्धारित प्रपत्रों में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।
निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 31.01.2025 प्रातः 10:00 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है। ऑनलाईन निविदाएँ इसी वेबसाईट पर इच्छुक संवेदकों द्वारा दिनांक 31.01.2025 से 10.02.25 सांय 18:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। ऑन लाईन प्राप्त निविदाएं दिनांक 11.02.2025 को इस कार्यालय में दोपहर 15:00 बजे खोला जाना निर्धारित है, यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले दिन कार्यदिवस को उसी समय पर निविदा खोली जावेगी।
उक्त निविदा एसपीपी पोर्टल पर प्रकाशित की जा चुकी है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण निम्नलिखित वेबसाईट पर देखे जा सकते है-
1. http://www.eproc.rajasthan.gov.in, 2. http://sppp.rajasthan.gov.in

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) | धरोहर राशि 2% | धरोहर राशि 0.50% | निविदा/प्रक्रिया शुल्क (रूपये में) Tendr Fees | RISL Fees | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 37/ 2024-25 | ग्रीष्म 2025 में खण्ड बारां के अधीनस्थ निम्नांकित पंचायत समितियों के पेयजल समस्याग्रस्त ग्रामों में टेंकरों द्वारा पेयजल परिवहन का कार्य। | | | | | | |
| A) | पंचायत समिति बारां | 12.31 | 24,620 | 6,155 | 500/- | 500/- | वार्षिक दर अनुबंध |
| | UBN:PHE2425WSRC08813 | | | | | | |
| B) | पंचायत समिति अन्ता | 22.96 | 45,920 | 11,480 | 500/- | 500 | |
| | UBN:PHE2425WSRC08814 | | | | | | |
| C) | पंचायत समिति मांगरोल | 37.66 | 75,320 | 18,830 | 1000/- | 500/- | |
| | UBN:PHE2425WSRC08815 | | | | | | |
| D) | पंचायत समिति किशनगंज | 74.11 | 148,220 | 37,055 | 1500/- | 1500/- | |
| | UBN:PHE2425WSRC08816 | | | | | | |
| E) | पंचायत समिति शाहबाद | 47.27 | 94,540 | 23,635 | 1000/- | 500/- | |
| | UBN:PHE2425WSRC08817 | | | | | | |
| 38/ 2024-25 | खण्ड बारां के अधीनस्थ निम्नांकित शहरी जलयोजना के समस्याग्रस्त क्षेत्रों में टेंकरों द्वार पेयजल परिवहन का कार्य। | | | | | | |
| A) | शहरी जलयोजना बारां | 23.77 | 47,540 | 11,885 | 500/- | 500/- | वार्षिक दर अनुबंध |
| | UBN:PHE2425WSRC08818 | | | | | | |
| B) | शहरी जलयोजना अन्ता | 7.48 | 14,960 | 3,740 | 500/- | 500 | |
| | UBN:PHE2425WSRC08820 | | | | | | |
| C) | शहरी जलयोजना मांगरोल | 7.95 | 15,900 | 3,975 | 500/- | 500/- | |
| | UBN:PHE2425WSRC08824 | | | | | | |

जल ही जीवन है

(प्रदीप कुमार)
अधिशाषी अभियंता,
जन स्वा.अभि.विभाग, खंड बारां (मो.-9414234384)

DIPR/C/1410/2025

# 'पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने हिंदी माध्यम स्कूलों पर चिपकाए थे अंग्रेजी के बोर्ड'

## कांग्रेस सरकार की इस सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में हिंदी व अंग्रेजी दोनों माध्यम के बच्चों का भविष्य अनिश्चितता में पड़ गया : दिलावर

■ शिक्षा मंत्री ने कहा, ''पूर्ववर्ती सरकार ने आवश्यकता का आंकलन किए बिना ही मनमर्जी से स्कूलें खोली, 4 हजार विद्यालय तो ऐसे हैं, जिनमें पद ही स्वीकृत नहीं है।''

■ उन्होंने विधायक चंद्रभान सिंह द्वारा चितौड़गढ़ में शिक्षकों की कमी के प्रश्न पर कहा कि, सरकार जल्द ही खाली पदों को प्राथमिकता से भरेगी।

**जयपुर** (विसं)। शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को विधानसभा में पूर्ववर्ती सरकार ने आवश्यकता का आंकलन किये बिना मनमर्जी तरीके से विद्यालय खोले। 4000 से ज्यादा विद्यालय ऐसे हैं, जिनमें पद ही स्वीकृत नहीं किये और जो पद स्वीकृत हुए, उन्हें भरा नहीं गया। सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए हिन्दी माध्यम के विद्यालयों पर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का बोर्ड चिपका दिया।

इससे हिन्दी और अंग्रेजी दोनों ही माध्यमों के बच्चों का भविष्य अनिश्चितता में लटक गया। इसी प्रकार कई बालिका विद्यालयों को भी बदलकर अंग्रेजी माध्यम में बदल दिया। इसके चलते बालिकाओं को स्कूल छोड़कर दूर-दराज की स्कूल में दाखिला लेना पड़ा या पढ़ाई छोड़नी पड़ी।

दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक विद्यालय के बारे में जानकारी लेकर समीक्षा की जा रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा एक समिति का गठन किया गया है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि समिति की रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेश और विद्यार्थियों के हित में फैसला लिया जाएगा।

इससे पहले विधायक चन्द्रभान सिंह चौहान के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में शिक्षा मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में व्याख्याता के 328 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 212 पद भरे हुए हैं तथा 116 रिक्त हैं।

इसी प्रकार वरिष्ठ अध्यापक के कुल 433 स्वीकृत पदों में से 315 पदों पर अध्यापक कार्यरत हैं तथा 118 पद रिक्त हैं। उन्होंने व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापकों के विद्यालयवार स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण सदन के पटल पर रखा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र में विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को विभागीय पदोन्नित समिति तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर से चयनित आशार्थी उपलब्ध होने पर प्राथमिकता से भरा जाएगा।

## 'राजस्थान में भू-जल स्तर बढ़ाने के हो रहे सार्थक प्रयास'

**जयपुर** (विसं)। भू-जल मंत्री कन्हैया लाल ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार भू-जल स्तर बढ़ाने व वर्षाजल संरक्षण करने के लिए राज्य सरकार प्रभावी कार्य कर रही है। कन्हैयालाल प्रश्नकाल में विधायक गोपीचंद मीणा के पूरक प्रश्नों का जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक को अटल भू-जल योजना में जोड़ने के लिए केन्द्र सरकार से आग्रह किया है। राज्य के भू-जल संसाधनों की नवीनतम आकलन रिपोर्ट वर्ष-2024 में 295 पंचायत समितियों तथा सात शहरी क्षेत्रों सहित कुल 302 इकाइयों का आंकलन किया गया है। जिसमें 214 इकाइयां अतिदोहित, 27 इकाइयां संवेदनशील, 21 इकाइयां अद्धर्संवेदनशील, 37 इकाइयां सुरक्षित तथा तीन इकाइयां लवणीय श्रेणी में वर्गीक्रत हैं। राज्य की भू-जल दोहन दर 149.86 प्रतिशत रही है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2023 के दौरान वर्षा जल संरक्षण के लिए भू-जल पुनर्भरण के प्रचलित तकनीकी उपायों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की कृत्रिम भू-जल संचरनाओं का निर्माण कराया गया।

# हाऊसिंग बोर्ड ने ई-नीलामी में बेची 155 करोड़ रु. की प्रीमियम प्रॉपर्टी

-कार्यालय संवाददाता-

■ जयपुर से लगभग 132.37 करोड़, भरतपुर से 35.31 लाख, भिवाड़ी से 6.97 करोड़, और हनुमानगढ़ से 15.92 करोड़ की आय आवासन मण्डल को होगा : आवासन आयुक्त

**जयपुर** । राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से विभिन्न आय वर्गों के लिए करवाए जा रहे ''प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन'' को लेकर आमजन में काफी उत्साह देखने को मिला है।

आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से 3 से 5 फरवरी को आयोजित किए गए प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में लगभग 155.62 करोड़ की आवासीय व व्यवसायिक सम्पत्तियों का निस्तारण किया गया। इस नीलामी में जयपुर, हनुमानगढ़, भिवाड़ी और भरतपुर में छोटे व बडत्रे व्यावसायिक एवं आवासीय भूखंड तथा निर्मित फ्लैट शामिल हैं।



आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा

डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में ई-नीलामी के तहत कुल 44 सम्पत्तियों का निस्तारण किया है। इनमें जयपुर से लगभग 132.37 करोड़, भरतपुर से 35.31 लाख, भिवाड़ी से 6.97 करोड़, और हनुमानगढ़ से 15.92 करोड़ की आय आवासन मण्डल को होगी। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल के प्रति आमजन का विश्वास प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में भी देखने को मिला है, जिससे यह कहा जा सकता है की अपने आवास का सपना साकार करने के लिए आवासन मण्डल आज भी आमजन की पहली पसंद है। मण्डल द्वारा मिशन मोड में संपत्तिया को चिन्हित कर नीलामी के लिए उपलब्ध कराया गया। साथ ही आमजन की सहूतलियत के लिए उनकी जीपीएस लोकेशन को भी मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाया गया। इसी के साथ व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया गया जिसके फलस्वरूप अधिक संख्या में लोगों ने इस नीलामी में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी आवासन मण्डल की ओर से इसी तरह की योजनाओं एवं नीलामी कार्यक्रम के जरिये आमजन को ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाभ उठाने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है की फरवरी माह का प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन अब 10 से 12 फरवरी, 17 से 19 तथा 24 से 27 फरवरी को होगा ।

# सांप-मकड़ियां और बिच्छू के साथ दो यात्री गिरफ्तार

## जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम अफसरों ने आरोपियों को दबोचा

**जयपुर**। जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग प्रजाति के सांप-मकड़ियां और बिच्छू जब्त कर दो यात्रियों को पकडा हैं। प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि डिटेन गए दोनो यात्रि नशे के लिए इन जहरीले सांप-मकड़ियां और बिच्छू को लेकर आए थे।

कस्टम अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर से बैंकॉक से आई एयर एशिया की फ्लाइट में दो संदिग्ध लोगों की जानकारी मिली थी। इस पर फ्लाइट के जयपुर में लैंड होते ही टीम ने दोनों यात्रियों को डिटेन किया। दोनों यात्रियों के पास से कस्टम की टीम को 7 प्लास्टिक के डिब्बे मिले। इन डिब्बों को खोलने पर सांप, बिच्छू और मकड़ियां मिली। प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि इन जीवों की तस्करी नशे के लिए की जा रही थी। दोनों यात्रियों का कहना है कि वह नहीं जानते थे कि डिब्बों में क्या है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। डिब्बों में कई प्रजाति के सांप,



बिच्छू और मकड़ियां मिलने पर वन विभाग की टीम को एयरपोर्ट पर मौके पर बुलाया गया। वन विभाग की टीम जांच कर रही है कि इन जीवों की तस्करी के पीछे वास्तविक कारण क्या हो सकता है।

# बिना सत्यापन किरायेदार रखा तो मकान मालिक को होगी जेल

■ किरायेदारो को पुलिस सत्यापन कराना होगा अति आवश्यक

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में किराए पर रहकर बदमाशों के शहर में अपराध करने की वारदात लगातार सामने आ रही है। इसके अलावा मकान मालिकों के किराए पर रखने वालों का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करवाने से शहर में अपराध बढ़ा है। जयपुर पुलिस की ओर से बिना सत्यापन के किराएदारों को रखने वाले मकान मालिकों पर कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से जयपुर शहर के सभी मकान मालिकों को इस संबंध में पाबंद करने का आदेश जारी किया गया। इसी संदर्भ में जयपुर पश्चिम जिला पुलिस ने मुरलीपुरा, करधनी, विश्वकर्मा, सदर, बिंदायका, झोटवाडा थाना इलाके में बिना सत्यापन के किराएदारों को रखने वाले ग्यारह मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिनमें से चार मकान मालिकों को शांतिभंग में गिरफ्तार भी किया गया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार बढानिया ने बताया कि पिछले दिनों हुई कई आपराधिक वारदातों में पकड़े गए बदमाशों के जयपुर में किराए पर रहने का पता चला। इन बदमाशों को किराए पर रखने वाले मकान मालिकों ने उनका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करवाया था। किराएदार का बिना सत्यापन करवाए उनको किराए पर रखा गया था। कुछ मकान मालिकों को ऐसे आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को किराए पर मकान देने का आभास भी नहीं होता है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार बढानिया ने बताया कि जयपुर पश्चिम में ऐसे अपराधियों का डाटा जुटाया गया। जिनके खिलाफ तीन या उससे अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज है। इनके खिलाफ इन प्रकरणों में से पांच साल में कोई ना कोई प्रकरण दर्ज हुआ है। जो वर्तमान में सक्रिय अपराधी है। ऐस कुल अपराधों की संख्या 1 हजार 835 है, जिनमें कुल अपराधियों की संख्या करीब 250 है। इनमें से कुछ अपराधी खुद के मकान में और कुछ किराए के मकान में जयपुर पश्चिम जिले में रह रहे है। मकान मालिकों ने बिना पुलिस सत्यापन के उन्हें किराए पर रखा हुआ है। पुलिस वेरिफिकेशन के बिना किराएदार रखने वाले मकान मालिकों पर कार्रवाई की गई। जयपुर पश्चिम पुलिस की ओर से ग्यारह मकान मालिकों पर कार्रवाई की। पुलिस ने चार मकान मालिकों को शांतिभंग के आरोप में बंद किया गया। जयपुर पुलिस की ओर से बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किराएदार रखने वाले मकान मालिकों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। एक्ट 223 बी के तहत मकान मालिकों पर कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत एक साल तक सजा हो सकती है।

## सांसद मंजू शर्मा की गडकरी से मुलाकात

**नई दिल्ली** । जयपुर शहर लोकसभा क्षेत्र से सांसद मंजू शर्मा ने आज संसद परिसर में केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विभिन्न सड़कों के रख-रखाव, नवीनीकरण सहित सडक हादसों में कमी के लिए उच्चतम गुणवत्ता वाली तकनीको के माध्यम से आपातकालीन एवं आभारभूत सुविधाओं के विकास और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। जिसपर केन्द्रीय मंत्री ने त्वरित कार्रवाही करने की बात कही। मंजू शर्मा ने उनका आभार व्यक्त किया। सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में विकास को गति देने और व्यापार बढ़ाने के लिए अच्छी सड़कों के साथ-साथ सुगम व सुरक्षित परिवहन भी आवश्यक है। मोदी सरकार ने राजस्थान में हाईवे निर्माण के लिए पिछले दस सालों में भरपूर मदद की है। जिससे दुर्घनाओं में कर्मी और विकास में गति आई है।

## तिवाड़ी ने जयपुर हैरिटेज संरक्षण का मुद्दा राज्यसभा में उठाया

**जयपुर**। राजस्थान भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने शुक्रवार को जयपुर शहर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे को सदन में उठाया।

तिवाड़ी ने कहा कि जयपुर, जिसे पिंकसिटी के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय वास्तुकला, संस्कृति और इतिहास का एक अद्वितीय संगम है। यह शहर न केवल अपनी भव्यता और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यह यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड हेरिटेज सिटी के रूप में भी मान्यता प्राप्त कर चुका है। तिवाड़ी ने आगे कहा कि जयपुर शहर के ऐतिहासिक स्थल, महल, किले, मंदिर और बाजार समय के साथ-साथ बढ़ती जनसंख्या, अतिक्रमण, अव्यवस्थित शहरीकरण, और प्रदूषण के कारण खतरे में पड़ गए हैं। इन धरोहरों की संरचना और शुद्धता को बनाए रखना एक चुनौती बन गई है। जयपुर की हेरिटेज विरासत केवल राजस्थान या भारत ही नहीं, बल्कि समूचे विश्व के लिए अनमोल धरोहर है। इसके संरक्षण के लिए सरकार, स्थानीय प्रशासन, और समाज के सभी हिस्सों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

राज्यसभा सांसद तिवाड़ी ने कहा कि यदि हम समय रहते इन स्थलों के संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाते, तो यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बड़ी क्षति हो सकती है। जयपुर के ऐतिहासिक स्थल भारतीय संस्कृति के अद्वितीय प्रतीक हैं, और हमें इन्हें बचाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

# शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई कर रहा सहकारिता विभाग : गौत्तम कुमार दक

**जयपुर** (विसं)। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं की शिकायतों के लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण के लिए गंभीरता से प्रयास करते हुए विभागीय स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर 31 जनवरी 2025 तक 519 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

उन्होंने बताया कि 6 प्रकरणों में 11 अधिकारियों के विरुद्ध एसीबी को प्रारंभिक अन्वेषण के लिए अनुमति प्रदान की गई है। इसके साथ ही 10 लापरवाह अधिकारियों, कर्मचारियों को निलंबित किया है। इसी प्रकार 43 कर्मचारियों, अधिकारियों के विरुद्ध 16 सीसीए के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई गई तथा 7 अधिकारियों को 17 सीसीए में नोटिस दिया गया है। सहकारिता राज्य मंत्री शुक्रवार को प्रश्नकाल में इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जिन क्रय-विक्रय समितियों में गबन अथवा घोटालों की शिकायत मिली है। वहां कर्मचारियों के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। उन्होंने कहा कि विभाग शिकायतों पर गंभीरता से कार्य कर रहा है, शिकायतों के लिए राज्य स्तर पर एक टीम गठित कर उनकी जांच करवाई जा रही है। श्री दक ने कहा कि विभाग के संज्ञान में जो भी गंभीर प्रकरण आए उनके दोषी अधिकारियों की अभियोजन स्वीकृति दी गई। इससे पहले विधायक विधायक कालीचरण सराफ के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में राज्य की क्रय-विक्रय सहकारी समितियों में हुए निर्णित-कथित गबन व अनियमितता के प्रकरणों का विवरण सदन की मेज पर रखा। साथ ही, उन्होंने घोटालों में दोषी पाए गए अधिकारियों/कार्मिकों/फ़र्म के विरुद्ध विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण भी सदन के पटल पर रखा।

## 'निर्धारित मजदूरी के अनुसार मानदेय भुगतान'

**जयपुर** । जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि जनता जल योजना के अन्तर्गत अंशकालिक रूप से कार्यरत सहायक पंप चालकों को मोटर आदि को चलाने के लिए मानदेय भुगतान कुशल श्रमिकों के लिए निर्धारित न्यूनतम मजदूरी 7410 रुपये के अनुसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन्हें स्थाई करने का कोई प्रावधान वर्तमान में विचाराधीन नहीं है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता जल योजना के तहत पंप आदि चलाने के लिए विभागीय कर्मचारी को नियुक्त नहीं कर अंशकालीन व्यवस्था किये जाने का प्रावधान है।



**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शुक्रवार को राजभवन में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल श्री बागडे ने उनका राजभवन में अभिनंदन किया। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।**

## 'राजसमंद में 42 ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियां संचालित'

**जयपुर** । सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राजसमन्द क्षेत्र में कुल 50 ग्राम पंचायत हैं। इनमें से 42 में बहुउद्देश्यीय ग्राम सेवा सहकारी समिति संचालित हैं।

उन्होंने आश्वस्त किया कि शेष 8 ग्राम पंचायतों में भी प्रस्ताव प्राप्त होने पर नवीन बहुउद्देश्यीय ग्राम सेवा सहकारी समिति की स्थापना की जाएगी। सहकारिता मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सहकारिता को सशक्त बनाने के लिए सहकार से समृद्धि योजना के माध्यम से प्राथमिक सहकारी समितियों को बहुउद्देश्यीय एवं बहुआयामी बनाने के लिए कई नवाचार शुरू किये गए हैं। राज्य सरकार द्वारा पैक्स को कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक करीब 5 हजार 96 कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किये गए हैं। इसके अतिरिक्त पैक्स में जन औषधी केन्द्र भी स्थापित किये गए हैं तथा पारदर्शिता लाने के लिए इन्हें कम्प्यूटरीकृत भी किया जा रहा है।

इससे पहले विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सहकारिता मंत्री ने कहा कि वर्ष 2021 से 2024 तक 5 हजार 378 नई बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समितियां गठित की गई हैं। उन्होंने प्रदेश में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख,डेयरी, मात्स्यिकी सहकारी समितियों से लाभान्वित किसानों का जिलेवार संख्यात्मक विवरण सदन के पटल पर रखा।

# सूने मकानों में सेंध लगाने वाला पकड़ा

■ जयपुर पुलिस कमिश्नर ने किया डीजीपी डिस्क व प्रशस्ति रोल से सम्मानित

**जयपुर**। बिंदायका थाना क्षेत्र में सूने मकानों को निशाना बनाने वाले शातिर नकबजन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का पूरा सामान और वारदात में इस्तेमाल ऑटो रिक्शा भी बरामद कर लिया है। पुलिस जांच सामने आया है कि यह शातिर अपराधी पहले भी कई चोरी की वारदातों में लिप्त पाया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के आभूषण, नगदी और वारदात में काम में लिया ऑटो रिक्शा बरामद किया है।

पुलिस उपायुक्त अमित बुडानिया ने बताया कि 4 फरवरी 2025 को परिवादी किशोरी नंदन शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 2 फरवरी को जब वह अपने परिवार के साथ बाहर गए थे, तब उनके घर में चोरी हो गई। पीड़ित ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि चोर उसके मकान से चांदी के आभूषण और नगदी चोरी कर ले गए। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों की जानकारी जुटाई। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध की पहचान हुई और उसे हिरासत में लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी हरजान सैनी (35) पुत्र रतनलाल सैनी निवासी टोडाभीम, करौली ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# राम का गुणगान करने वाले लोग उनसे कुछ सीखते : गोठवाल

■ 'उपचुनाव के परिणाम में जनता ने कांग्रेस को आइना दिखाने का कार्य किया'

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान खंडार विधायक और भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता दिखाने के लिए राम का गुणगान कर रहे हैं, इससे अच्छा होता कि वे राम के जीवन चरित्र से कुछ सीखते। उन्होंने कहा कि हाल ही 7 सीटों पर हुए उपचुनाव में प्रदेश की जनता ने सबक सिखाया था। यह चुनाव परिणाम कांग्रेस नेताओं के लिए आइना दिखाने वाले थे लेकिन इसके बाद भी उन्होंने इससे कोई सबक नहीं सीखा।

विधायक और भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान चाकसू विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने सबके सामने कहा था कि उनका ही नहीं बल्कि उनके साथ 9 अन्य नेताओं के फोन टेप किए जा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के तत्कालीन ओएसडी लोकेश शर्मा ने सबके सामने पेन ड्राइव रखते हुए कहा था कि यह रिकार्डिंग गहलोत ने दी है। पूर्व सीएम गहलोत ने पूरे पांच साल तक नेताओं के फोन टेप करवाने का कार्य किया। गोठवाल ने कहा कि सीएम भजनलाल ने संकल्प लिया है कि राजस्थान के अब तक के विकास के रिकार्ड को तोडते हुए युवाओं को रोजगार, आवास और खाद्यान्न उपलब्ध करवाया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक साल में कई कठोर निर्णय लिए है। पेपरलीक मामले में 200 लोगों की गिरफ्तारी बडा काम है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आयोजित राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम में रिकार्ड एमओयू हुए हैं। कांग्रेस नेता राइजिंग राजस्थान के नाम से जेब भरना चाहते थे इसलिए कार्यकाल के अंतिम वर्ष में ऐसे आयोजन करते रहे जबकि सीएम भजनलाल ने पहले साल ही इसका आयोजन कर बता दिया कि यह सरकार जनता का भला करने के लिए है।

खंडार विधायक गोठवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने शासनकाल में 5 साल में 80 हजार युवाओं को रोजगार दिया जबकि भाजपा सरकार ने एक साल में ही 59 हजार लोगों को नौकरी दी है। इसके अलावा एक लाख 72 हजार नौकरियों के लिए वेकेंसी निकाली है। आने वाले सालो में 2 लाख 32 हजार को रोजगार देंगे यह हमारा विजन है। उन्होंने पिछली सरकार के समय योजना भवन के बेसमेंट में मिला एक किलो सोना और 2.32 करोड की नकदी तत्कालीन सीएम अशोक गहलोत ने रखवाई थी। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में ही भाजपा शासन में अपराध कम हुआ है और करीब एक लाख मुकदमे कम दर्ज हुए हैं।

## जयपुर में ई-रिक्शा संचालन 6 जोन में विभाजित : प्रेमचंद बैरवा

**जयपुर**। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा एवं उपमुख्यमंत्री डा प्रेम चंद बैरवा ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि अवैध वाहनों के संचालन से जयपुर शहर में उत्पन्न यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार ठोस और प्रभावी कदम उठा रही है और ई-रिक्शा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए थाना क्षेत्रानुसार क्लस्टर बनाकर 6 जोन में विभाजित किया गया है। डॉ. बैरवा प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने बताया कि गत वर्ष 15 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर प्रत्येक जोन में ई-रिक्शा की संख्या भी निर्धारित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा संचालन वाले छह जोन में पार्किंग एवं चार्जिंग के स्थान भी चिह्नित किये गए हैं एवं ई-रिक्शा को जोनवार क्यूआर कोड जारी करने के लिए गत 28 जनवरी को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर प्रथम एवं द्वितीय में 45 हजार 508 ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि शहर में यातायात जाम की स्थिति से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों के समन्वय से कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

इससे पहले विधायक बालमुकुंदाचार्य के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में डा बैरवा बताया कि जयपुर शहर में विशेष आयोजनों एवं पीक ऑवर्स के दौरान यातायात का दबाव बढ़ जाता है, यातायात दबाव वाले स्थानों पर यातायात पुलिस द्वारा अतिरिक्त जाप्ता लगाकर यातायात व्यवस्था कराई जाती है। जयपुर शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध नियमानुसार एम.वी.एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष में नियमित रूप से मोटर यान अधिनियम, 1988 एवं सपठित नियमों के उल्लंघन करने पर अवैध वाहनों के विरूद्ध परिवहन विभाग द्वारा 7 हजार 183 एवं यातायात पुलिस द्वारा 2 लाख 55 हजार 129 चालान की कार्यवाही की गयी हैं।

# जयपुर पुलिस कमिश्नर ने किया डीजीपी डिस्क व प्रशस्ति रोल से सम्मानित

**जयपुर**। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाईन चांदपोल जयपुर में आयोजित समारोह में पुलिस सेवा में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवायें देने वाले दो अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, तीन पुलिस निरीक्षक, एक उप निरीक्षक, एक सहायक उप निरीक्षक, दो हेडकांस्टेबल, एक कांस्टेबल, एक विशिष्ट लोक अभियोजक को डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति रोल देकर सम्मानित किया एवं एक अतिउत्कृष्ट, नौ उत्कृष्ट सेवा पदक भी देकर सम्मानित किया है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर ने सम्मानित होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को बधाई एवं उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा कि डीजीपी डिस्क विशेष कार्य करने वालों को ही दी जाती है। इतनी बड़ी फोर्स में जो लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं।

उनको कार्य करने के लिए सम्मानित किया जाय तो यह उनके काम का भी सम्मान है। बाकी के लोग भी इनसे प्रेरणा लें। उन्हे उम्मीद है कि भविष्य में भी लगन, समर्पण एवं मेहनत से जनता की सेवा का कार्य करते हुए पुलिस का नाम रोशन करते हुए आगे बढ़ाते रहेंगे।

डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने वालों में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शिल्पा चौधरी, हेमन्त जाखड, पुलिस निरीक्षक गुरू भूपेन्द्र सिंह, सुरेश चन्द, राजेन्द्र गोदारा, उप निरीक्षक राजेश कुमार, सहायक उप निरीक्षक प्रद्युमन कुमार, हेडकांस्टेबल रामसिंह, लोकेश कुमार एवं विशिष्ठ लोक अभियोजक रचना मान शामिल थे।

साथ ही अति उत्कृष्ट सेवा पदक से हैडकांस्टेबल राजेश कुमार एवं उत्कृष्ट सेवा पदक से हैडकांस्टेबल बृजमोहन अमित कुमार, ओमप्रकाश, यादराम, कांनिस्टेबल महेश कुमार, सुरेश चन्द, रामलाल, संदीप कुमार को सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अपराध कुंवर राष्ट्रदीप, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था डा. रामेश्वर सिंह चौधरी, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रशासन एवं यातायात योगेश दाधीच, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्री देवेन्द्र कुमार विश्नोई, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार, अपराध कुन्दन कवरिया, यातायात शाहिन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त हरिराम जाखड़, सुलेश चौधरी, रानू शर्मा, राजवीर सिंह, लाखन मीणा, सीताराम प्रजापत, सहायक पुलिस आयुक्त हेमराज मूंड सहित अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# गुजरात की अंतर्राज्यीय चोर गैंग ने बैंक, दो स्कूलों और मकान को निशाना बनाया

## मौके पर पहुंचे दो होमगार्ड जवानों व एक युवक पर चोरों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया




घायल दोनों होमगार्ड जवानों व चोर को एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के गुलाबपुरा थाना क्षेत्र में बीती रात गुजरात की अंतर्राज्यीय चोर गैंग ने क्षेत्र में एक बैंक, दो स्कूलों और एक मकान को निशाना बनाकर नकदी व जेवरात चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान गश्त करते हुए मौके पर पहुंचे दो होमगार्ड जवानों व एक युवक पर चोरों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। होमगार्ड व पुलिसकर्मियों ने एक शातिर चोर को दबोच लिया, जबकि उसके चार साथी अपने साथ लाई ईको कार से फरार हो गये। घायल दोनों होमगार्ड जवानों व चोर को एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

जानकारी के अनुसार गुलाबपुरा थाना क्षेत्र की आईटीआई रोड पर बीती रात को हथियारों के साथ चोरों ने स्मॉल फाइनेंस बैंक को निशाना बनाया। चोरों ने बैंक के ताले तोड़ उसमें रखी तिजोरी तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन चोर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके। इसके बाद चोरों ने सनराइज स्कूल को निशाना बनाते हुए यहां से कीमती वस्तु हाथ नहीं लगने पर शास्त्री नगर में किराये से रहने वाले बांदनवाड़ा क्षेत्र के दीपक सिंह के मकान पर धावा बोला। चोरों ने यहां से सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर लिया।

इस बीच, होमगार्ड व पुलिस को वारदात की सूचना मिली। पुलिस पहुंची तो चोर वहां से भाग गये। इसके बाद चोर ने शिशूसदन माध्यमिक विद्यालय से आलमारी में रखे 12 हजार 20 रुपये चोरी कर लिये और तोड़फोड़ भी की। इस दौरान जाग हो गई। जाग होने के बाद चोर स्कूल परिसर में ही छिप गये। इस बीच, सूचना मिलने पर दो होमगार्ड गणेश कॉलोनी निवासी बनवारी लाल सोनी व गुलाबपुरा निवासी नरेंद्र सोनी मौके पर पहुंचे, जहां छिपकर बैठे चोरों ने कुल्हाड़ी से दोनों होमगार्डों के साथ ही स्कूल प्रिंसीपल के बेटे आदित्य श्रीवास्तव पर हमला कर दिया। इस बीच, पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। यहां से बदमाश भागने लगे तो होमगार्ड व पुलिस ने 5 में से 1 बदमाश को पकड़ लिया। बाकी भाग छूटे। इस धरपकड़ के दौरान इस बदमाश के भी चोटें आई। इनमें से दोनों होमगार्ड व चोर को एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं आदित्य को प्राथमिक उपचार के बाद गुलाबपुरा हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई।

पकड़े गए चोर से पूछताछ के बाद पुलिस ने बताया कि चोरी को अंजाम देने वाली गैंग गुजरात के दाहोद जिले के जेसावाड़ा थाने के आमली गांव की है। चोर कांती पुत्र तेजमल भावर ने पूछताछ में कबूल किया कि वह, अपने गिरोह के साथ ईको कार से वारदात को अंजाम देने के लिए आया था। वह पकड़ा गया, जबकि उसके साथी कार से फरार हो गये। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

# तेज रफ्तार कार ने सात लोगों को टक्कर मारी, एक की मौत

## बारां-झालावाड़ मेगा हाइवे के समीप घर के बाहर अलाव ताप रहे थे सभी लोग

**कोटा, (निसं)।** बपावर खुर्द थाना इलाके में बारां-झालावाड़ मेगा हाइवे के समीप घर के बाहर अलाव ताप रहे कुछ लोगों पर तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए सात लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें एक घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई, छह अन्य घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है।

बपावर थाने के थानाधिकारी अभय सिंह यादव ने बताया कि बपावर खुर्द गांव में किसी मौत की सूचना पर परिवार व रिश्तेदार गांव में आये हुए थे और गुरूवार रात्रि को सर्दी से बचाव के लिए घर के बाहर ही अलाव तापने के लिए बैठे हुए थे। तभी खानपुर की तरफ

- **छह अन्य घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है, अस्पताल में भर्ती कराया**
- **ये सभी लोग पूर्व सैनिक की मौत के बाद गमी जताने के लिए पहुंचे थे**

से बारां की ओर जा रही एक कार बपावर खुर्द गांव में घुमाव पर अनियंत्रित हो गई। तेज गति से आ रही कार ने घर के बाहर अलाव ताप रहे लोगों को टक्कर मार दी। इससे मौके पर मौजूद सात लोग चोटिल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए बारां जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर शिवराज मीणा (45) ने दम तोड़ दिया। जबकि रामावतार, मनोज, मलखान, हंसराज, ऊदल और अमित घायल हो गए। ये सभी लोग पूर्व सैनिक की मौत के बाद गमी जताने के लिए पहुंचे थे। सभी उसके रिश्तेदार या फिर पड़ोसी हैं, जिनका इलाज बारां के अस्पताल में चल रहा है। शुक्रवार को मृतक शिवराज मीणा के शव का पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सौंप दिया। दूसरी तरफ कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मौके से कार को भी जब्त कर चालक से पूछताछ की जा रही है।

# सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत

**पाली, (नि.सं.)।** पाली में गुरुवार शाम को बाइक सवार मां-बेटे को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौत हो गई, जिनके शव बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि पाली जिले के सांडेराव निवासी 30 साल का प्रकाश पुत्र हरिराम कालबेलिया अपनी 50 वर्षीय मां राधा देवी के साथ बाइक से तखतगढ़ से सांडेराव आ रहा था। इस दौरान गुरुवार शाम को जालोर रोड पर दुजाना के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल मां-बेटे को इलाज के लिए सांडेराव हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को पाली रेफर किया गया। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में जांच के बाद दोनों मां-बेटे को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बॉडी मोर्चरी में रखवाई।

# मानव तस्करी के मामले का पर्दाफाश, महिला गिरफ्तार

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर महिला थाना पुलिस ने मानव तस्करी के मामले का पर्दाफाश करते हुए एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। नीतू छारी नामक यह महिला नाबालिग लड़कियों को खरीदकर उन्हें दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में देह व्यापार में धकेलने का काम करती थी। यह मामला तब सामने आया जब 4 फरवरी को नीतू छारी एक नाबालिग लड़की को ग्वालियर से खरीदकर दिल्ली ले जाने की कोशिश कर रही थी। हालांकि, मानसिक रूप से परेशान पीड़िता ने धौलपुर रेलवे स्टेशन पर हंगामा खड़ा कर दिया, जिससे पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू की और नीतू छारी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान, नीतू ने कबूल किया कि वह लंबे समय से मानव तस्करी के इस धंधे में लिप्त थी। उसने नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर या खरीदकर उन्हें देह व्यापार के दलदल में धकेलती थी।

जांच में यह भी पता चला कि पीड़िता को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। पुलिस अब इस मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके। धौलपुर महिला थाना पुलिस की इस कार्रवाई को एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरा के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसमें महिला कांस्टेबल और अधिकारी शामिल थे। इस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मानव तस्करी के इस रैकेट का भंडाफोड़ किया। पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है और उम्मीद है कि इस गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सुमेधानंद सरस्वती ने केंद्रीय मंत्री नायडू से मुलाकात की

**सीकर, (निसं)।** पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने नई दिल्ली में शुक्रवार को केंद्रीय उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की। स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने उड्डयन मंत्री को सीकर जिले में हवाई यात्रा के क्षेत्र में विकास की संभावना से अवगत कराया। उन्होंने खाटूश्यामजी में हवाई पट्टी बनाने का आग्रह किया।

स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने उड्यन मंत्री से कहा कि खाटूश्यामजी में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। हर वर्ष लगने वाले फाल्गुन मेले के समय में भी करोड़ों श्रद्धालु दर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि हवाई यात्रा में विस्तार से स्थानीय निवासियों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और क्षेत्र में आर्थिक विकास भी होगा। इससे राजस्व में भी वृद्धि होगी। उड्डयन मंत्री नायडु ने पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद की बातों का सकारात्मक जबाब दिया।

# सायबर ठगी में लिप्त चार आरोपी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** पुलिस ने सायबर ठगी में लिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये जा रहे सायबर अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत रघुवीर सिंह भाटी वृताधिकारी उनियारा एवं थानाधिकारी अलीगढ़ पवन कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आमजन के साथ टेलीग्राम एप पर चैनल बनाकर ट्रेडिंग, बीटकोईन व पैसा डबल करने के नाम पर भिन्न-भिन्न तरीकों से सायबर ठगी कर लोगों के बैंक खातों से लाखों रूपये हड़पने वाले सायबर ठगों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए थाना अलीगढ क्षेत्र से आरोपियों को डिटेन कर उनसे गहनता से पूछताछ की गई।

जिला सायबर सैल टीम की मदद से तकनीकी सहायता प्राप्त कर आरोपी

- **टेलीग्राम एप पर चैनल बनाकर ट्रेडिंग, बीटकोईन व पैसा डबल करने के नाम पर भिन्न-भिन्न तरीकों से सायबर ठगी की थी**

राजेन्द्र मीना पुत्र गिर्राज मीना, हिम्मत राम पुत्र मस्तराम मीना, विक्रम उर्फ विक्की मीना पुत्र नन्दपाल मीना एवं दिलखुश मीना पुत्र नन्दपाल मीना समस्त निवासी रिजोदा थाना अलीगढ़ जिला टोंक के विरूद्ध सायबर पोर्टल पर कई शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके आधार पर चारों आरोपियों के विरूद्ध कृत्य करना पाये जाने पर गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से 5 मोबाईल व 4 सिम कार्ड बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

# प्रतिबंधित कैप्सूल सहित एक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जवाहरनगर पुलिस ने एसएसबी रोड पर एक युवक को नशे के कैप्सूल बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्रतिबंधित किए गए प्रिगाबालिन घटक के 300 एमजी डोज के 600 कैप्सूल बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसकी जांच एएसआई करणीसिंह को सौंपी गई है।

ड्यूटी अधिकारी एसआई नरेश कुमार ने बताया कि फ्रेंडस विहार निवासी सुरेश कुमार उर्फ सोनू पुत्र प्रभुदयाल अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी नशे के कैप्सूल बेचने का आदतन आरोपी है। उसे इससे पहले एक बार 5000 कैप्सूल, दूसरी बार 2500 कैप्सूल और तीसरी बार 1200 कैप्सूल के साथ तस्करी करते पकड़ा गया था। अब उसे चौथी बार इसी प्रतिबंधित घटक के कैप्सूल बेचते पकड़ा गया है। आरोपी से बरामद किए गए कैप्सूल के बैच नंबर और उत्पादक फार्मा कंपनी की डिटेल को औषधि नियंत्रण विभाग को भेजी गई है।

वहीं आधा किलो मादक पदार्थ अफीम की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किए गए युवक को अदालत में पेश किया गया। जांच अधिकारी जवाहरनगर थाना के एसआई नरेशकुमार ने बताया कि आरोपी बीकानेर के नयाशहर थाना क्षेत्र के लाली बाई बगीची के पीछे ओडों का बास निवासी नारायण भाटी पुत्र नेमीचंद को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी यहां बीकानेर से 80 हजार रुपए में अफीम खरीदकर श्रीगंगानगर में बेचने के लिए आया था। इस दौरान इसे गंगनहर के पुल पर सदर पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। आरोपी से हुई प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी ने यहां किसी ग्राहक को यह अफीम 90 हजार रुपए में बेचनी थी।

# अवैध हथियार सहित एक गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निस)।** राजगढ़ थाना पुलिस ने अवैध हथियार और एक जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक बीकानेर तथा जिला पुलिस अधीक्षक की ओर से अवांछित घटनाओं पर अंकुश व प्रभावी गश्त के निर्देशन के दौरान एवं स्थानीय पुलिस अधिकारियों के सुपरविजन में पुलिस ने गश्त के दौरान आरोपी रहमान उर्फ रुस्तम पुत्र नवाब खान तेली निवासी राजगढ़ जिला चूरू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देसी कट्टा जिंदा कारतूस सहित बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई में हैड कांनि राकेश कुमार हैड कांनि, सुरेश कुमार कांनि, मुकेश कुमार कांनि व कुलदीप कांनि एजीटीएम ने कार्यवाही को अंजाम दिया।

# चार हजार की रिश्वत लेते ब्लॉक संसाधन व्यक्ति गिरफ्तार

**जयपुर।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी प्रतापगढ़ इकाई ने आरोपी कन्हैयालाल बी.आर.पी. (ब्लॉक संसाधन व्यक्ति) सामाजिक लेखा परीक्षा एवं जवाबदेही पारदर्शिता सोसायटी जयपुर को चार हजार रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी. बी. की चौकी प्रतापगढ़ को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी की ग्राम पंचायत रामपुरिया में मनरेगा के विकास कार्यों में रिकवरी नहीं निकालने की एवज में 15 हजार रूपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है, जिस पर चार एवं पांच फरवरी को रिश्वत राशि मांग सत्यापन कराया गया। जिसमें आरोपी द्वारा परिवादी से 15 हजार रूपये रिश्वत राशि लेने को



आरोपी कन्हैयालाल

सहमत हुआ तथा 6 हजार रूपये वक्त सत्यापन ग्रहण किए गए। जिस पर एसीबी उदयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में एसीबी प्रतापगढ़ के

- **एसीबी की टीम आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही कर रही है**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी कन्हैयालाल बी.आर.पी. (ब्लॉक संसाधन व्यक्ति) सामाजिक लेखा परीक्षा एवं जवाबदेही पारदर्शिता सोसायटी जयपुर को चार हजार रूपये रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# ब्लूटूथ से नकल करते परीक्षार्थी पकड़ा

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के निकट करवड़ स्थित आईआईटी में आयोजित जूनियर असिस्टेंट भर्ती परीक्षा में एक परीक्षार्थी को ब्लूटूथ से नकल करते पकड़ा गया। उसकी गिरफ्तारी फिलहाल नहीं हुई है। उसे कौन कहां से नकल करवा रहा था इस बारे में पुलिस गहन जांच में जुटी है। भर्ती परीक्षा का आयोजन ऑफलाइन था।

करवड़ पुलिस ने बताया कि मामले में आईआईटी के सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इनके अनुसार गुरूवार को आईआईटी करवड़ में जूनियर असिस्टेंट भर्ती परीक्षा का आयोजन ऑफलाइन स्तर पर किया जा रहा था। तब परीक्षा में चैकिंग के समय एक अभ्यर्थी हरियाणा के पानीपत स्थित भालोर का जतिन कुमार पुत्र बालकृष्ण पर संदेह हुआ। इस पर उसे चैक करने पर वह ब्लूटूथ से नकल करते पाया गया। उसने एक डिवाइस के जरिए ब्लूटूथ को कनेक्ट कर रखा था।

# जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को संदिग्ध राशि के साथ पकड़ा

## 73800 रुपये जब्त, पूछताछ पर संदिग्ध अधिकारी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया

**जालोर/बाड़मेर, (कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की बाड़मेर चौकी टीम ने सूत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संदिग्ध अधिकारी ललित कुमार विभाग के हॉस्टल एंव अन्य संस्थाओं के ठेकेदारों से उनके बिल पास करने की एवज में रिश्वत की राशि संकलित कर विभाग के राजकीय वाहन बाड़मेर से जालोर की तरफ जा रहा है, जिस पर एसीबी की टीम ने आकस्मिक चेकिंग की कार्रवाई करते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ललित कुमार की कार की सीट के पास की डिक्की में 50 हजार रुपये व सीट पर रखे उनके जैकेट में 23800 रुपये सहित कुल 73800 रुपये मिले,

- **एसीबी की टीम अधिकारी ललित कुमार से पूछताछ करने में जुटी है**

जिसके संबंध में पूछताछ पर संदिग्ध अधिकारी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी चौकी बाड़मेर को एक गोपनीय सूचना मिली कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जालोर और अतिरिक्त प्रभार जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बाड़मेर ललित कुमार पदस्थापन जालोर में हैं, साथ ही उनके पास बाड़मेर एंव सिरोही का अतिरिक्त प्रभार भी है, जो बाड़मेर में राजकार्य से आया हुआ है एवं विभाग के हॉस्टल एंव अन्य संस्थाओं के ठेकेदारों से उनके बिल पास करने की एवज में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ललित कुमार रिश्वत की वसूली कर रहा है। उक्त राशि लेकर बाड़मेर से उनके विभाग के राजकीय वाहन से जालोर की तरफ जायेगा। जिस पर उनके विरूद्ध नियमानुसार आकस्मिक चैकिंग कार्यवाही कर उसे बाड़मेर से जालोर जाते ग्राम सरनू में संदिग्ध राशि 73800 रूपये सहित दस्तयाब किया है। एसीबी की टीम संदिग्ध अधिकारी ललित कुमार से पूछताछ करने में जुटी है।

# पेट्रोल पंप पर ऑटो में आग लगी

**अजमेर, (कासं)।** कचहरी रोड स्थित पेट्रोल पंप पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक चलते ऑटो में अचानक आग लग गई। आग लगते ही पेट्रोल पंप कर्मचारियों में हड़कंप मच गया, लेकिन उनकी सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। कर्मचारियों ने तुरंत ऑटो चालक को आवाज देकर रुकवाया और अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाया। सिविल लाइन थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

ऑटो चालक रामदास छाबड़ा ने बताया कि वह कचहरी रोड स्थित पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाकर जैसे ही रवाना हुआ, ऑटो स्टार्ट करने के कुछ ही सैकंड बाद पीछे की ओर से अचानक धुआं उठने लगा। पेट्रोल पंप कर्मचारियों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी ने बताया कि ऑटो में आग लगते ही सभी ने सतर्कता दिखाई और पेट्रोल पंप के अग्निशमन सिलेंडर का उपयोग कर आग पर काबू पाया।

# निजी अस्पताल में नवजात शिशु की मौत

## अधिकारियों ने निजी अस्पताल को सीज किया

**पोकरण, (कासं)।** पोकरण शहर के जोधपुर रोड स्थित सनसिटी एवं मल्टीनेशनल अस्पताल में महिला के प्रसव के बाद नवजात शिशु की मौत हो जाने पर पिता की ओर से पुलिस में परिवाद दर्ज करवाया गया।

पुलिस के अनुसार बीकानेर जिला अंतर्गत देशनोक के सुजासर हाल निवासी कस्बे के पारु नगर कॉलोनी निवासी धनसिंह पुत्र भंवरसिंह ने परिवाद पेश कर बताया कि उसकी पत्नी सोनू कंवर के प्रसव पीड़ा होने पर चार फरवरी सुबह पांच बजे कस्बे के निजी अस्पताल लेकर आए थे। यहां नर्सिंग स्टाफ ने उन्हें 30 मिनट में तत्काल प्रसव करवाने एवं गर्भ में जहर फैल जाने के कारण जच्चा व बच्चा दोनों को खतरा होना बताया, जिस पर परिजनों से तत्काल बीस हजार रुपये जमा करवा दिए। उसकी पत्नी को अस्पताल स्टाफ ऑपरेशन शुरू करने के लिए कमरे में बेड पर लिटा दिया। करीब दो घंटे बाद फलोदी से किसी को बुलाकर प्रसव करवाया। परिवादी ने आरोप लगाया कि लापरवाही पूर्वक प्रसव करवाने से नवजात बच्चे का एक पांव टूट गया, जिससे बच्चे की तबीयत बिगड़ गई और शरीर नीला पड़ गया। अस्पताल संचालक ने उन्हें बच्चे को तत्काल जोधपुर ले जाने की बात कही और रेफर किया गया। रेफर के कागजात नहीं दिए गए। वहीं परिवादी द्वारा जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र पालीवाल को जानकारी दूरभाष पर देकर जानकारी दी, जिस पर जैसलमेर से पोकरण पहुंचकर जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. पालीवाल ने अस्पताल प्रशासन के संपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। वहीं सनसिटी अस्पताल चलाने वाले डॉक्टर एवं स्टॉफ अस्पताल परिसर से नदारद थे। चिकित्सा अधिकारी ने पुलिस प्रशासन से सीसीटीवी खंगालने एवं संपूर्ण जानकारी के बारे में तथ्य इक्कट्ठे किये। साथ ही चिकित्सा विभाग के आए हुए अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा निजी अस्पताल की स्वीकृति एवं चिकित्सकों के बारे में नर्सिंग स्टॉफ से जानकारी लेने के साथ ही निजी अस्पताल को जांच कार्य होने तक सीज कर दिया गया।

परिजनों द्वारा शुक्रवार को सुबह से ही अस्पताल के आगे नवजात शिशु की मौत को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। नवजात शिशु के परिजन धनसिंह ने बताया कि जोधपुर के उम्मेद अस्पताल जाने पर चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच सहायक उप निरीक्षक मालाराम द्वारा की जा रही है।

# दूदू सड़क हादसा : आठ दोस्तों का किया अंतिम संस्कार, गांव में सन्नाटा पसरा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** प्रयागराज कुंभ में स्नान करने के लिए गुरुवार को सुबह हंसते-खेलते हुए जयकारों के बीच घर से निकले आठ दोस्तों के 20 घंटे बाद शव घर पहुंचे। 24 घंटे पहले जो महाकुंभ में स्नान करने के लिए निकले थे लेकिन उन्हें क्या पता था कि उससे पहले ही उन सभी का अंतिम स्नान होगा, जिसमें पांच युवक बड़लियास, दो फलासिया व एक मुकुंदपुरिया निवासी थे। बड़लियास कस्बे में शुक्रवार सुबह जेसे ही दो एम्बुलेंस में शव गांव पहुंचे तो हर तरफ चीख-पूकार व कोहराम मच गया। सुबह से ही गांव के बाजार बंद हो गये। गांव की गालियों में सन्नाटा पसरा रहा।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह सभी युवक बड़लियास से ईको कार में सवार होकर खाटूश्याम होते हुए प्रयागराज महाकुंभ में जाने के लिए निकले थे, लेकिन खाटूश्याम ही नहीं पहुंचे उससे पहले ही दोपहर करीब तीन बजे दूदू के पास भीषण सड़क हादसा



मृतकों का उनके गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

हो गया, जिसमें टायर फटने के बाद डिवाइडर कूदकर आई रोडवेज बस ने ईको कार को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें भीलवाड़ा जिले के बड़लियास थाना व मांडलगढ़ थाना क्षेत्र के आठ युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जिनका आज गमहीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

बड़लियास निवासी दिनेश पिता मदन रेगर, नारायण पिता रामेश्वर बैरवा, रविकांत उर्फ बबलू पिता मदन मेवाड़ा, किशनलाल पिता जानकी लाल चतुर्वेदी, मुकेश पिता उदयलाल रेगर के पांचों शवों का बेडच नदी में एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। वहीं फलासिया निवासी शंकर लाल पिता

- **महाकुंभ स्नान के लिए निकले आठ दोस्तों की दूदू में सड़क हादसे में मौत हो गई थी**
- **मृतकों में पांच युवक बड़लियास, दो फलासिया व एक मुकुंदपुरिया निवासी थे**

नाथू रेगर, प्रकाश पिता घीसालाल मेवाड़ा व मुकुंदपुरिया निवासी प्रमोद पिता मूलचंद सुथार का भी उनके गांवों में अंतिम संस्कार किया गया, इनमें फलासिया निवासी शंकर लाल रेगर बड़लियास का दामाद था।

शुक्रवार सुबह शव बड़लियास सहित फलासिया व मुकुंदपुरिया गांव पहुंचे, इस पर भीलवाड़ा जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश मेहरा, भीलवाड़ा उपखंड अधिकारी दिव्य राज चुंडावत, कोटडी पूर्व प्रधान विजय सिंह, कोटडी तहसीलदार रामकिशोर मीणा, कांग्रेस नेता प्रदुम्न सिंह, सरपंच प्रकाश चंद्र रेगर, सरपंच गेगां का खेड़ा शंकरलाल शर्मा गांव पहुंचे और परिजनों को ढांढस बताते हुए सांत्वना दी। जिला कलेक्टर संधू ने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष के साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

जिला कलेक्टर ने शमशान घाट में जाकर परिजनों को सांत्वना देते हुए गहरा शोक प्रकट किया। सड़क हादसे में बड़लियास के युवकों की मौत की खबर जैसे ही गांव में पहुंची तो हर कोई इस घटना को सुनकर स्तब्ध रह गया। इस दुखदाई घटना में पूरा गांव एक साथ खड़ा नजर आया। जब से ही घटना की जानकारी ग्रामीणों को लगी तब से ही गांव में चूल्हे नहीं जले तथा सुबह से ही बाजार बंद रहे।



श्रेयस अय्यर को भारत की सफेद गेंद की टीम में स्थायी स्थान नहीं दिया गया है जबकि वह अपनी शानदार फॉर्म और उपमहाद्वीप की धीमी पिचों पर स्पिनरों पर हावी होने की काबिलियत रखते हैं। -रिकी पोंटिंग

**ऑस्ट्रेलियन बल्लेबाज,** श्रेयस अय्यर के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



**स्टीव स्मिथ**

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शतक लगाया। स्मिथ ने पहले सेंचुरी पूरी की इसके बाद कैरी ने भी शतक जड़ा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कैरी ने टेस्ट करियर का दूसरा शतक लगाया। स्टीव स्मिथ ने सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वे सबसे कम टेस्ट पारियों में 36 शतक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। स्मिथ ने इसके लिए 206 पारियां खेलीं। जबकि सचिन ने 218 पारियां खेली थीं। इस लिस्ट में रिकी पोंटिंग टॉप पर हैं। पोंटिंग ने 200 पारियों में 36 शतक जड़े।

**क्या आप जानते हैं ?......** 22 साल की उम्र में, मेस्सी ने बैलन डीओर और फीफा वर्ल्ड प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता, दोनों बार प्रत्येक ट्रॉफी के इतिहास में सबसे बड़े वोटिंग अंतर से। "मेसी कुछ हद तक दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं।

## चोटिल सैम अयूब चैंपियंस ट्रॉफी से हुये बाहर

लाहौर 07 फरवरी। पाकिस्तान के बाएं हाथ के बल्लेबाज सैम अयूब टखने की चोट के कारण आगामी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गये है पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि अयूब दाएं टखने में लगी चोट से अच्छी तरह से उबर रहे हैं। वह अभी इंग्लैंड में हैं और चोट से पूरी तरह से उबरने तक वह इंग्लैंड में ही रहेंगे। दक्षिण अफ्रीका के साथ केपटाउन टेस्ट में क्षेत्ररक्षण के दौरान उन्हें यह चोट लगी थी और इससे उबरने में उन्हें कम से कम 10 सप्ताह का समय लगेगा। सैम अयूब पाकिस्तान के लिए अभी तक नौ एकदिवसीय मैच खेल चुके हैं। उन्होंने इस दौरान तीन शतक और एक अर्धशतक बनाया है। अयूब ने इस प्रारूप में 515 रन बनाए हैं। इसके साथ ही पांच विकेट भी लिए हैं। सैम अयूब पाकिस्तान के लिए 27 टी-20 मैचों में 498 रन तथा आठ टेस्ट मैचों में वह 364 रन बना चुके हैं।

### जयपुर जिला क्रिकेट संघ

## केशव डीडवानिया के नाबाद दोहरे शतक से जीता जयपुर क्लब



जयपुर, 7 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एल सैनी ए डिविजन लीग में आज खेले गए मैच में जयपुर क्लब ने सबा क्लब को 122 रनों से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर सबा क्लब ने टॉस जीत कर पहले जयपुर क्लब को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जयपुर क्लब ने केशव डीडवानिया के 200 रन नाबाद (144 गेंद, 22 चौके, 6 छक्के), कुशाग्र ओझा के 107 रन (88 गेंद, 15 चौके, 1 छक्के), दक्ष कासलीवाल के 18 रन, लोहित केवलिया के 23 रन नाबाद व विवेक सैनी सैनी के 17 रनों से 50 ओवर में 5 विकेट पर 389 रनों का स्कोर बनाया। सबा क्लब के लिए सार्थक त्यागी ने 56 पर 3 व मोहम्मद कैफ ने 22 पर 1 विकेट लिया। केशव डीडवानिया व कुशाग्र ओझा ने चौथे विकेट के लिए 247 रनों की साझेदारी की। जवाबी पारी में सबा क्लब की टीम यथार्थ भारद्वाज के 97 रन, आदित्य वाधवा के 48 रन, मोहम्मद कैफ के 29 रन, अमन खिलजी के 35 रन, मनीष बेदवाल के 21 रन व नीतीराज सिंह के 15 रनों से 50 ओवर में 7 विकेट पर 267 रन ही बना पाई। जयपुर क्लब के लिए मोंटी जायसवाल ने 28 पर 3, लोहित केवलिया ने 57 पर 2, सुमित शर्मा व गौरव मीना ने 1-1 विकेट लिए। आज नीरजा मोदी एकेडमी बनाम जयपुर ब्लूज के मध्य मैच खेला जाएगा।

## जिम्बाब्वे ने आयरलैंड को 260 रन पर समेटा

बुलावायो 06 फरवरी। ब्लेसिंग मुजारबानी (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत जिम्बाब्वे ने एकमात्र टेस्ट मुकाबले के पहले दिन गुरुवार को आयरलैंड को 260 रन पर समेटने के बाद एक विकेट पर 72 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। आज यहां क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 31 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गवां दिये। इसके बाद लोर्कान टकर और एंडी मैक्ब्राइन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। ट्रेवर ग्वांडू ने लोर्कान टकर (33) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्क ऐडेर ने एंडी मैक्ब्राइन के साथ पारी को संभाला और 127 रनों की साझेदारी की। मुजारबानी ने मार्क ऐडेर (78) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद एकबार फिर आयरलैंड के विकेट लगातार गिरते चले गये और पूरी टीम 56.4 ओवर में 260 के स्कोर पर सिमट गई। एंडी मैक्ब्राइन (90) रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके लगाये। जिम्बाब्वे की ओर ब्लेसिंग मुजारबानी ने 58 रन देकर सात विकेट लिये। रिचर्ड एन्गारावा को दो विकेट मिले। ट्रेवर ग्वांडू ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## टी20 में फेल होने के बाद अब रणजी ट्रॉफी खेलेंगे सूर्यकुमार यादव

नई दिल्ली, 7 फरवरी। सूर्यकुमार यादव भारत की वनडे टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने टीम इंडिया के लिए आखिरी वनडे 2023 में खेला था। वहीं वे टी20 फॉर्मेट में कुछ खास नहीं कर सके। अब सूर्या रणजी ट्रॉफी के लिए मैदान पर उतरेंगे। वे मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी 2025 का क्वार्टर फाइनल मैच खेल सकते हैं। सूर्या शुक्रवार को मैदान पर प्रैक्टिस के लिए उतरे। लेकिन सूर्या को कप्तानी नहीं मिलेगी।रणजी ट्रॉफी 2025 का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच शनिवार से मुंबई और हरियाणा के बीच खेला जाएगा। ये मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आयोजित होगा। सूर्या इस मैच की प्लेइंग इलेवन में शामिल हो सकते हैं। वे मुंबई टीम का हिस्सा हैं। सूर्या पिछले काफी वक्त से बल्ले से कमाल नहीं दिखा पाए हैं। लेकिन वे इस मैच के जरिए फॉर्म में आने की कोशिश करेंगे। सूर्यकुमार यादव मुंबई टीम का हिस्सा हैं और मुंबई के नियमित कप्तान अजिंक्य रहाणे हैं। रहाणे लंबे वक्त से टीम की कप्तानी कर रहे हैं। वे सीनियर खिलाड़ी भी हैं। जबकि सूर्या लगातार इंटरनेशनल क्रिकेट में खेलते हैं। वे टी20 फॉर्मेट में भारत के कप्तान हैं।

# टी-20 वर्ल्ड कप विजेता टीम इंडिया को मिली डायमण्ड रिंग

नई दिल्ली, 7 फरवरी। भारत ने पिछले साल 2024 में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया की जीत के बाद विक्ट्री परेडा का आयोजन हुआ। इसके बाद खिलाड़ियों को अवॉर्ड शो में भी सम्मानित किया गया था। बीसीसीआई ने हाल ही में नमन ऑवर्ड्स का आयोजन किया था। इस दौरान टीम इंडिया के खिलाड़ियों को हीरे की अंगूठी गिफ्ट की गई । ये अंगूठी काफी महंगी है। बीसीसीआई ने शुक्रवार को एक वीडियो शेयर किया। ये नमन अवॉर्ड्स का है। इसमें खिलाड़ियों को अंगूठी को दिखाया गया है। बीसीसीआई ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए एक्स पर लिखा कि, टीम इंडिया को सम्मानित करते हुए उन्हें चैंपियंस रिंग दी गई।



इस अंगूठी की सबसे बड़ी और पहली खासियत तो यही है कि ये चैंपियंस की रिंग है। इसके साथ-साथ इसे बहुत ही खास तरीके से डिजाइन किया गया है। रिंग पर हर खिलाड़ी का नाम लिखा गया है। रोहित शर्मा को जो रिंग मिली उस पर उनका नाम और जर्सी नंबर लिखा हुआ है। इसके साथ ही खिलाड़ियों के रनों को भी अंकित किया गया है।

टीम इंडिया के खिलाड़ियों को मिली डायमंड रिंग काफी महंगी है। इसका सबसे बड़ा कारण ये है कि ये हीरे की बनी हुई है। दूसरा कारण ये है कि इसे बहुत ही खास तरह से डिजाइन किया गया है। टीम में शामिल हर खिलाड़ी को उसी के नाम की अंगूठी मिली है। इस अंगूठी की असली कीमत कितनी है इसको लेकर आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार डायमंड रिंग की कीमत लाखों में है।

## फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन को फिर किया निलंबित

नई दिल्ली, 7 फरवरी। फीफा ने एक बार फिर पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। फीफा परिषद के ब्यूरो द्वारा गुरुवार को घोषित ये निर्णय पीएफएफ द्वारा अपने संविधान के संशोधित संस्करण को अपनाने में विफल रहने के परिणामस्वरूप आया है, जिसे फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने महासंघ की चल रही सामान्यीकरण प्रक्रिया के हिस्से के रूप में अनिवार्य किया था।फीफा के आधिकारिक बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि पाकिस्तान के फुटबॉल प्रशासन के भीतर निष्पक्ष और लोकतांत्रिक शासन सुनिश्चित करने के लिए निलंबन आवश्यक था।

फीफा परिषद के ब्यूरो के एक बयान में कहा गया है कि, पीएफएफ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है क्योंकि ये पीएफएफ संविधान के संशोधन को अपनाने में विफल रहा है जो वास्तव में निष्पक्ष और लोकतांत्रिक चुनाव सुनिश्चित करेगा और इस तरह पीएफएफ की चल रही सामान्यीकरण प्रक्रिया के हिस्से के रूप में फीफा द्वारा अनिवार्य किए गए अपने दायित्वों को पूरा करेगा। इसमें कहा गया है कि, पीएफएफ कांग्रेस द्वारा फीफा और एएफसी द्वारा प्रस्तुत पीएफएफ संविधान के संस्करण को मंजूरी दिए जाने के अधीन ही निलंबन हटाया जाएगा।

# चैंपियंस ट्रॉफी, अब पीएम करेंगे उद्घाटन



नई दिल्ली, 7 फरवरी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 6 फरवरी को लाहौर स्थित गद्दाफी स्टेडियम के काम पूरा होने की घोषणा कर दी है। ये स्टेडियम आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए तैयार किया गया है। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन रजा नकवी ने प्रेस रिलीज जारी करके बताया कि वो उन सभी लोगों का आभार व्यस्त करते हैं जिन्होंने दिन-रात मेहनत करके मैदान के नवीनकरण में योगदान दिया है।

चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी को होगी, वहीं टूर्नामेंट का समापन 9 मार्च को होगा। पाकिस्तान में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के मैच लाहौर, रावलपिंडी और कराची में खेले जाएंगे।अब पाकिस्तान के एक विख्यात मीडिया संस्थान ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आज नए गद्दाफी स्टेडियम का उद्घाटन करने वाले हैं। इस संबंध में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन रजा नकवी स्टेडियम के उद्घाटन समारोह के लिए व्यवस्थाओं की समीक्षा करने वाले हैं। बोर्ड के चेयरमैन ने सभी कर्मियों का धन्यवाद किया है। बताते चलें कि इस उद्घाटन समारोह में अली जफर, आईमा बैग और आरिफ लोहार जैसे नामी सेलिब्रिटी शिरकत करने वाले हैं। दावा किया गया है कि इस स्टेडियम का काम रिकॉर्ड 117 दिनों में पूरा हो गया है।

लाहौर में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पहला मैच 22 फरवरी को खेला जाएगा। गद्दाफी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड मैच खेला जाएगा। इस मैदान पर 26 फरवरी को अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड और 28 फरवरी को अफगानिस्तान की भिड़ंत ऑस्ट्रेलिया से होगी। इसके अलावा चैंपियंस ट्रॉफी का दूसरा सेमीफाइनल भी लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा। बता दें कि, कुछ समय पहले रिपोर्ट में खुलासा हुआ था, जिसमें बताया गया कि पीसीबी को 11 फरवरी तक सभी 3 मैदान आईसीसी के हाथों में सौंपने होंगे।

# लिवरपूल की जीत से इंग्लिश लीग कप के फाइनल में, अब मुकाबला न्यूकैसल से



लंदन, 7 फरवरी। गत चैंपियन लिवरपूल ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टोटेनहम को 4-0 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना न्यूकैसल से होगा। लिवरपूल सेमीफाइनल के पहले चरण में एक गोल से हार गया था लेकिन दूसरे चरण में उसने बाजी पलटने में कोई कसर नहीं छोड़ी और 4-1 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की। लिवरपूल की तरफ से पहले हाफ में फ़ॉरवर्ड कोडी गाकपो ने गोल करके उसे शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद मोहम्मद सलाह, डोमिनिक स्ज़ोबोस्ज़लाई और वर्जिल वान डिज्क के गोल की मदद से उसने सेमीफाइनल के दूसरे चरण को एकतरफा बना दिया। अपने खिताब का बचाव करने के लिए लिवरपूल 16 मार्च को वेम्बली स्टेडियम में फाइनल में न्यूकैसल का सामना करेगा। न्यूकैसल ने पिछले 70 साल से कोई बड़ा घरेलू टूर्नामेंट नहीं जीता है।

## स्मिथ और कैरी के शतक, ऑस्ट्रेलिया बनाई 73 रन की बढ़त



गाले, 7 फरवरी। एलेक्स कैरी (नाबाद 139) और कप्तान स्टीव स्मिथ (नाबाद 120) की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ तीन विकेट पर 330 का स्कोर खड़ा कर 73 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ बना ली हैं। श्रीलंका ने कल के नौ विकेट पर 229 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में मैथ्यू कुनमन ने लाहिरू कुमारा को आउट कर श्रीलंका की पारी का अंत किया। लाहिरू कुमारा ने 26 गेंदों में मात्र दो रन बनाये। श्रीलंका की पूरी टीम 97.4 ओवर में 257 के स्कोर पर सिमट गई। कुसल मेंडिस (85) रन पर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से नेथन लायन, मिचेल स्टार्क और मैथ्यू कुनमन ने तीन- तीन विकेट लिये। ट्रेविस हेड ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 37 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। ट्रैविस हेड (37) और मार्नस लाबुशेन (चार) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान स्टीव स्मिथ ने उस्मान ख्वाजा के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी हुई। निशान पीरिस ने उस्मान ख्वाजा (36) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आये एलेक्स कैरी ने स्टीव स्मिथ के पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच शानदार खेला प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने शतक पूरे। स्टीव स्मिथ ने 239 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद120) रनों की पारी खेली। वहीं एलेक्स कैरी ने 156 गेंदों में 13 चौके और दो छक्के की मदद से (नाबाद 139) रन बना लिये है। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 330 का स्कोर खड़ा कर 73 रनों की बढ़त बना ली है और स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी 239 रनों की अविजित साझेदारी कर क्रीज पर मौजूद है।

## किदांबी श्रीकांत: खेल के लिए बना मांसाहारी, तोड़ा परिवार का रिवाज, भाई की जिद से बना वर्ल्ड नंबर 1

नई दिल्ली, 7 फरवरी। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी और ओलंपियन किदांबी श्रीकांत यकीनन भारत के सर्वश्रेष्ठ बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक हैं। विश्व रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर पहुंचने के साथ-साथ वह विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय व्यक्ति बन गए हैं। वे 2021 बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल के फाइनल में पहुंचने वाले और टूर में सुपर सीरीज प्रीमियर इवेंट में पुरुषों का खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी भी हैं। किदांबी को 2018 में भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया गया था और 2015 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। आंध्र प्रदेश के रावुलापलेम में श्रीकांत नम्मालवार किदांबी का जन्म 7 फरवरी 1993 एक तेलुगु परिवार में हुआ था । उनके पिता केवीएस कृष्णा एक जमींदार हैं और उनकी



माँ राधा एक गृहिणी हैं। किदांबी श्रीकांत के बड़े भाई के. नंदगोपाल भी बैडमिंटन खिलाड़ी हैं और अपने भाई के साथ जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन हैं। वे 2008 तक एक ही घर में रहते थे और फिर श्रीकांत अपनी प्रैक्टिस जारी रखने के लिए गोपीचंद अकादमी चले गए। वह अपने बड़े भाई से प्रेरित होकर 2001 में गुंटूर में बैडमिंटन खेलना शुरू किया। अगले साल वो और उनके भाई दो साल के प्रशिक्षण के लिए आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के स्पोर्ट्स अकादमी में चले गए। जहां कोच ने उन्हें डबल्स के बजाय सिंगल्स खेलने के लिए प्रोत्साहित किया।

## कटक में भारत की प्लेइंग 11 में हो सकते हैं दो बदलाव

कटक, 7 फरवरी। भारतीय टीम ने गुरुवार को इंग्लैंड को 4 विकेट से हराकर 3 मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत की। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत को तैयारियों का जायजा लेने के लिए 2 और मैच बाकी है। इन 2 मैचों में टीम अपने सभी विकल्प आजमाने का प्रयास करेगी। ऐसे में रविवार को कटक में भारतीय टीम की प्लेइंग 11 में 2 बदलाव हो सकता है।टीम इंडिया की प्लेइंग 11 में 1 बदलाव बल्लेबाजी और दूसरा गेंदबाजी में हो सकता है। बल्लेबाजी में बदलाव तो तय है। विराट कोहली घुटने में तकलीफ के कारण पहला वनडे नहीं खेले। दूसरे वनडे में उनकी वापसी तय है। नागपुर में ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़ने वाले श्रेयस अय्यर ने मैच के बाद खुलासा किया कि कोहली उपलब्ध होते तो वह प्लेइंग 11 में नहीं होते।

विराट कोहली के ना होने पर यशस्वी जायसवाल ने डेब्यू किया। उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। श्रेयस अय्यर की बातों से ऐसा लगा कि रोहित शर्मा के साथ यशस्वी ओपनिंग के पसंद हैं। शुभमन गिल नंबर 3 और विराट कोहली नंबर 4 पर होते। इसकी एक वजह कोच गौतम गंभीर हैं, जिनको लेफ्ट एंड राइट हैंड कॉम्बिनेशन पसंद है। नागपुर में श्रेयस अय्यर ने जिस तरह की बल्लेबाजी की उन्हें प्लेइंग 11 से बाहर रख पाना मुश्किल है। ऐसे में कोहली की वापसी जायसवाल की जगह हो सकती है।

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम को अपने सभी विकल्प आजमाने हैं। ऐसे में गेंदबाजी में भी एक बदलाव हो सकता है। हर्षित राणा की जगह अर्शदीप सिंह को मौका मिल सकता है। जसप्रीत बुमराह की फिटनेस रिपोर्ट अभी नहीं आई है। ऐसे में अर्शदीप और राणा को दो-दो मैच दिए जा सकते हैं। इसके अलावा कुलदीप यादव ने चोट से वापसी की है। ऐसे में उन्हें दूसरे वनडे में भी मौका मिल सकता है।

भारत की दूसरी वनडे के लिए संभावित प्लेइंग 11, रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, हर्षित राणा/अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी।

## 38वें राष्ट्रीय खेलो में वुशू खेल के पदक विजेता खिलाड़ियों ने डॉ. नीरज कुमार पवन से की मुलाकात

**राजस्थान वुशू टीम ने 4 स्वर्ण, 1 रजत व 6 कांस्य पदक कुल 11 पदक जीत कर इतिहास रचा**



जयपुर, 7 फरवरी। देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित हुए, 38वे राष्ट्रीय खेलो में राजस्थान वुशू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए, 4 स्वर्ण, 1 रजत व 6 कांस्य पदक कुल 11 पदक जीत कर इतिहास रचा। हीरानन्द कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया की राष्ट्रीय खेलो के स्वर्ण पदक विजेता शुभम गोरा, नितिका बंसल, महक शर्मा, नीलम चौधरी, रजत पदक विजेता मेघा जोशी तथा कांस्य पदक विजेता देवराज सिंह, विकास यादव, आनंद सैनी, भानु प्रताप पारीक, ईशा गुर्जर, मंजू चौधरी व कोच राजेश कुमार टेलर व अशोक गौतम ने डॉ. नीरज कुमार पवन शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग व अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद् से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. नीरज कुमार पवन ने सभी पदक विजेता खिलाडियों व ऑफिसियल को माला पहनाकर कर स्वागत किया तथा 11 पदको के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर राजस्थान प्रदेश का देश में गौरव बढाने पर खिलाडियों को बधाई दी तथा आगामी वुशू प्रतियोगिताओ में खिलाडी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे सके । इसके लिए खिलाडियों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया व भविष्य के शुभकामनाएं प्रदान की।

## गिल ने कहा, कोहली इंग्लैंड के खिलाफ खेलेंगे दूसरा वनडे?



नई दिल्ली, 7 फरवरी। विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा वनडे खेलेंगे या नहीं ये इस समय का सबस बड़ा सवाल है। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड तीन मैच की वनडे सीरीज का आगाज 6 फरवरी को नागपुर में खेले गए पहले मुकाबले से हुआ। इस मुकाबले की शुरुआत में फैंस का दिल उस समय टूटा जब उन्हें पता चला कि, चोटिल होने की वजह से किंग कोहली मैच नहीं खेल रहे हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस के दौरान बताया कि विराट कोहली के घुटने में दिक्कत है जिस वजह से वह मैच से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह नागपुर वनडे में श्रेयस अय्यर को खेलने का मौका मिला। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड दूसरा वनडे 9 फरवरी को कटक में खेला जाना है। क्या इस मुकाबले से पहले विराट कोहली फिट हो पाएंगे। फैंस की जुबां पर यही सवाल है। इस सवाल का जवाब भारत के उपकप्तान शुभमन गिल ने देकर फैंस का दिन बना दिया है। उनका कहना है कि वारट कोहली की चोट को लेकर चिंता करने वाली कोई बात नहीं है और कहा है कि स्टार बल्लेबाज कटक में दूसरे वनडे के लिए टीम में वापस आ जाएगा। गिल ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि, जब वह सुबह उठे तो उनके घुटने में सूजन थी। कल के अभ्यास सत्र तक वह ठीक थे। चिंता की कोई बात नहीं है।

## वार्षिक खेल समारोह में बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का किया प्रदर्शन



जयपुर, 7 फरवरी। घुड़सवार द्वारा विद्यालय के ध्वज तथा गरिमापूर्ण कदमताल एवं सम्मान की सलामी के साथ ओलम्पिक एट स्कूल खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. जयश्री पेड़ीवाल ने विद्यालय झण्डारोहण तथा मशाल प्रज्ज्वलित करके खेल समारोह को प्रारंभ किया।

इस समारोह का मुख्य आकर्षण अलग-अलग प्रकार की दौड़ प्रतियोगिताएं रहीं। जिसमें बच्चों ने बड़ी उत्सुकता के साथ हिस्सा लिया। यह अवसर था जयपुर के जयश्री पेड़ीवाल इन्टरनेशनल स्कूल का वार्षिक खेल समारोह का। इस अवसर पर जयश्री पेड़ीवाल स्कूल समूह की निदेशिका डॉ. जयश्री पेड़ीवाल के साथ विद्यालय के शैक्षिक निदेशक, आयुष पेड़ीवाल और आकृति पेड़ीवाल की उपस्थिति ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. जयश्री पेड़ीवाल ने अपने प्रेरक भाषण के माध्यम से नव सृजनशील मस्तिष्कों एवं प्रतिभावान नवयुवाओं को जीवन में खेलों के महत्त्व पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि जीतने से ज्यादा प्रतियोगिता का हिस्सा बनना अहम है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अनिवार्य अंग है और किसी को भी लीक से हटकर कुछ नया करने से कभी भी घबराना नहीं चाहिए। उनके जोशभरे शब्दों से प्रतिभागियों के आत्मविश्वास को बल मिला। समारोह में अध्यापकों एवं विद्यार्थी परिषद के बीच रस्साकशी के रोमांचक मुकाबले ने भी दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने स्कूल द्वारा प्रदान की जा रही चहुंमुखी शिक्षा तथा खेल के वैभवपूर्ण परिवेश के लिए विद्यालय प्रशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही प्रतियोगी वातावरण में बच्चों के सर्वांगीण एवं व्यक्तिगत विकास के प्रयासों के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# रिज़र्व बैंक ने रैपो रेट घटाई, आवास-वाहन ऋण सस्ते होने की आशा

## पाँच साल अपरिवर्तित रखने के बाद रिज़र्व बैंक ने 0.25 प्रतिशत दर घटाई

■ आर्थिक विकास की गति कम होने और मुद्रास्फीति लक्ष्य के करीब पहुँचने की चिंताओं के बीच रिज़र्व बैंक ने यह निर्णय लिया है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की आशा है।

मुंबई, 07 फरवरी। भारतीय रिजर्व बैंक ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत और लचीली बनी रहने और आगे महंगाई में नरमी आने की उम्मीद जताते हुये करीब पांच वर्ष बाद नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती तथा मौद्रिक रूख को 'तटस्थ' रखने का निर्णय लिया जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और व्यक्तिगत ऋणों के सस्ते होने की उम्मीद बनी है।

लगातार ग्यारहवीं बैठक में बेंचमार्क रैपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने के बाद केंद्रीय बैंक ने आर्थिक विकास की गति कम होने और मुद्रास्फीति के अपने 4 प्रतिशत लक्ष्य के करीब पहुँचने के संकेतों के बारे में बढ़ ती चिंताओं के बीच दरों में कटौती की है। रिजर्व बैंक ने लगभग पाँच वर्षों में पहली बार बेंचमार्क दरों में कटौती की। इससे पहले कोरोना के दौरान मई 2020 में रैपो दर में 40 आधार अंकों की कटौती करके इसे 4 प्रतिशत किया गया था।

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की चालू वित्त वर्ष की मौद्रिक नीति की छठी और अंतिम तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुये कहा कि मुद्रास्फीति लक्ष्य के अनुरूप है। समिति ने सर्वसम्मति से दरों में कटौती करने और रुख को बनाए रखने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि बढ़ ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच समिति ने सर्वसम्मति से बेंचमार्क नीति दरों में 25 आधार अंकों की कटौती करके इसे 6.50 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। परिणामस्वरूप, स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 6.00 प्रतिशत होगी और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर तथा बैंक दर 6.50 प्रतिशत होगी।

उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है जिसमें पहली तिमाही 6.7 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 7 प्रतिशत, तथा तीसरी और चौथी तिमाही 6.5 प्रतिशत रहेगी। चालू वित्त वर्ष में विकास दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के 4.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है जिसमें चौथी तिमाही में इसके 4.4 प्रतिशत रहने की संभावना है। अगले वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के 4.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताते हुये उन्होंने कहा कि खुदरा महंगाई पहली तिमाही में 4.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 4.0 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 3.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.2 प्रतिशत रह सकती है।

## भारत ने बंगलादेश के उच्चायुक को तलब किया

नयी दिल्ली, 07 फरवरी। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार की शाम बंगलादेश के कार्यवाहक उच्चायुक्त को तलब किया और ढ ाका में बंगलादेश के अधिकारियों द्वारा भारत के बारे में नकारात्मक टिप्पणियों पर नाराजगी प्रकट की तथा सलाह दी कि आपसी संबंधों में माहौल खराब नहीं किया जाना

■ भारत ने कहा कि बंगलादेश के अधिकारियों के नियमित बयान भारत को नकारात्मक रुप से चित्रित करते हैं। ये बयान लगातार नकारात्मकता के लिये जिम्मेदार हैं।

चाहिए।

मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत में बंगलादेश के कार्यवाहक उच्चायुक्त मो. नूरुल इस्लाम को आज 07 फरवरी को शाम पांच बजे साउथ ब्लॉक में बुलाया गया था। उन्हें यह बताया गया कि भारत बंगलादेश के साथ एक सकारात्मक, रचनात्मक और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध चाहता है, जिसे हाल की उच्च स्तरीय बैठकों में कई बार दोहराया गया है।

# मतगणना से पहले भाजपा व आप में आरोपों की जंग छिड़ी

## केजरीवाल ने आरोप लगाया  कि भाजपा आप प्रत्याशियों को 15 करोड़ का ऑफर दे रही है। भाजपा की मांग पर एलजी ने जांच का आदेश दिया

■ जांच के लिये गई एसीबी की टीम को केजरीवाल के घर में नहीं घुसने दिया गया। दो घंटे के ड्रामे के बाद एसीबी की टीम वापस लौटी।

नई दिल्ली, 07 फरवरी। दिल्ली में शनिवार को रिजल्ट-डे है और उससे पहले ही पार्टियों के बीच सियासी घमासान शुरू हो गया है। वार-पलटवार हो रहे हैं। पहले आम आदमी पार्टी के मुखिया ने अपने 70 प्रत्याशियों संग बैठक की और बीजेपी पर खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया। अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि भाजपा ने उनके विधायकों और कैंडिडेट्स को फोन पर 15-15 करोड़ के ऑफर दिए। फिर भाजपा ने बैठक बुलाई और तय हुआ कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना से आप के आरोपों की जांच करने की मांग की जाएगी। भाजपा एलजी के पास पहुंची और उन्होंने एंटी करप्शन ब्यूरो को मामले की जांच करने का आदेश दे दिया। इसके बाद एसीबी की टीम केजरीवाल के घर पहुंची, लेकिन उन्हें घुसने नहीं दिया गया, जिसके बाद टीम को लौटना पड़ा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश के बाद एसीबी की टीम केजरीवाल के घर जांच करने के इरादे से पहुंची, लेकिन उन्हें घर के अंदर नहीं घुसने दिया गया है। एसीबी की टीम से पूछा गया कि नोटिस दिखाए। ऐसे कैसे किसी के घर में बिना किसी कानूनी नोटिस के जांच के लिए पहुंचा जा सकता है। यह गैरकानूनी तरीका है। केजरीवाल के घर के बाहर ये पूरा ड्रामा लगभग 2 घंटों तक चला। आखिरकार एसीबी की टीम को केजरीवाल के दरवाजे से वापस लौटना पड़ा।

इस मामले में एसीबी ने आप सांसद संजय सिंह से भी पूछताछ की, लेकिन सूत्रों के मुताबिक उन्होंने जांच में सहयोग नहीं दिया।

एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) के सूत्रों के मुताबिक, संजय सिंह ने उन 16 उम्मीदवारों के नाम मुहैया नहीं कराए, जिन्हें कथित तौर पर पैसे का लालच देने का आरोप है। उन्होंने केवल मुकेश अहलावत का नाम सामने रखा। इस मामले में पहले 7 उम्मीदवारों को पैसे का लालच दिए जाने की बात सामने आई थी, लेकिन बाद में 16 उम्मीदवारों के नाम सामने आए। सूत्रों के मुताबिक, इस पर सवाल उठते हुए एसीबी ने संजय सिंह से यह भी पूछा कि कितने उम्मीदवारों को पैसे का लालच देकर पार्टी छोड़ने के लिए कहा गया, लेकिन इसका भी जवाब नहीं मिला।

दिल्ली भाजपा के महासचिव विष्णु मित्तल ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना को आम आदमी पार्टी के आरोपों पर चिट्ठी लिखी। उन्होंने यह अनुरोध किया कि अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को बुलाया जाए और विधायकों से संपर्क करने वाले व्यक्ति के विवरण और संपर्क के तरीके और माध्यम आदि के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जाए। सच्चाई का पता लगाने के लिए जांच की जानी चाहिए। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने बीजेपी की मांग पर जांच के आदेश दे दिये।

बीजेपी पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को खरीदने का ऑफर देने का आरोप लगाने के बाद आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने अपने 70 प्रत्याशियों संग बैठक की। यह बैठक अरविंद केजरीवाल के घर 5 फिरोजशाह रोड पर हुई। इस बैठक में 70 प्रत्याशियों के साथ-साथ मुख्यमंत्री आतिशी और पार्टी के अन्य बड़े नेता भी शामिल हुए।

आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि आप के 16 उम्मीदवारों को बीजेपी की ओर से मंत्री पद और पार्टी बदलने पर 15-15 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव मिला है। केजरीवाल ने अपने पोस्ट में कहा, कुछ एजेंसियां दिखा रही हैं कि बीजेपी की 55 से ज्यादा सीट आ रही हैं।

पिछले दो घंटे में हमारे 16 उम्मीदवारों के पास फोन आ गए हैं कि आप छोड़ के उनकी पार्टी में आ जाओ, मंत्री बना देंगे और हर एक को 15-15 करोड़ देंगे। अगर इनकी पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रहीं हैं, तो हमारे उम्मीदवारों को फोन करने की क्या जरूरत है? जाहिर तौर पे ये फर्जी सर्वे करवाये ही इसलिए गए हैं, ताकि ये माहौल बनाकर कुछ उम्मीदवारों को तोड़ा जा सके, लेकिन हमारा एक भी आदमी नहीं टूटेगा।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोपों को खारिज करते हुए इन्हें चुनावी हार को लेकर आप की हताशा का संकेत बताया।

## 'महाराष्ट्र में टोटल वयस्क...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कौन हैं? यह संख्या हिमाचल प्रदेश के वोटरों की कुल संख्या के बराबर है। दूसरा प्रश्न यह है कि महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या, राज्य में वोट डालने वालों की कुल संख्या से ज्यादा क्यों है? किसी न किसी तरह, महाराष्ट्र में मतदाता एकाएक सृजित किये गये हैं।'' राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि राज्य में मतदाताओं की संख्या, राज्य की कुल वयस्क जनसंख्या से ज्यादा है।

उन्होंने कहा कि अगर चुनाव आयोग महाराष्ट्र के लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों की वोटर लिस्ट उपलब्ध नहीं कराता है, तो इससे गंभीर प्रश्न पैदा होते हैं। राहुल ने पत्रकारों से कहा, ''हम इस समय संविधान के पूर्ण विनाश की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन, संविधान की रक्षा हमारा काम है।''

उन्होंने कहा, ''हमारा अगला कदम होगा न्यायपालिका का दरवाज़ा खटखटाना।''

गांधी ने कहा, ''यह मेरे लिये बड़ी आश्चर्यजनक बात है कि चुनाव आयोग हमें वोटर लिस्ट देने के लिये तैयार नहीं है, और इसका एक ही कारण संभव है कि कहीं कुछ गड़बड़ी है और आयोग इस बात को जानता है।''

उनके द्वारा लगाए गए आरोपों के संदर्भ में चुनाव आयोग ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ''चुनाव आयोग राजनीतिक पार्टियों को प्राथमिक हितधारक मानता है, मतदाता तो प्रथम हितधारक हैं ही। आयोग राजनीतिक दलों के विचारों, सुझावों तथा उनकी तरफ से आने वालों प्रश्नों को बहुत अधिक महत्व देता है। आयोग लिखित में जवाब देगा।''

इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने, महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में गड़बड़ियों के कांग्रेस सांसद के आरोपों को लेकर राहुल गांधी पर हमला बोला और कहा, ''जब एक ही जोक बार-बार बताया जाता है तो उस पर हंसा नहीं करते।''

एक्स पर एक पोस्ट में फड़नवीस ने लिखा, ''जब एक ही चुटकुला बार-बार सुनाया जाए तो उस पर हंसा नहीं करते।'' फड़नवीस ने अपनी पोस्ट में राहुल गांधी को टैग भी किया।

## अमेरिका ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )


ग्रहण समारोह के बाद अमेरिका की यात्रा करने वाले कुछ गिने चुने विश्व नेताओं में से एक होंगे और यह तथ्य कि प्रधानमंत्री को नए प्रशासन के पद संभालने के बमुश्किल तीन सप्ताह के भीतर अमेरिका की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया गया है, यह भारत-अमेरिका साझीदारी के महत्व को दर्शाता है और द्विदलीय समर्थन को भी प्रतिबिंबित करता है, जो इस साझीदारी को अमेरिका में प्राप्त है।

## सेंट स्टीफन्स ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इसके साथ ही माता-पिता की आशाएं और अपेक्षाएं बच्चों की चिन्ता को कई गुना बढ़ा देती हैं। शिक्षा एवं प्रतियोगिता में रटने पर भारी भरोसा तथा परीक्षा के मानकीकृत आकलन के कारण फेल हो जाने का डर बहुत बढ़ गया है।

मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्कूलों में यथोचित परामर्श-सेवाओं की कमी को इसका कारण मानते हैं। इस कमी के चलते, विद्यार्थियों को चिन्ता, अवसाद तथा दबाव एवं तनाव से संबंधित अन्य परेशानियों को सहजता से लेने के लिये जरूरी एवं महत्वपूर्ण सम्बल नहीं मिल पाता है। शिक्षाविद् ऐसे सुधारों के सुझाव देते हैं, जिनका फोकस, परीक्षाओं को स्किल ऑरिएन्टेड तथा होलिस्टिक बनाने पर, समझ को ग्रेड पर वरीयता दिये जाने पर, तथा बच्चों के मानसिक-स्वास्थ्य-सम्बलन पर हो। माता-पिता को प्रेरित-प्रोत्साहित किया जाये कि वे परिणाम आधारित आकांक्षाओं की बजाय, शिक्षा के प्रति ग्रोथ माइन्डसैट को महत्व दें। शिक्षाविदों के अनुसार, विद्यार्थियों का तनाव करने के लिये उक्त सुधारों तथा माता-पिता की सोच में बदलाव बहुत आवश्यक है।



*आध्यात्म के आकर्षण से प्रेरित अभिनेता राजकुमार राव, अभिनेत्री नीना गुप्ता और अभिनेता संजय मिश्रा ने शुक्रवार को त्रिवेणी की पावन धारा में स्नान किया। हिन्दी फ़िल्मों की अभिनेत्री, टीवी कलाकार और फिल्म निर्माता तथा निर्देशक, नीना गुप्ता ने कहा,मैं सालों से यहां आना चाहती थी। यह एक अनोखा अनुभव है। आखिरकार, आज मैंने डुबकी लगा ही ली। यहां का माहौल अविश्वसनीय है। मैंने अपने जीवन में इससे बड़ा जनसमूह पहले कभी नहीं देखा।*

## 'कांग्रेस को 20-25 साल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आप राम बन गया। कांग्रेस सरकार ने इसमें रोड़े अटकाए, लेकिन हमारी सरकार ने इसे आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपर लीक करने वालों को मैं छोड़ने वाला नहीं हूं। 200 से ज्यादा को पकड़ लिया, और भी कई कतार में है। जिसने भ्रष्टाचार किया है, उसको बख्शने वाला नहीं हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस वालों को दूसरों की बात सुनने की आदत नहीं है, नहीं तो ये सदन का बहुमूल्य समय खराब नहीं करते। हमारी सरकार ने दिसंबर तक की सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस राज के दौरान एक पंचायत तक को जिला बना दिया। यह पोपाबाई का राज है क्या, यह ऐसे थोड़ी चलेगा। राज नियम और कानून- कायदे से चलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मैं बजरी खनन का नाम लेता हूं, तो मेरे विपक्ष के नेताओं के मन में सांप लोटने लग जाते हैं। अरे भाई, ऐसा क्या हो जाता है। राजस्थान की जनता को एक-एक पाई का हिसाब देना पड़ेगा। यह किसान का बेटा है, यह खींचना भी जानता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी आवाज मेरी आवाज को दबाने वाली नहीं है। देखते जाइए, मेरी आवाज भी बढ़ती जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भजनलाल की आवाज नहीं, 8 करोड़ राजस्थान की जनता की आवाज है। अंग्रेज स्कूल खोलने के नाम पर विद्यार्थियों से धोखा किया गया। इन अंग्रेजी स्कूलों में न तो आधारभूत संरचना थी और न स्टाफ और टीचर लगाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी कोई योजना हो, जिसमें कोई काम नहीं करना हो, वह योजना महात्मा गांधी के नाम पर आती है। कांग्रेस सरकार ने 3000 से ज्यादा स्कूलों को राशि उपलब्ध नहीं कराई, जिससे वे स्कूल दयनीय हालत में चलते रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार अंग्रेजी और हिंदी दोनों स्कूलों में शिक्षक उपलब्ध करवाएगी।

मुख्यमंत्री ने डोटासरा से कहा कि मुझे एक बात का दुख है। प्रतिपक्ष के नेता के रूप में भैरो सिंह शेखावत, परसराम मदेरणा, गुलाबचंद कटारिया, वसुंधरा राजे, लक्ष्मण सिंह, राजेन्द्र राठौड़, रामनारायण चौधरी जैसे नेता रहे। ऐसा कभी नहीं हुआ कि नेता प्रतिपक्ष का भाषण न हुआ हो। आपके धोखे ने प्रतिपक्ष के नेता को बोलते नहीं दिया, यह पहली बाहर हुआ, मुझे बहुत दुख हो रहा है। मुझे बहुत दुख है कि जूली आप डोटासरा की चाल में आ गए।

राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब के दौरान, मुख्यमंत्री कई बार पसीना पोंछते दिखे। विपक्ष की तरफ से किसी ने तंज कसा तो मुख्यमंत्री ने कहा कि पसीना बहाए बिना पानी नहीं आता।

## कांग्रेस ने मंत्री...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वासुदेव देवनानी ने जूली से कहा कि प्रश्नकाल चल रहा है, इसके बाद आपको बोलने का मौका मिलेगा।

आज राज्यपाल के अभिभाषण की चर्चा का आखिरी दिन है और आज मुख्यमंत्री भी सदन में मौजूद रहेंगे और आपके सवालों का जवाब देंगे, फिलहाल प्रश्नकाल की कार्यवाही को बाधित नहीं करें। परंतु जूली और विपक्ष के सदस्यों ने स्पीकर के आग्रह की अनदेखी करते हुए हंगामा जारी रखा।

शोरगुल व नारेबाजी के बीच ही प्रश्नकाल की कार्यवाही पूरी हुई। शून्यकाल शुरू होने के बाद भी करीब 15 मिनट तक स्पीकर ने समझाइश की, लेकिन जब विपक्ष नहीं माना तो देवनानी ने सदन की कार्यवाही 12 बजकर 10 मिनट पर एक बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

बाद में 1 बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरु होने पर विपक्ष के सदस्यों का हंगामा जारी रहने पर सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी गई।

अपराह्न दो बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरु हुई लेकिन विपक्ष के सदस्यों का हंगामा जारी रहा और सदन की कार्यवाही हंगामें के बीच ही चलती रही।

कांग्रेस के सदस्य आज सदन में हाथ पर काली पट्टी बांधकर आये और अपना विरोध जताया।

## महाकुंभ मेले में आग से कई शिविर जले

महाकुंभनगर, 07 फरवरी। महाकुंभ नगर में सेक्टर 18 तुलसी और शंकराचार्य मार्ग पर एक शिविर में शुक्रवार को आग लग गई। दमकल की एक दर्जन से अधिक गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है।

कल्पवासी थाना प्रभारी निरीक्षक

■ एक दर्जन दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

अजब सिंह ने बताया कि जीटी रोड पर तुलसी चौराहे के पास शंकराचार्य मार्ग पर स्थित इस्कॉन मंदिर शिविर के बाद देवी संपदा मठ के शिविर में आग लगी। आगे पीछे से दोनों शिविर एक दूसरे से सटे थे। उन्होंने बताया कि एक दर्जन से अधिक दमकल की गाडियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी इसके बारे में तत्काल कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है।

उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। भीड़ को मौके से हटाया गया।

सिंह ने बताया कि हवा तेज थी जिससे देवी संपदा मठ के शिविर में आग लगी। आग पर काबू पा लिया गया है, किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नही है, कई शिविर जलकर खाक हो गए हैं।

गौरतलब है कि 20 दिन के भीतर महाकुंभ में आग लगने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले सेक्टर 19, सेक्टर 22 आग लगी थी। हालांकि इन तीनों घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# रईसज़ादे की तेज रफ्तार कार ने मुरादाबाद में पाँच छात्राओं को कुचला

## निजी अस्पताल में भर्ती स्कूली छात्राओं में से तीन की हालत गंभीर है

■ मौके पर भीड़ ने कार चालक शगुन को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, कार चालक नाबालिग है और उसके पास ड्राइविंग लायसैंस भी नहीं है।

मुरादाबाद, 07 फरवरी । उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक रईसजादे की तेज़ रफ़्तार अनियंत्रित कार ने शुक्रवार को पांच छात्राओं को कुचल दिया। घायल छात्राओं को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक (अपराध)ने आज बताया कि सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामगंगा विहार इलाके में आज लगभग 12 बजे नीले रंग की एक अनियंत्रित बलेनो कार रास्ते में जा रही स्कूली छात्राओं के ऊपर जा चढ़ ी। कार की चपेट में आने से छात्राओं में चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद भीड़ ने जैसे-तैसे कार चला रहे शगुन (19)को पकड़ लिया और घटना की सूचना थाना सिविल लाइंस पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर घायल छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया तथा कार चालक शगुन को हिरासत में लेकर, यूपी 27 ए एस 2525 नंबर की कार को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बताया है कि आरोपी कार चालक नाबालिग है और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है।

सभी घायल छात्राएं शिर्डी साईं स्कूल में 12 वीं क्लास में पढ़ ती हैं। हादसे के दौरान  छात्राएं स्कूल से घर वापस जा रही थीं। थाना पुलिस चालक से पूछताछ कर रही है।

## शारीरिक शिक्षकों को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दिसंबर को उन्हें आवेदन पत्र में गलत जानकारी व मिसमैच होने के आधार पर नोटिस जारी कर पूछा कि क्यों न उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया जाए, जबकि उन्होंने मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से बीपीएड किया था।

वहीं, राज्य सरकार व चयन बोर्ड ने दो से तीन बार जांच के बाद ही उन्हें नियुक्ति दी है। इसके अलावा, सरकारी कर्मचारियें पर सीसीए नियमों के तहत कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए उन्हें सेवा में बनाए रखा जाए। वहीं, विभाग की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ताओं के आवेदन पत्र और मूल दस्तावेजों में अंतर मिला है।

ऐसे में उन्हें सेवा से हटाने का नोटिस दिया गया है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने माना कि कोई भी कार्रवाई करने से पहले दस्तावेजों की जांच व याचिकाकर्ताओं को व्यक्तिगत सुनवाई का मौका दिया जाना चाहिए।

## हाई कोर्ट ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने मुनेश गुर्जर को सर्वप्रथम 5 अगस्त, 2023 को निलंबित किया था। इस निलंबन पर(हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी।

इसके बाद राज्य सरकार ने निलंबन आदेश वापस ले लिया था। इसके बाद सरकार ने जांच के बाद सितंबर माह में मुनेश को फिर से निलंबित कर दिया था। इस आदेश को हाईकोर्ट ने दिसंबर, 2023 में रद्द कर दिया था।

## प.बंगाल पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से चार मरे

कोलकाता, 07 फरवरी। पश्चिम बंगाल में नादिया जिले के कल्याणी इलाके में शुक्रवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से तीन महिलाओं सहितद्ध कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य महिला गंभीर रूप से झुलस गई। ? आधिकारिक सूत्रों ने बताया

■ कल्याणी नगर पालिका के घनी आबादी क्षेत्र में स्थित यह फैक्ट्री अवैध बताई जा रही है। विस्फोट में फैक्ट्री जल कर राख हो गई।

गंभीर रूप से घायल महिला को कल्याणी के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अवैध बताई जा रही यह पटाखा फैक्ट्री आज दोपहर को जलकर राख हो गई।

सूत्रों ने बताया कि सभी पीड़ित संभवतः इस पटाखा फैक्ट्री के कर्मचारी थे। यह फैक्ट्री कल्याणी नगरपालिका वार्ड नंबर 20 के अंतर्गत घनी आबादी वाले रथतला क्षेत्र में स्थित थी। राणाघाट पुलिस स्टेशन से एक कानून प्रवर्तन एजेंसी जांच के लिए यहां पहुंची।

अग्निशमन विभाग के सूत्रों ने बताया कि विस्फोट दोपहर करीब 2:30 बजे हुआ। विस्फोट से आग की लपटें उठने लगीं, जिन्हें एक घंटे के भीतर काबू कर लिया गया। सूत्रों ने बताया कि विस्फोट वाले क्षेत्र में किसी के जीवित बचे होने के बारे में उन्हें निश्चित रूप से पता नहीं है।

# अलास्का के पहाड़ी इलाकों से विमान लापता

## बेरिंग एयर के सैस्ना 208बी विमान में नौ यात्री व एक पायलट सवार थे

■ विमान के आखरी सम्पर्क स्थल के 50 किलोमीटर दायरे में सक्रिय रूप से खोज अभियान चलाया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर मदद के लिये एक और दल भेजने की बात कही जा रही है।

सैन फ्रांसिस्को, 07 फरवरी। अमेरिका के अलास्का प्रान्त के प्रमुख शहर नोम के पास 10 लोगों को ले जा रहा एक विमान लापता हो गया है। विमान का पता लगाने के लिए गहन अभियान चलाया गया है। अलास्का पहाड़ी इलाका है और यहां का मौसम हमेशा से ही चुनौतीपूर्ण रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अलास्का स्टेट ट्रूपर्स ने बताया कि विमान में गुरुवार दोपहर नौ यात्री और एक पायलट सवार थे। उन्होंने बताया कि अलास्का रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर ने उनसे लापता विमान के संबंध में शाम चार बजे संपर्क किया था। नोम वालंटियर फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, बेरिंग एयर के स्वामित्व वाला सेसना 208बी ग्रैंड कारवां विमान ने अनलाकलीट से नोम के लिए उड़ान भरी थी।

फ़्लाइट रडार के अनुसार, विमान से आखिरी बार संपर्क नॉर्टन साउंड पर अपराह्न 3:16 बजे हुआ था। व्हाइट माउंटेन के अग्निशमन प्रमुख जैक एडम्स ने कहा कि विमान नोम से टॉपकोक के तट पर रडार से गायब हो गया।

एडम्स के अनुसार, बचावकर्मी उस क्षेत्र में लगभग 30-मील (50-किलोमीटर) क्षेत्र में सक्रिय रूप से खोज अभियान चला रहे थे। उन्होंने कहा, ''अगर उन्हें कुछ नहीं मिलता है, तो हम दूसरे दल को वहां मदद के लिए भेजेंगे। तटरक्षक बल क्षेत्र का निरीक्षण कर रहा है और स्थान का पता लगाने के प्रयास में सी-130 ग्रिड पैटर्न में उड़ान भरेगा।

## 'संसद की कार्यवाही 120 दिन चले'

नयी दिल्ली, 07 फरवरी। संसद की कार्यवाही एक साल में 120 दिन करने की मांग वाला निजी विधेयक आज राज्यसभा में पेश किया गया। गैर सरकारी सदस्यों के विधायी कार्य के दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज झा और तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्राईन ने इसको लेकर अलग अलग निजी विधेयक पेश किये। झा ने जहां संसद की कार्यवाही एक वर्ष में 120 दिन चलाने की मांग वाला विधेयक पेश किया, वहीं ओ ब्राईन ने 100 दिन किये जाने की मांग वाला विधेयक सदन में रखा।

झा ने संसद ( उत्पादकता वृद्धि) विधेयक 2024 पेश करते हुये कहा कि संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही 120 चलायी जानी चाहिए।

## कड़ी सुरक्षा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं।

शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए श्रीवास्तव ने बताया कि केवल अधिकृत कर्मचारियों को मतगणना केन्द्रों के अंदर जाने की अनुमति होगी तथा परिसर के अंदर सैलफोन के इस्तेमाल पर सख्त पाबंदी होगी।

किसी भी तरह के खतरे की संभावना के मद्देनज़र दिल्ली पुलिस ने पहले ही सभी मतगणना केन्द्रों पर ''एन्टी सैबोटाज'' चैक कर लिए हैं। इसके साथ ही मतगणना के दौरान शहर में वाहनों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए, ट्रैफिक मैनेजमैंट प्लान बनाए गए हैं।

राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, ( राज. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908